खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 14°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 25 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 66 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2083 5 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अब देश का पसंदीदा निवेश स्थल बना यूपी: योगी पेज 2



शांत रहने से आपको साफ नजरिया मिलता है: गिल खेल टाइम्स



शिक्षा का बजट घटाया, तो पीढ़ियां माफ नहीं करेंगी सम्पादकीय



तेल अवीव पर ईरानी मिसाइलों की बारिश पेज 12

# देश में पहली बार इच्छामृत्यु: एम्स में हरीश राणा की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** गाजियाबाद के हरीश राणा का मंगलवार को दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। हरीश राणा ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें सुप्रीम कोर्ट से इच्छामृत्यु की अनुमति मिली थी। 13 साल से अधिक समय तक कोमा में रहने के बाद दिल्ली के एम्स में हरीश राणा का निधन हो गया।

हरीश राणा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल (आईआरसीएच) में भर्ती थे। उन्हें उपशामक देखभाल वार्ड में रखा गया था। वे पिछले एक सप्ताह से बिना खाना और पानी के जीवित थे। यह प्रक्रिया छह दिनों से चल रही थी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद एम्स ने डाक्टरों की एक कमेटी गठित की और उसे 14 मार्च को एम्स में भर्ती कराया गया था। बता दें कि, डाक्टर के अनुसार हरीश राणा के शरीर से पोषण देने वाली ट्यूब निकाली नहीं गई थी, बल्कि उस पर कैप लगा दिया गया था। इसी तरह पानी देने वाली ट्यूब को भी कैप लगाकर बंद कर दिया गया था। इस तरह से हरीश राणा को इच्छामृत्यु देने की प्रक्रिया आगे बढ़नी शुरू हुई थी। वहीं इससे पहले हरीश राणा के माता-पिता की ओर से उनके अंगदान का निर्णय लेने के बाद डाक्टरों ने उनकी जांच की। हरीश राणा की मृत्यु के बाद उनके अंगों से दूसरे लोगों को भी जीवन मिल सकेगा। बता दें कि हरीश राणा पिछले 13 साल से बिस्तर पर पड़े होकर जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे थे। साथ ही पूरी प्रक्रिया के बारे में निर्देश दिए थे। एम्स के डाक्टर पूरी प्रक्रिया को दर्द रहित और सामान्य बनाने पर काम कर रहे थे। इच्छामृत्यु की दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू होने के बाद हरीश राणा से मिलने की अनुमति बंद कर दी गई थी।



- 13 साल से कोमा में थे हरीश
- वे पिछले एक सप्ताह से बिना खाना और पानी के सांसें ले रहे थे

# हिंसा और प्रलोभन मुक्त चुनाव के लिए ईसीआई का मास्टर प्लान

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को 'अंतर-राज्यीय सीमा बैठक' आयोजित की। इसका उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनावों और विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में होने वाले उपचुनावों से पहले, समन्वय बढ़ाना, अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना और फेयर चुनाव सुनिश्चित करना है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्तों डा. एसएस संधू और डा. विवेक जोशी के साथ 5 चुनावी राज्यों और उनके 12 पड़ोसी राज्यों के मुख्य सचिवों, मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ), पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) के साथ-साथ प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की।

- सीमाओं को सील करने और सघन जांच के आदेश

## संक्षिप्त समाचार

### यूको बैंक के दो अधिकारियों सहित चार को पांच साल की सजा

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद की एक विशेष केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) अदालत ने बैंक धोखाधड़ी के दो अलग-अलग मामलों में यूको बैंक के अधिकारियों सहित चार व्यक्तियों को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा के साथ ही उन पर कुल 1.33 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने पहले मामले में गांधीनगर के चिलोडा शाखा के यूको बैंक के तत्कालीन वरिष्ठ प्रबंधक मेदम भगवती प्रसाद और तत्कालीन सहायक प्रबंधक भास्कर रमेशचंद्र सोनी के साथ साबरकांठा के हेवन फाइव एंटरप्राइज के प्रोपराइटर जयेंद्र सिंह दह्याजी मकवाना को बैंक धोखाधड़ी के मामले में पांच साल के सश्रम कारावास और कुल 1.33 करोड़ रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

### आई एंड पैक रेड मामले में सुप्रीम कोर्ट का दखल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में आई-पैक के ऑफिस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रेड के मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने मंगलवार को ममता बनर्जी की बंगाल सरकार से पूछा कि अगर केंद्र में आपकी सरकार होती और कोई राज्य ऐसी कार्रवाई करता, तो आपका रुख क्या होता। जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने पूछा कि क्या ड्यूटी पर मौजूद ईडी अधिकारी अपने अधिकार खो देते हैं। कोर्ट ने बताया कि ईडी के कुछ अधिकारियों ने निजी तौर पर भी याचिका दायर की है। राज्य की ओर से सीनीयर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने कहा कि ईडी के पास अन्य कानूनी विकल्प हैं, इसलिए वह आर्टिकल 32 के तहत याचिका नहीं दे सकती।

### रेलवे ने टिकट कैंसिल करने के बदले नियम

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत दी हैं। रेलवे ने टिकट कैंसिलेशन और बोर्डिंग प्वाइंट बदलने के नियमों में बदलाव किया है। रेलवे के नए नियमों के मुताबिक, अगर कोई यात्री अपनी कन्फर्म टिकट को यात्रा से 72 घंटे पहले कैंसिल करता है, तो उसे लगभग पूरा पैसा वापस मिल जाएगा। इस दौरान केवल एक तय फ्लैट कैंसिलेशन चार्ज ही काटा जाएगा। जबकि बाकी राशि रिफंड कर दी जाएगी। इससे समय पर टिकट कैंसिल करने वालों को राहत मिलेगी। अगर टिकट 72 घंटे से लेकर 24 घंटे के बीच कैंसिल की जाती है, तो रेलवे किराए का 25 प्रतिशत हिस्सा काटेगा और बाकी पैसा लौटाएगा।

### एक साल में निपटाएं आतंकवाद विरोधी केस: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** आतंकवाद विरोधी मामलों में सख्ती दिखाते हुए सप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा निर्देश दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र समेत 17 राज्यों से कहा कि वे विशेष एनआईए अदालतों के माध्यम से यूएपीए यानी आतंकवाद विरोधी मामलों के मुकदमों को एक साल के अंदर निपटाने का प्रयास करें।

# ईसाई या इस्लाम अपनाने पर खत्म होगा एससी का दर्जा: सुप्रीम कोर्ट

## केवल हिंदू, बौद्ध व सिख को ही अनुसूचित जाति का मिलेगा दर्जा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि केवल हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म से जुड़े लोग ही अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त कर सकते हैं। अगर कोई ईसाई या किसी और धर्म में धर्मांतरण करता है, तो वह अनुसूचित जाति का दर्जा खो देगा।

जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ईसाई धर्म अपनाने वाला दलित व्यक्ति अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मिलने वाले किसी भी संरक्षण का दावा नहीं कर सकता है। यह फैसला आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के मई 2025 के फैसले के खिलाफ लगाई गई चिंथाडा की याचिका पर सुनाया गया। धर्म परिवर्तन के बाद पादरी बने चिंथाडा आनंद ने याचिका लगाई थी कि उन्हें अक्काला रामिरेड्डी समेत कुछ लोगों से जातिगत भेदभाव और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। 1985 के सूसाई बनाम भारत सरकार से जुड़े एक केस में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि यदि कोई व्यक्ति ईसाई धर्म अपनाने के बाद दोबारा हिंदू धर्म में लौटता है, तो उसे एससी दर्जा प्राप्त करने के लिए विश्वसनीय प्रमाण और समुदाय की स्वीकृति की जरूरत होगी। केवल लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से धर्म परिवर्तन करने को सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के साथ धोखा करार दिया। यह मामला विशाखापट्टनम जिले के अनाकापल्ली का है, जहां मूल रूप से एससी (माला समुदाय) के चिंथाडा ने ईसाई धर्म अपना लिया और पादरी बन गया।

- दोबारा हिंदू धर्म में लौटने पर एससी का दर्जा प्राप्त करने को विश्वसनीय प्रमाण और समुदाय की स्वीकृति की जरूरत होगी



### महिला अफसर सेना में स्थायी कमीशन की हकदार: शीर्ष अदालत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) की महिला अफसरों को पूरी पेंशन देने का आदेश दिया। जिन मामलों में महिला अफसर परमानेंट कमीशन (पीसी) नहीं मिलने के कारण पहले ही सेवा छोड़ चुकी थीं, उन्हें एकमुश्त राहत देते हुए 20 साल की सेवा पूरी मानकर पेंशन और अन्य लाभ देने का फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि सशस्त्र बलों के भीतर मौजूद सिस्टमिक भेदभाद के कारण महिला अफसरों को परमानेंट कमीशन से वंचित किया गया। महिलाओं को परमानेंट कमीशन न देना उनकी योग्यता की कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था में मौजूद भेदभाव का नतीजा था। पूरा मामला एसएससी के तहत नियुक्त महिला अफसरों की याचिकाओं से जुड़ा था, जिन्होंने पीसी देने की मांग की थी। एसएससी के तहत नियुक्त अफसर का कार्यकाल 10 साल का होता है, जिसे 4 साल तक बढ़ाया जा सकता है।

# ईरान से जंग जारी रही, तो गंभीर नतीजे होंगे: पीएम मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया के हालात पर राज्यसभा में कहा कि अमेरिका-इजरायल की ईरान से जंग जारी रही, तो इसके दुष्परिणाम होंगे। आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेने वाला है। इसमें राज्यों का सहयोग जरूरी है। टीम इंडिया की तरह काम करना होगा। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में हमारे जहाज और भारतीय क्रू फंसे हुए हैं।

ये चिंताजनक है। हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। गैस-तेल, फर्टिलाइजर्स जैसे जरूरी सामान की सप्लाई पर असर पड़ा है। एक दिन पहले पीएम ने लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच दी थी। उन्होंने कहा था कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे संकट के समय में गरीबों पर, श्रमिकों पर बुरा असर पड़ता है। उन्हें पीएम गरीब अन्न कल्याण योजना का लाभ मिलता रहे। राज्य सरकार इसके लिए विशेष व्यवस्था करे। ऐसे समय में कालाबाजारी करने वाले, जमाखोरी करने वाले एक्टिव होते हैं। जहां से शिकायतें आती हैं, वहां कार्रवाई कीजिए। संकट कितना भी बड़ा है, भारत की तेज ग्रोथ बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी है।



- आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेगा
- हमें टीम इंडिया की तरह काम करना होगा

### पश्चिम एशिया संकट के बीच प्रधानमंत्री ने ट्रम्प से की बात, होर्मुज पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत और अमेरिका के बीच उच्च स्तर पर अहम बातचीत हुई है। पीएम मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प से फोन पर बात कर क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। खास तौर पर होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखने की जरूरत पर दोनों नेताओं ने गंभीरता से विचार किया, क्योंकि यह वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है। अमेरिकी राजदूत की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच हुई बातचीत में पश्चिम एशिया के हालात और समुद्री सुरक्षा पर फोकस रहा। दोनों नेताओं ने माना कि होर्मुज स्ट्रेट का खुला रहना जरूरी है ताकि वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति बाधित न हो। यह बातचीत ऐसे समय हुई है जब इजरायल-ईरान तनाव के कारण क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ रही है।

# लोकसभा में ट्रांसजेंडर बिल पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने ट्रांसजेंडर लोगों के अधिकार और सुरक्षा से जुड़े कानून में संशोधन करने वाला बिल पास कर दिया है। इस बिल के जरिये ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए सुरक्षा और उनके अधिकारों को और मजबूत बनाने का प्रयास किया गया है।

अब इस कानून के तहत उनकी पहचान, सामाजिक और आर्थिक अधिकारों की बेहतर रक्षा होगी। कांग्रेस और कुछ अन्य दलों ने बिल को लेकर चर्चा की, लेकिन अंत में यह पारित हो गया। सरकार का कहना है कि यह कदम ट्रांसजेंडर लोगों को समाज में समान अवसर और सम्मान देने की दिशा में महत्वपूर्ण है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में सरकार की नीतियों और ट्रांसजेंडर बिल को लेकर अपनी राय रखी।भारत पहले खुद को विश्व नेता और शांति स्थापित करने वाला देश बताता था, लेकिन आज के हालात चाहे रूस-यूक्रेन जंग हों या अन्य वैश्विक मुद्दे, को देखते हुए हमें इस पर गंभीरता से सोचने की जरूरत है।

- अधिकारों की रक्षा होगी और सुरक्षा कानून में होगा संशोधन

# लैंड फॉर जॉब केस: लालू यादव को झटका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लैंड फॉर जॉब से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को दिल्ली हाई कोर्ट से झटका लगा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने लालू प्रसाद यादव की उस मांग को खारिज कर दिया है, जिसमें लालू प्रसाद यादव ने दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग की गई थी।

जस्टिस रविंदर डुडेजा ने कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है। दाखिल याचिका में कहा गया था कि सीबीआई ने यह केस बिना जरूरी सेंशन के दर्ज किया गया, जो कानूनी रूप से अवैध है। मामले की सुनवाई के दौरान लालू प्रसाद यादव की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि सीबीआई ने 18 मई 2022 को एफआईआर दर्ज की, जबकि उस समय लालू प्रसाद यादव रेल मंत्री के रूप में अपने आधिकारिक कर्तव्यों का पालन कर रहे थे। यादव का मामला यह था कि सीबीआई एफआईआर दर्ज करने से पहले उनके खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट (पीसी एक्ट) की धारा 17-ए के तहत जरूरी प्रासिक्यूशन मंजूरी लेने में नाकाम रही थी।



- दिल्ली हाईकोर्ट ने एफआईआर रद्द करने से किया इन्कार

# कश्मीरी अलगाववादी नेता आसिया अंद्राबी को उम्रकैद

**श्रीनगर।** कश्मीर की अलगाववादी नेता आसिया अंद्राबी को दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा जांच किए गए आतंकी वित्तपोषण और साजिश के मामले में सजा सुनाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की कई धाराओं के तहत अंद्राबी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने उन पर कई लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। यूएपीए की धारा 18 के तहत अंद्राबी को आजीवन कारावास और 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। जुर्माना न भरने की स्थिति में उन्हें एक साल की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। आईपीसी की धारा 120बी के तहत आपराधिक साजिश के लिए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। उन्हें यूएपीए की धारा 38 और 39 के तहत जुर्माने के साथ-साथ 10-10 साल की साधारण कैद की सजा भी सुनाई गई। अदालत ने उन्हें आईपीसी की धारा 153ए और 505 के तहत जुर्माने और अतिरिक्त सजा के साथ-साथ पांच-पांच साल की सजा भी सुनाई। आईपीसी की धारा 121ए के तहत, उसे आजीवन कारावास और जुर्माना लगाया गया और जुर्माना न भरने पर अतिरिक्त अवधि की सजा सुनाई गई। सह-आरोपी सोफी फहमीदा और नाहिदा नसरीन को अमानवीय दंड संहिता (यूएपीए) की धारा 18 के तहत 30 वर्ष के साधारण कारावास और 5 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई। उन्हें आईपीसी की धारा 120बी के तहत भी 30 वर्ष की सजा दी गई। दोनों को यूएपीए की धारा 38 और 39 के तहत जुर्माने के साथ 10-10 वर्ष की सजा सुनाई गई। उन्हें आईपीसी की धारा 153ए, 153बी और 505 के तहत चार-चार वर्ष की सजा भी सुनाई गई।



- सोफी फहमीदा और नाहिदा नसरीन को 30 साल की जेल

# गैस लेकर दो भारतीय जहाज 26 व 27 मार्च को पहुंचेंगे भारत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के अलग-अलग मंत्रालयों ने मंगलवार को दिल्ली में ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में तेल और गैस संकट पर मौजूदा हालात की जानकारी दी। शिपिंग मंत्रालय के स्पेशल सेक्रेटरी राजेश सिन्हा ने कहा कि दो भारतीय एलपीजी जहाज- पाइन गैस और जग वसंत होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर बढ़ रहे हैं।

राजेश सिन्हा ने बताया कि पाइन गैस करीब 45,000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर 27 मार्च को न्यू मैंगलोर पोर्ट पहुंचेगा, जबकि जग वसंत लगभग 47,600 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर 26 मार्च को कांडला पहुंचने वाला है। इन जहाजों के निकलने के बाद अब फारस की खाड़ी में 20 भारतीय जहाज हैं, जिन पर 540 भारतीय नाविक सवार हैं। वहीं पेट्रोलियम मंत्रालय की ज्वाइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा ने कहा कि जंग के कारण एलपीजी की सप्लाई प्रभावित जरूर हुई है, लेकिन किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर पर गैस खत्म होने की स्थिति नहीं है। उन्होंने बताया कि हाल ही में कुछ पैनिक बुकिंग देखी गई, लेकिन डिलीवरी सामान्य रही। सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और पेट्रोल-डीजल की सप्लाई भी पर्याप्त है। सभी घरेलू उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर मिल रहे हैं और पीएनजी की सप्लाई भी 100 फीसदी बनी हुई है। पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। सरकार ने लोगों को अफवाहों पर ध्यान न देने और पैनिक बुकिंग से बचने की सलाह दी। सरकार ने बताया कि जहां भी पीएनजी पाइपलाइन मौजूद हैं, वहां सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) कंपनियों को 5 दिनों के भीतर स्कूलों, कॉलेजों, हॉस्टलों, कम्युनिटी किचन और आंगनवाड़ी किचन में कनेक्शन देने का निर्देश दिया गया है।




- दोनों भारतीय एलपीजी जहाज- पाइन गैस और जग वसंत होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके: केंद्र सरकार

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश में 26 से फिर बदलेगा मौसम बूंदाबांदी के आसार

**लखनऊ।** पिछले सप्ताह आंधी, ओलावृष्टि और बारिश से फसलों को प्रभावित करने के बाद मौसम का मिजाज 26 मार्च से एक बार फिर तल्ख होने के आसार है। मौसम विभाग ने 26 मार्च को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान जताया है, जबकि पूर्वी भाग में मौसम सामान्यत: शुष्क रहेगा। हालांकि 27 मार्च को दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं वर्षा और गरज-चमक की संभावना है। 28 मार्च को पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहने के आसार है, वहीं 29 मार्च को: पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर वर्षा या बौछारें पड़ने का अनुमान है, जबकि पूर्वी हिस्से में मौसम शुष्क रहेगा। 30 मार्च को पश्चिमी और पूर्वी दोनों क्षेत्रों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। विभाग के अनुसार 27 मार्च को प्रदेश के कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ बिजली गिरने की संभावना है।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र का निधन

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व एमएलसी महेंद्र यादव का सोमवार देर रात गोरखपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे लगभग 75 वर्ष के थे और कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। महेंद्र यादव का राजनीतिक जीवन लंबा और सक्रिय रहा। उन्होंने देवरिया में भाजपा के जिलाध्यक्ष के रूप में वर्ष 2011 से 2017 तक संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा वे सदर ब्लॉक प्रमुख के पद पर भी लंबे समय तक रहे और बाद में एमएलसी के रूप में कार्य किया। उनके निधन की खबर मिलते ही जिले सहित राजनी. तिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई।

# गैस की किल्लत व महंगाई से ठप हुए छोटे कारोबार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रसोई गैस की गहराते संकट और बढ़ती कीमतों ने छोटे कारोबारियों और प्रवासी मजदूरों की कमर तोड़ दी है। हालात ऐसे हो गए हैं कि पूर्वांचल के जिलों से आए कई मजदूर और ठेला-खोमचा संच. ालक अपने व्यवसाय बंद कर गांव लौटने को मजबूर हैं।

आजमगढ़, बस्ती, देवरिया, मऊ, बलिया, जौनपुर और कुशीनगर जैसे जिलों से आए लोगों का कहना है कि गैस की अनियमित आपूर्ति और ब्लैक में दोगुने दाम पर सिलेंडर मिलने से रोजी-रोटी चलाना मुश्किल हो गया है। हजरतगंज में बन-मक्खन चाय की दुकान चलाने वाले राकेश मौर्य बताते हैं कि कमाई घट रही है और गैस पर खर्च बढ़ता जा रहा है। इंदि.




**■ मजदूर हो रहे पलायन को मजबूर**

रानगर में फास्ट फूड का ठेला लगाने वाले बस्ती निवासी अरविंद मिश्रा कहते हैं कि 10 दिन से सिलेंडर नहीं मिला, जिससे काम पूरी तरह बंद हो गया है। रोजाना 500 रुपये तक कमाने वाले अरविंद अब किराया तक नहीं चुका पा रहे हैं और गांव लौटने का फैसला कर चुके हैं। निशातगंज में चाट बेचने वाले देवरिया निवासी राहुल वर्मा का कहना है कि गैस ब्लैक में बहुत महंगी मिल रही है। मजबूरी में उन्होंने इंडक्शन चूल्हा खरीदा, लेकिन उससे काम की रफ्तार धीमी हो गई है और ग्राहक इंतजार नहीं करते। गोमतीनगर में बलिया के मनोज सिंह ने बताया कि गैस दोगुने दाम पर मिल रही है, ऐसे में दुकान चलाना असंभव हो गया है। चौक क्षेत्र में कबाब-पराठा बेचने वाले कुशीनगर के मोहम्मद आरिफ के अनुसार गैस खत्म होने पर उन्होंने लकड़ी से खाना बनाने की कोशिश की, लेकिन मकान मालिक ने इसकी अनुमति नहीं दी, जिससे उनकी आमदनी पूरी तरह प्रभावित हो गई। संकट का असर केवल ठेला-खोमचा चलाने वालों तक सीमित नहीं है। ट्रांसपोर्ट नगर, टॉकटोरा इंडस्ट्रियल एरिया और चिनहट जैसे इलाकों में दिहाड़ी मजदूर भी भारी संकट में हैं। कई मजदूर बैग और बिस्तर के साथ शहर छोड़ते नजर आ रहे हैं।

### गैस के कारण जीवन यापन मुश्किल हो गया

सरोजिनी नगर और अमौसी की छोटी इकाइयों में काम करने वाले मजदूरों का कहना है कि काम होने के बावजूद महंगी गैस के कारण जीवन यापन मुश्किल हो गया है। चिनहट में पैकेजिंग यूनिट में काम करने वाले उन्नाव के मनोज कुमार कहते हैं कि गैस उपलब्ध भी हो, तो इतनी महंगी है कि खरीद पाना संभव नहीं। एक होटल में काम कर रहे बहराइच के शंकर सोनी एक हफ्ते से सिलेंडर भरवाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन डीलर स्टॉक न होने की बात कह रहे हैं। बर्लिंगटन स्थित 'गुप्ता चाट कॉर्नर' के संचालकों ने बताया कि उनका सिलेंडर खत्म होने वाला है और दुकान बंद होने की कगार पर है। वहीं हुसैनगंज में बाटी-चोखा बेचने वाले एक परिवार ने दुकान बंद कर गांव लौटने का फैसला कर लिया है। लखनऊ में एलपीजी संकट ने छोटे व्यापारियों और मजदूरों के सामने गंभीर आजीविका संकट खड़ा कर दिया है।

# यूपी में लोकसभा सीटें बढ़ने का बैठक में उठाएंगे मुद्दाः अखिलेश यादव



**लखनऊ।** मोदी सरकार इस सत्र में महिला आरक्षण कानून में संशोधन विधेयक ला सकती है और इसे लेकर राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा तेज है। अगर केंद्र सरकार इस बिल को लाती है, तो उत्तर प्रदेश में भी लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ जाएगी। वहीं इसे लेकर अब समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का भी बयान सामने आ गया है।

सपा चीफ अखिलेश यादव से पूछा गया कि सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। इस पर अखिलेश यादव ने कहा कि हमार नेता इस बैठक में महिला आरक्षण बिल को लेकर भी बात करेंगे, जो हमारा पहले स्टैंड था वही रहेगा कि पार्टी वाइज रिजर्वेशन हो और पार्टी को रिजर्वेशन का अधिकार दो हम उसके पक्ष में हैं। वहीं मिडिल ईस्ट जंग पर अखिलेश यादव ने कहा कि वार से सभी को नुकसान हो रहा है, भारत के पास एक मौका था भारत ने मौके को गंवा दिया है। उन्होंने कहा कि एक बार बिना प्रोटोकॉल पीएम पाकिस्तान गए थे आज फिर वो समय आ गया है। समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन ने भी इस पहल का स्वागत किया, लेकिन कहा कि आरक्षण कैसे लागू किया जाएगा, इस पर स्पष्टता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हमारे देश में महिलाओं के लिए आरक्षण हो, लेकिन इसे कैसे लागू किया जाएगा, आरक्षण के मानदंड क्या होंगे, यह सब देखने की जरूरत है।

### 2029 लोस चुनाव से पहले बदल जाएगा यूपी का सियासी नक्शा!

**सिर्फ 80 सीटों पर नहीं होंगे चुनाव, बढ़ेंगे 40 सांसद?**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश का सियासी नक्शा 2029 के लोकसभा चुनाव के पहले बदल सकता है। महिला आरक्षण कानून लागू होने के बाद परिसीमन के आसार जताए जा रहे हैं, तो अब यूपी में कितनी लोकसभा सीटें होने के अनुसमान है? लोकसभा चुनाव 2029 से पहले देश में निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या बढ़ सकती है। केंद्र सरकार आगामी 2029 के लोकसभा चुनाव से महिला आरक्षण कानून यानी नारी वंदन अधिनियम लागू करने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के अनुसार इस प्रक्रिया के तहत लोकसभा की कुल सीटों को मौजूदा 543 से बढ़ाकर लगभग 816 करने की योजना पर भी काम चल रहा है।

# कौन सा कानून है, जो गंगा में खाना खाने को मना करता हैः ओवैसी

नई दिल्ली, वार्ता

एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने गंगा में इफ्तार पार्टी करने वाले युवकों का मसला उठाया। इस दौरान ओवैसी ने कहा कि ऐसा कौन सा कानून है, जो गंगा नदी में लोगों को खाना खाने से मना करता है, ऐसा कोई भी कानून नहीं है, बनारस वाले मामले में लोगों को जबरन फंसाया गया है, इस मुद्दे को भी लोगों ने राजनीतिक मुद्दा बना दिया है, जबकि एक भी ऐसा वीडियो नहीं है, जिसमें दिख रहा हो कि वहां उन लड़कों ने मांस खाया है।

उन्होंने कहा कि साफ तौर पर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। गंगा में नाले के पानी गिरते हैं, क्या वो सही है। गंगा मां हैं, तो उनका ध्यान क्यों नहीं रखा जाता है। साफ क्यों नहीं है। उन्होंने कहा कि यही वह देश है। जहां मुसलमानों को ईद मनाने के लिए



**■ देश मनमानी से नहीं, संविधान से चलेगा**

हाईकोर्ट जाना पड़ता है। दूसरी तरफ उन्हें खून की होली खेलने की धमकी दी जाती है। भाईजान का हिंदुस्तान' सत्र में असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि ओवैसी ने कहा कि देश मनमानी से नहीं, संविधान से चलेगा। सरकार राष्ट्रीयता को हिंदुत्व से जोड़ रही है। भारत में मुसलमान कोई चांद से नहीं आया। इसी जमीन के हैं, यहीं पैदा हुए है। मुसलमान देशभक्त हैं और भारत सबका है। असदुद्दीन ओवैसी ने आगे कहा कि आज भारत क्या करेगा इसका फैसला ट्रंप ले रहे हैं।

## यूपी लोक भवन सभागार में निवेश मित्र 3.0 शुरू, 2017 से पहले कोई नहीं करता था निवेश

# अब देश का पसंदीदा निवेश स्थल बना यूपी

लखनऊ, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 में कोई भी निवेशक जब उत्तर प्रदेश आता था, तो यूपी में निवेश के नाम पर वह चुप हो जाता था। हमने संकल्प लिया और आज उत्तर प्रदेश भारत में निवेश का हब बन गया है। अब ये निवेश का केंद्र है और हम लगातार तरक्की कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में मंगलवार को लोक भवन सभागार में निवेश मित्र 3.0 का शुभारंभ किया गया। यह उन्नत एआई-आधारित सिंगल विंडो पोर्टल निवेशकों को 40 से अधिक विभागों की 200 से ज्यादा सेवाएं एक क्लिक पर उपलब्ध कराएगा, जिससे उद्योग स्थापना की प्रक्रिया और अधिक सरल, पारदर्शी तथा तेज हो जाएगी।



**■ 85 निवेशकों को लेटर ऑफ कम्फर्ट, एलिजिबिलिटी प्रमाण पत्र, सब्सिडी और भूमि आवंटन पत्र सौंपे**

कार्यक्रम में सीएम योगी ने सब्सिडी राशि का हस्तांतरण किया। उत्तर प्रदेश को देश के अंदर निवेश का बेहतरीन डेस्टिनेशन बनाने का सपना हमने 9 वर्ष पहले देखा था। आप सबकी उपस्थिति उस सपने को जमीनी हकीकत में बदल रही है। सीएम ने कहा कि डबल इंजन सरकार पर जनता का विश्वास है और हमारी टीम यूपी ने उस विश्वास पर खरा उतरने के लिए निरंतर परिश्रम किया है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि पिछली सरकारों ने उत्तर प्रदेश वासियों और युवाओं के सपनों को तोड़ा था, लेकिन अब प्रदेश पूरे देश में उद्यमियों के लिए सबसे पसंदीदा निवेश स्थल बन चुका है। यह विश्वास हमारी सबसे बड़ी पूंजी है मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि डबल इंजन सरकार पर हुआ विश्वास हमारी टीम ने परिश्रम से सार्थक किया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश को भारत का फूड बास्केट बताते हुए कहा कि बीच के कालखंड में किसान पलायन करने और आत्महत्या करने को मजबूर थे। स्थितियां बहुत खराब थीं, लेकिन पिछले 9 वर्षों में हमने कृषि क्षेत्र को मजबूत किया। भारत की कुल कृषि योग्य भूमि का 11 प्रतिशत उत्तर प्रदेश के पास है, लेकिन खाद्यान्न उत्पादन में हम 21 प्रतिशत का योगदान कर रहे हैं।

### यूपी को माफिया मुक्त प्रदेश बनाने पर जोर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश ने बीते कुछ वर्षों में एयर कनेक्टिविटी, निवेश और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब प्रदेश में 'ढाई एयरपोर्ट' ही संचालित माने जाते थे, जबकि आज उत्तर प्रदेश देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे एविएशन हब के रूप में उभर रहा है। लोकभवन में आयोजित निवेश मित्र सम्मेलन में उन्होने बताया कि पहले केवल लखनऊ और वाराणसी के एयरपोर्ट पूरी तरह सक्रिय थे, जबकि गोरखपुर और आगरा में सीमित और अनियमित उड़ानें संचालित होती थीं। लेकिन वर्तमान में प्रदेश में 16 घरेलू और 4 अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही जेवर में बन रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जल्द ही देश का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बनने जा रहा है, जिसका उद्घाटन 28 मार्च को प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तावित है।

# मिशन 2027 के लिए योगी कैबिनेट में फेरबदल की तैयारी

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को ध्यान में रखते हुए योगी आदित्यनाथ सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि इस विस्तार में प्रतिनिधित्व से वंचित जिलों के विधायकों को मौका दिया जाएगा, साथ ही कई नए चेहरे पहली बार मंत्री बन सकते हैं।

सूत्रों के मुताबिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश इस बार मंत्रिमंडल विस्तार के केंद्र में रहेगा। भाजपा संगठन और सरकार की रणनीति उन जिलों को प्रतिनिधित्व देने की है, जहां अभी तक कोई मंत्री नहीं है। भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में कैबिनेट में छह पद खाली हैं। बिजनौर, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर, अमरो. हा, हापुड़, शामली और मुरादाबाद जैसे जिलों से कोई मंत्री नहीं हैं। वहीं मेरठ और गाजियाबाद जैसे

**■ प.उप्र इस बार मंत्रिमंडल विस्तार के केंद्र में रहेगा**

जिलों से पहले से दो-दो मंत्री हैं। उन्होंने बताया कि मिशन 2027 को साधने के लिए भाजपा संगठन और सरकार दोनों स्तर पर जातीय संत. ुलन पर खास ध्यान दिया जा रहा है। पिछड़ा, अति पिछड़ा और अनुसू. चत जाति वर्ग को साधने की रणनीति के तहत पहले ही भूपेंद्र चौधरी जैसे ओबीसी चेहरे को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। अब मंत्रिमंडल विस्तार में भी इसी संत. ुलन को आगे बढ़ाया जाएगा। सूत्रों की मानें, तो मंत्रिमंडल में प्रदर्शन और विवादों के आधार पर कुछ मंत्रियों को हटाए जाने की भी अटकलें हैं। वहीं एक-दो राज्य मंत्रियों को पदोन्नत कर कैबिनेट मंत्री बनाया जा सकता है। पश्चिमी यूपी के दो मंत्रियों को हटाए जाने की चर्चा भी जोरों पर है। सूत्रों के अनुसार पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का मंत्रिमंडल में शामिल होना लगभग तय है। इससे जाट समाज को साधने का संदेश जाएगा। इसके अलावा मेरठ के एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज को मंत्री बनाकर ब्राह्मण वर्ग को साधने की तैयारी है। पश्चिमी यूपी में त्यागी समाज के प्रतिनिधित्व की कमी को देखते हुए मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी और एमएलसी अश्विनी त्यागी के नाम भी चर्चा में हैं। वहीं गुर्जर समाज को साधने के लिए पूर्व मंत्री अशोक कटारिया की वापसी की संभावना जताई जा रही है। बैठक में योगी, केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, पंकज चौधरी और संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह शामिल हुए थे। इसके अलावा आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी अरुण कुमार भी बैठक में शामिल हुए थे जिससे बैठक का महत्व और बढ़ गया है। इस बैठक में मंत्रिमंडल विस्तार, संगठनात्मक फेरबदल और मिशन 2027 की रणनीति जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई थी।

# मोदी का राज्यसभा में दिया बयान भ्रम फैलाने वाला : खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिए गए बयान को भ्रम पैदा करने वाला करार देते हुए सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। खड़गे ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि प्रधानमंत्री की असंगत कूटनीतिक नीति से भारत की रणनी. तिक स्वायत्तता प्रभावित हुई है, जो दशकों से विद. ेश नीति की आधारशिला रही है। उन्होंने पूछा कि हालिया इजरायल दौरे के बाद उत्पन्न कूटनीतिक प्रभावों पर संसद और देश को विश्वास में क्यों नहीं लिया गया। उन्होंने दूसरा मुद्दा उठाते हुए कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में करीब 37-40 भारतीय जहाज अब भी फंसे हुए हैं और इन पर लगभग 1100 नाविक सवार हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ईरान से बातचीत के बावजूद सुरक्षित रास्ता क्यों नहीं मिल पाया, जबकि चीन, रूस और जापान जैसे देशों को अनुमति मिल रही है। उन्होंने ऊर्जा आयात के विविधीकरण के सरकारी दावे पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि 41 देशों से आयात हो रहा है, तो फिर देश में गैस और ईंधन की कमी, महंगाई और कालाबाजारी क्यों बढ़ रही है।

# प्रयागराज कोल्ड स्टोरेज हादसा: अब तक 17 लोग रेस्क्यू, 4 मौतें

प्रयागराज, वार्ता

संगम नगरी प्रयागराज के गंगा पार में फाफामऊ थाना क्षेत्र के चंदापुर गांव में स्थित आदर्श कोल्ड स्टोरेज की छत गिरने से सोमवार को भीषण हादसा हो गया था। कोल्ड स्टोर जब गिरा तो उस समय अफरा-तफरी मच गई। हादसा इतना भीषण था कि जिसमें 17 लोगों को रेस्क्यू करके निकाला गया और 4 लोगों की मौत हो गई। सोमवार से मंगलवार सुबह तक रेस्क्यू लगातार चलता रहा है, जिसमें पूरी रात 3 टीमें एसडीआरएफ, वाराणसी की एक एनडीआरएफ सहित फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य की टीम और कई थाने की फोर्स रात भर रेस्क्यू करती रही।

फिलहाल अभी भी रेस्क्यू जारी है, वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि कल से लगातार अमोनिया गैस के रिसाव से सांस लेना मुश्किल हो गया है। बता दें, लगभग 12 जेसीबी और उतने ही मलबे उठाने वाली ट्रक और लगातार रेस्क्यू के बाद, अभी भी यहां पर काम में लगे कर्मचारियों का कहना है कि अभी भी एक दिन इस मलबे को हटाने में लग सकता है। वहीं रेस्क्यू

**■ 12 जेसीबी हटा रहीं मलबा लगातार अमोनिया गैस का रिसाव जारी, फायर ब्रिगेड, कई थाने की फोर्स लगीं**

ऑपरेशन में अब तक 17 लोगों को बचाकर अस्पताल भेजा गया है और 12 लोग घायल हैं। इस हादसे ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक यह कोल्ड स्टोरेज सपा के पूर्व विधायक अंसार अहमद का बताया जा रहा है।

शुरुआती जांच में बिल्डिंग के स्ट्रक्चर में भारी लापरवाही की बात सामने आ रही है। चश्मदीदों का कहना है कि बिल्डिंग एक तरफ से झुकने लगी और फिर अचानक उसकी छत भरभराकर गिर गई। इतना ही नहीं, कोल्ड स्टोरेज से अमोनिया गैस के रिसाव की भी होने लगा, जिसने रेस्क्यू ऑपरेशन को और चुनौतीपूर्ण बना दिया है। हालांकि प्रशासन का कहना है कि उनके पास लाइसेंस था, लेकिन अब इस बात की गहन जांच की जाएगी कि क्या मानकों की अनदेखी की गई थी। जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर खुद मौके पर मौजूद हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## वाराणसी में तेज धमाके से मकान गिरा, दो मरे, दो गंभीर

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में मंडुआडीह थाना क्षेत्र के लहरतारा इलाके में मंगलवार को एक मकान में तेज धमाके के साथ मकान गिर गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीतू कादयान, अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) आलोक वर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त (रोहनिया) समेत भारी पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम पहुंच गई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया, जिससे मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गया। यह मकान लहरतारा इलाके में गिरिजा देवी का था। वे अपने दो बेटों अमन चौधरी (32), अवधेश चौधरी (30) और बेटी प्रीति (24) के साथ रहती थीं। गिरिजा देवी खाना बना रही थीं, तभी गैस तेजी से लीक होने लगा और जोरदार धमाका हो गया। हादसे में अवधेश चौधरी और प्रीति की मौके पर ही मौत हो गई।

## मैनाठेर दंगा मामला: 16 आरोपी दोषी करार, 27 मार्च को सजा का ऐलान

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के बहुचर्चित मैनाठेर दंगा मामले में करीब 15 वर्ष बाद अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए 16 आरोपियों को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने 14 दोषियों को तत्काल हिरासत में लेकर जेल भेजने के आदेश दिए, जबकि दो आरोपी सुनवाई के दौरान अनुपस्थित रहे। सजा का ऐलान अब 27 मार्च को किया जाएगा। अभियोजन अधिकारी के अनुसार वर्ष 2011 में मैनाठेर थाना क्षेत्र के डींगरपुर गांव में हुए दंगे के मामले की सुनवाई अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे-2) की अदालत में चल रही थी। साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया।

# अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध में पाकिस्तान की भूमिका भारत के लिए कूटनीतिक झटकाः जयराम

नई दिल्ली, वार्ता

वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए दावा किया कि पाकिस्तान एक तरफ अमेरिका और इजरायल और दूसरी तरफ ईरान के बीच एक प्रमुख मध्यस्थ के रूप में उभरा है जो भारत के लिए एक गंभीर झटका है।

रमेश ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय मीडिया संस्थानों की कई रिपोर्टों ने पाकिस्तान को अमे. रिका और इजरायल तथा दूसरी तरफ ईरान के बीच इस्तेमाल किए जा रहे मध्यस्थों में से एक के रूप में पहचाना है। यदि ये रिपोर्ट सच हैं, तो वे भारत के लिए एक गंभीर झटका और तिरस्कार का प्रतिनिधित्व करती हैं और यह सब स्वयं को घोषित करने वाले 'विश्वगुरु' के कारण है। रमेश ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत की 'निस्संदेह सैन्य सफलताओं' के बावजूद पाकिस्तान ने पिछले एक साल में कूटनीतिक रूप से नई दिल्ली को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि दुखद वास्तविकता



यह है कि उसके बाद पाकिस्तान का कूटनीतिक जुड़ाव और विमर्श प्रबंधन मोदी सरकार की तुलना में काफी बेहतर रहा है। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद, जो कभी गंभीर राजनीतिक, आर्थिक और वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहा था, अब फिर से प्रासंगिक हो गया है। कांग्रेस नेता ने पाकिस्तान के नेतृत्व और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच विकसित होते संबंधों की ओर भी इशारा किया और आरोप लगाया कि इसने इस्लामाबाद की वैश्विक स्थिति को मजबूत किया है। उन्होंने दावा किया कि ट्रंप ने पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व को 'गर्मजोशी से और बार-बार गले लगाया' था और कई मौकों पर असीम मुनीर की व्हाइट हाउस में मेजबानी की, जिसमें उन्होंने एक ष्अभूतपूर्व दोपहर के भोजनष का भी उल्लेख किया। रमेश ने कहा कि ष्पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान ने राष्ट्रपति ट्रंप के करीबी घेरे के साथ घनिष्ठ संबंध विकसित कर लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए रमेश ने उनकी हालिया कूटनीतिक पहुंच की आलोचना की, विशेष रूप से ईरान पर अमेरिका-इजरायल के कथित हवाई हमलों से ठीक पहले की गई इजरायल यात्रा को लेकर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि मोदी की इजरायल की अनुचित यात्रा, जो ईरान पर अमेरिका-इजरायल के अकारण हवाई हमले शुरू होने से ठीक दो दिन पहले समाप्त हुई, हमारे राजनीतिक इतिहास में एक बेहद विनाशकारी विकल्प के रूप में दर्ज की जाएगी। उन्होंने तर्क दिया कि इस यात्रा ने इस क्षेत्र में एक तटस्थ मध्यस्थ के रूप में कार्य करने की भारत की क्षमता को कमजोर कर दिया है। उन्होंने सरकार की विदेश नीति के प्रति अपने दृष्टिकोण की आलोचना तेज करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की गले मिलने वाली कूटनीति की पोल बुरी तरह खुल गई है।

# ट्रांसजेंडर अधिकार कार्यकर्ताओं ने ट्रांसजेंडर विधेयक के खिलाफ राहुल गांधी से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** देशभर से ट्रांसजेंडर अधिकार कार्यकर्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को संसद में नेता विपक्ष लोकसभा राहुल गांधी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान प्रियंका गांधी समेत पार्टी के वरिष्ठ सांसद और नेता भी मौजूद रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने सरकार के प्रस्तावित ट्रांसजेंडर पर्सन्स बिल का विरोध करते हुए कहा कि यह विधेयक उनकी आत्म-पहचान के अधिकार को कमजोर करता है, जिसे उच्चतम न्यायालय ने मान्यता दी है। उनका कहना था कि इस बिल के लागू होने से लाखों ट्रांसजेंडर खासकर पारंपरिक समुदायों से जुड़े लोगों, की कानूनी पहचान और संरक्षण खतरे में पड़ सकते हैं। कार्यकर्ताओं ने बिल के कुछ प्रावधानों को अमानवीय और दंडात्मक बताते हुए अनिवार्य मेडिकल जांच, पर्याप्त सुरक्षा उपायों के बिना दंडात्मक प्रावधानों और मौजूदा अधिकारों में कटौती पर भी चिंता जताई। राहुल गांधी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों और गरिमा के साथ खड़ी है और इस विधेयक का संसद में विरोध करेगी। राहुल गांधी ने इसे खुला हमला करार देते हुए कहा कि भाजपा सरकार का ट्रांसजेंडर व्यक्ति (संशोधन) विधेयक ट्रांसजेंडर लोगों के संवैधानिक अधिकारों और पहचान पर एक खुला हमला है। उन्होंने कहा ट्रांसजेंडर लोगों से अपनी पहचान स्वयं निर्धारित करने का अधिकार छीनता है, जो उच्चतम न्यायालय के फैसले का उल्लंघन है। यह देशभर के विभिन्न समुदायों की सांस्कृतिक पहचान को खत्म करता है।

# अथाई के छात्र की देहरादून में हत्या, परिवार में मचा कोहराम

## शव गांव पहुंचते ही बिलख उठे परिजन, गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** क्षेत्र के गांव अथाई निवासी 22 वर्षीय छात्र दिव्यांशु राणा की देहरादून में हत्या की खबर से क्षेत्र में रोष व्याप्त हो गया। मंगलवार को शव गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में छात्र का अंतिम संस्कार किया गया।



भोपा थाना क्षेत्र के गाँव अथाई निवासी 22 वर्षीय दिव्यांशु राणा पुत्र अमित कुमार जटराना देहरादून स्थित उत्तरांचल यूनिवर्सिटी में बीटेक द्वितीय वर्ष का छात्र था। सोमवार शाम वह अपने दोस्तों के साथ खाना खाने के लिए केहरी गांव स्थित बाबा रसोई ढाबे पर गया था। इसी दौरान वहां पहले से मौजूद दूसरे गुट के छात्रों ने दिव्यांशु पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा।

घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव अथाई में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे पोस्टमार्टम के बाद छात्र का शव गांव पहुंचा तो परिवार में मातम छा गया। शुकतीर्थ श्मशान घाट पर दिव्यांशु का अंतिम संस्कार किया गया।

दिव्यांशु अपने परिवार का होनहार बेटा था। परिवार में दादा हरबीर सिंह, दादी कमलेश देवी, पिता अमित कुमार, माता अलका देवी और भाई लक्षित हैं। पिता 50 बीघा भूमि में खेती करते हैं।

# खेत से लौट रहे युवक की गोली मारकर निर्मम हत्या

## क्या प्रेम प्रसंग को लेकर हुई वारदात? पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** शाम ढलते ही शाहदरा बांगर गांव में युवक की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई। घटना से गांव में सनसनी फैल गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना के सम्बंध में जानकारी की वहीँ फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल व शव की गहनता से जांच की जिसके उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया पीड़ित पक्ष ने तीन व्यक्तियों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।हत्या का मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है

भोपा थाना क्षेत्र के गांव शाहदरा बांगर में सोमवार की शाम 24 वर्षीय युवक अक्षय पुत्र चन्द्रपाल रोशवाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक के बड़े



भाई अर्जुन रोशवाल ने बताया कि उसका भाई अक्षय देर देर शाम गांव के निकट रसूलपुर मार्ग स्थित अपने खेतों से घर की ओर लौट रहा था जैस ही वह आबादी के निकट पहुंचा तभी गांव के हैं तीन व्यक्तियों ने उसे घेर लिया और मारपीट शुरू करते हुए धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। अक्षय जान बचाकर भागा और पास में ही परिवार के विक्रम गुर्जर के घर में घुस गया।आरोपी अक्षय का पीछा करते हुए विक्रम के घर में जा पहुंचे और वहां अक्षय गोली पर धारदार हथियार से हमला कर उसे गोली मार दी।खून से लथपथ अक्षय जमीन पर गिर पड़ा और उसकी मौत हो गयी। हत्या के बाद गांव में हड़कंप मच गया मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकठा हो गई मौके से आरोपी फरार हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की हत्या की खबर पर पहुंचे एसपी देहात आदित्य बंसल सी ओ देवव्रत बाजपेई थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।

फॉरेंसिक टीम ने शिव की जनता से जांच की अक्षय के दो गोली लगा बताया गया है वह अक्षय के शरीर पर धारदार हथियारों के गहरे निशान भी मिले हैं अक्षय की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। पिता चन्द्रपाल माता राजवती, भाई अर्जुन सिंह व भीम सिंह बहन शालू का रोरोकर बुरा हाल है।

मृतक अक्षय बहन भाइयों में चौथे नंबर का है। चंद्रपाल सिंह लगभग 30 बीघा भूमि के किसान हैं। मृतक अक्षय राजधानी दिल्ली में नौकरी करना बताया गया है अक्षय फिलहाल छुटटी पर घर आया हुआ था हत्या का मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है मौके से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अक्षय के संबंध पड़ोस में ही एक विवाहित महिला से थे जिसकी खबर विवाहिता के पुत्रों को लग गई। इसके बाद सात माह पूर्व विवाहिता ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी तभी से आरोपी पक्ष अक्षय से रंजिश रखता था।इसी रंजिश को लेकर आरोपियों ने अक्षय की हत्या कर दी।



मुजफ्फरनगरः कांग्रेस के युवा नेता सलमान सईद द्वारा आयोजित सर्वधर्म ईद मिलन समारोह में शिरकत करने पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय पत्रकारों से वार्ता करते हुए।

# बिना अनुमति के लगे 34 लाउडस्पीकर उतरवाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद पुलिस ने एक बार फिर धार्मिक स्थल से लाउडस्पीकर हटाने का अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने मानकों के विपरीत और बिना अनुमति के लगाए गए करीब तीन दर्जन लाउडस्पीकर उतरवाए है। पुलिस प्रशासन ने करीब सो से अधिक लाउडस्पीकरों की आवाज को मानकों के अनुसार और निर्धारित डेसी बल सीमा के भीतर कम कराया गया। हटाए गए सभी उपकरणों को जब्त कर लिया गया और उन्हे मालखाने में जमा कराया गया है।

बता दे कि सरकार की नीतियों के अनुसार सभी जनपदों की पुलिस मानकों के विपरीत बजने वाले लाउडस्पीकरों के विरूद्ध अभियान चलाकर लाउडस्पीकरों को उतारकर अपने कब्जे में कर रहे है।



वैसे तो यह अभियान पिछले काफी समय से चल रहा है, जहां धर्म स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों को काफी संख्या में जब्त कर लिया गया था और कुछ को हिदायत दी थी कि धर्म स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों को उतारे जाने के बाद लोगों में नाराजगी भी थी, लेकिन पुलिस प्रशासन के समझाने के बाद मानकों के अनुसार लाउडस्पीकरों की आवाज को कम कर दिया गया था, लेकिन एक बार फिर पुलिस प्रशासन ने धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों को उतरवाना शुरू कर दिया है।

पुलिस प्रशासन का आरोप है कि तेज गति और एक ही धर्म स्थल पर लगे कई लाउडस्पीकरों को उतरवाया जा रहा है। पुलिस ने कई स्थानों से लाउडस्पीकरों को उतरवाया और करीब 34 लाउडस्पीकरों को अपने कब्जे में किया।

# छत के रास्ते से घर में घुसकर लाखों की चोरी

- **तीन स्मार्ट फोन और कीमती सामान ले गए बदमाश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंडी क्षेत्र के गांव शेरनगर में परिवार सोता रहा और बदमाशों ने बड़े ही शातिर अंदाज में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अंधेरे में कीमती फोन जिनकी कीमत लाखों रूपये है साफ कर दिए। बदमाश यहां से कीमती सामान भी ले गए है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन करते हुए सीसीटीवी कैमरे भी चैक किए। सवेरे के समय ग्राम शेरनगर निवासी चौधरी सलीम पुत्र स्व. मौसम अली और चौधरी आशु पुत्र स्व. मेहरबान ने मंडी पुलिस को बताया कि वह श्यामुददीन कॉलौनी में रहते है बीती रात जब वह सो रहे थे तो देर रात छत के रास्ते से बदमाश घर में घुस आए और तीन फोन और कीमती सामान साफ कर दिया। सामान की कीमत लाखों में बता रहे है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले और तहरीर लेकर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने आस-पास के कुछ लोगों से भी बात की और पीड़ित परिवार को घटना का जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया।

# ऑटो चालक पर लाठी-डंडों व बोतलों से जानलेवा हमला

- **तहरीर देकर कार्रवाई की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** बुढ़ाना रोड पर सवारी के इंतजार में खड़े एक ऑटो चालक पर पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने लाठी-डंडों और कांच की बोतलों से हमला कर दिया। हमले में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर आरोपितों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर निवासी आसिफ पुत्र शमशेर ऑटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है।

सोमवार को वह खतौली-बुढ़ाना रोड पर सवारी के इंतजार में खड़ा था। इसी दौरान नई आबादी निवासी दो युवक वहां पहुंचे और उससे गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने उस पर लात-घूंसों के साथ लाठी-डंडों और कांच की बोतलों से हमला कर दिया। हमले में आसिफ के शरीर पर गंभीर चोटें आईं। किसी तरह जान बचाकर वह मौके से निकला। मंगलवार को उसने कोतवाली पहुंचकर हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सरकार की गलत नीतियों के विरुद्ध खड़ी है कांग्रेसःराय

## सलमान सईद के ईद मिलन समारोह में पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने भाजपा सरकार पर जाति और धर्म आधारित राजनीति कर बेरोजगारी और अन्य जन विरोधी मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस सड़कों पर उतरकर संघर्ष कर रही है। भाजपा सरकार जहां भी अन्यायपूर्ण तरीके से बुलडोजर चलाएगी या धार्मिक स्थलों को निशाना बनाएगी, कांग्रेस वहां मजबूती के साथ खड़ी होकर लोकतंत्र की हत्या करने वालों का विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ अगर कोई सीना तानकर खड़ा है, तो वह सिर्फ कांग्रेस ही है। योगी सरकार जहां भी मस्जिद, मंदिर या स्मारक पर बुलडोजर चलवाएगी, वहां कांग्रेस इसका विरोध करेगी। प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने आरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों के कारण ही आज देश में गैस और डीजल के दाम बढ़ने लगे हैं, जिससे आम नागरिक त्रस्त है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार संसद से सड़क तक जनता की आवाज उठा रहे हैं। अविनाश पांडेय ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान शासकों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की साख को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर कहा कि 2027 विधानसभा फतह के लिए 3 लाख से अधिक पदाधिकारी चुनावी तैयारियों में जुट गए हैं। गठबंधन के सवाल पर उन्होने कहा कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व की तरफ से अभी यह निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन बीजेपी को हराने के लिए सभी विरोधी दल एकजुट होकर लड़ेंगे।

मंगलवार को नगर के पचेंडा रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में कांग्रेस नेता सलमान सईद व कांग्रेस्ट के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पूर्व गृह मंत्री सईदुज्जमा के ईद मिलन समारोह मे शामिल हुए कई जिलों के अध्यक्ष के साथ यहां पहुंचे थे। उन्होंने मीडिया से बेबाक बातचीत में शाहजहांपुर की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि शहीद दिवस के दिन सरकार ने तीन शहीदों की मूर्तियों को खंडित कराया गया जिसका कांग्रेस ने कड़ा विरोध किया है। उन्होंन कहा कांग्रेस न केवल मूर्तियां फिर से लगवाएगी, बल्कि दोषियों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराएगी। हम युवाओं और मजदूरों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली सरकार को 2027 में उखाड़ फेंकने का लक्ष्य है। जिलाध्यक्ष सतपाल कटारिया, पूर्व सांसद सईदुज्जमा, सलमान सईद, पूर्व चेयरमैन पंकज अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा, वरिष्ठ नेता कमल मित्तल दिनेश पाल, मुमताज इलाही, सुल्तान मुशीर, असद फारूकी, सगीर मालिक मौजूद रहे।

# मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर तीन पेपर मिल प्लांट सील

- **आरडीएफ के प्रयोग में लापरवाही पर शिकंजा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** औद्योगिक इकाइयों में आरडीएफ के उपयोग में बरती जा रही अनियमितताओं जिला प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने कड़ा शिकंजा कसा है। कार्यवाही की जद में आई जानसठ रोड स्थित जीनस पेपर मिल और 'केके डुप्लेक्स' के ट्रॉमिल प्लांट को सील कर दिया गया है।

जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने लगातार मिल रही शिकायतों के बाद 'संयुक्त समिति' का गठन करते हुए औद्योगिक इकाइयों की जांच कराई समिति ने जनपद की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का औचक निरीक्षण किया।

नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में टीम ने निरीक्षण कर समिति ने पाया कि आरडीएफ की प्रोसेसिंग के लिए मिलों में स्थापित ट्रॉमिल प्लांट शासन द्वारा निर्धारित मानकों और पर्यावरण नियमों के अनुरूप संचालित नहीं हो रहे। प्रोसेसिंग में भारी लापरवाही बरती जा रही थी। पर्यावरण मानकों का उल्लंघन मिलने पर नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए जानसठ रोड स्थित तीन बड़ी पेपर मिल मैसर्स जीनस पेपर एंड बोर्ड्स लिमिटेड, मैसर्स केके डुप्लेक्स एंड पेपर मिल्स तथा एक अन्य पेपर मिल पर शिकंजा कसा।

# विवाहिता ने परिजनों पर कराया मुकदमा

## घर बसाने वाले रालोद नेता चाचा को भी मुकदमे में घसीटा

**मुजफ्फरनगर।** क्या रिश्ते नाते बचाना और किसी का घर बसाना वो भी अपराध हो गया है? अर वो भी अपनों का हित सोचकर परिवार और समाज को देखते हुए भतीजी का घर बसाना क्या जुल्म है, हालांकि किसी को भी अपने भविष्य में सोचने का खुद को अधिकार है, लेकिन थाना खालापार में एक ऐसा अजीबो गरीब मामला सामने आया है जहा भतीजी ने परिवार और अपने लोकदल नेता चाचा के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज करा दिया। और तहरीर में साफ लिखा कि वह अपनी ससुराल नहीं जाना चाहती, लेकिन उस पर जबरन दबाव बनाया जा रहा है। यह भी सच है कि यह मामला रिश्तों के टूटते भरोसे और सामाजिक दबाव के बीच महिला की स्वतंत्र इच्छा के सवाल को उजागर करता है फिलहाल पुलिस का कहना है कि दी गई तहरीर पर जांच शुरू कर दी गई है।

विगत दिवस एक विवाहिता थाना खालापार में पहुंची और प्रभारी निरीक्षक से मिली विवाहिता ने अपना नाम पता बताते हुए अपनी कहानी कुछ यूं बयां कि उसका अपने पति के साथ काफी समय विवाद चल रहा है और सी विवाद के चलते वह अपने मयके में रह रही है। महिला ने स्पष्ट किया कि वह अपनी ससुराल जाना नहीं चाहती, लेकिन परिवार के लोग और उसके चाचा जो लोकदल नेता है ससुराल में भेजने के लिए लगातार दबाव बना रहे है। पीड़िता का कहना है कि 21 मार्च को उसका पति लेने के लिए उसको मयके पहुंचा, लेकिन उसने ससुराल में जाने से मना किया तो उसके चाचा लोकदल नेता ने ससुराल जाने के लिए दबाव बनाया। यह भी शिकायत की है कि परिवार व चाचा ससुराल भेजने पर जबरन दबाव बनाने लगे। महिला ने पति पर गाली-गलौच व धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। अब पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल के बाद कार्यवाही होगी। पुलिस का भी यह कहना है कि महिला की मर्जी और अधिकारों को लेकर बहस तेज हो रही है।

# पत्नी का प्रेमी बना पति की जान का दुश्मन

**मुजफ्फरनगर।** प्यार मौहब्बत जुनून में जहां विवाहिताएं पति का खून बहा रही है तो कही शक की आग में जल रहे प्रेमी अपनी प्रेमिकाओं का बेरहमी से कत्ल कर रहे है। विवाहिताएं और उनके प्रेमी को पतियों की लगातार जान ले रहे है। इन सब घटनाओं से ऐसा लगता है कि शायद यह एक प्रथा सी चल गई है या फिर प्यार के जुनून में लोग ही नहीं महिलाएं भी अंधी हो जाती है बस अपने प्यार को पाने के लिए वह सब कुछ दर किनार कर देती है। एक मामला मंसूरपुर के एक गांव में भी देखने को मिला जहां विवाहिता का प्रेमी विवाहिता के पति का कत्ल करने के लिए उसके घर पहुंच गया। अब यह मामला मंसूरपुर थाने तक पहुंच गया है।

# किथौडा में दो पक्षों में संघर्ष, घायल रैफर

- **पुलिस ने तहरीर लेकर की कार्रवाई शुरू**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम किथौडा में प्रचून की दुकान पर सामान लेने को लेकर छोटे बच्चों में मामूली कहासुनी बड़ो में संघर्ष का रूप ले लिया जहां दोनो पक्ष एक दूसरे की जान के दुश्मन बन गए और काफी लोग घायल हुए। पुलिस ने घटना के संबंध में तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया।

बताया जाता है कि ग्राम किथौडा निवासी अरशद के छोटे बच्चे गांव के ही मिचरू की दुकान पर सामान लेने गए थे। विवाद उस वक्त शुरू हुआ जब बच्चों ने सामान लेने से पहले दुकानदार को पैसे दे दिए, लेकिन दुकानदार ने सामान देने के लिए दोबारा पैसे की मांग की। पैसों को लेकर दोनो पक्षों में विवाद संघर्ष का रूप ले गया और दोनो पक्षों में गाली-गलौच व मारपीट शुरू हुयी। सौरगुल होने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए, लेकिन संघर्ष को देखकर लोग दूर-दूर तक रहे। एक पक्ष पर जानलेवा हमला कर दिया गया और दूर तक पीछा किया। अमजद ने एक घर में घुसकर जान बचायी, लेकिन साजिद और फैशल ने अजमद को दबोच लिया और अन्य ने हमला कर दिया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने घटना की तहरीर लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।






# बिना नंबर प्लेट वाहनों पर शिकंजा, पुलिस का कड़ा एक्शन

शाहटाइम्स सवांददाता

खतौली। खतौली कस्बे और आसपास के इलाकों में यातायात नियमों की अनदेखी अब भारी पड़ने लगी है। बिना नंबर प्लेट या गलत नंबर प्लेट लगाकर सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक चे. कंग अभियान चलाया। इस कार्रवाई में आधा दर्जन से अधिक बाइकें सीज की गई, जबकि कई अन्य वाहन चालकों के चालान काटे गए।

जगह-जगह चेकिंग, नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

नेशनल हाईवे, जीटी रोड और लिंक मार्गों पर पुलिस टीमों ने बैरियर लगाकर सघन जांच अभियान चलाया। जिन वाहनों पर नंबर प्लेट नहीं थी, टूटी हुई थी या जिनके नंबर पढ़ने योग्य नहीं थे, उन्हें मौके पर ही रोककर कार्रवाई की गई। बार-बार नियमों की अनदेखी करने वालों के वाहनों को सीज कर दिया गया।

प्रेशर हॉर्न भी बना खतरा

चेकिंग के दौरान यह भी सामने आया कि कई भारी वाहन और प्राइवेट बस चालक प्रतिबंधित प्रेशर हॉर्न का इस्तेमाल कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार, यह आदत खासकर दोपहिया चालकों के लिए खतरनाक साबित हो रही है, क्योंकि अचानक तेज हॉर्न से संतुलन बिगड़ने और दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे चालकों को सख्त चेतावनी दी गई।

**क्या बोले कोतवाल**

कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल ने बताया कि बिना नंबर प्लेट और नियमों के खिलाफ चल रहे वाहनों पर लगातार कार्रवाई जारी है। पिछले एक महीने में ही दर्जनों चालान किए जा चुके हैं। उन्होंने साफ कहा कि आगे भी नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी और जरूरत पड़ने पर वाहन सीज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**क्या कहता है कानून**

मोटर वाहन अधिनियम के तहत बिना वैध रजिस्ट्रेशन नंबर के वाहन चलाना दंडनीय अपराध है।

पहली बाररू ₹5,000 तक जुर्माना

दोबारा उल्लंघनरू ₹10,000 तक जुर्माना

गंभीर मामलों मेंरू वाहन जब्ती और जेल का प्रावधान नंबर प्लेट साफ और स्पष्ट हो, निर्धारित फॉन्ट और साइज का पालन हो, किसी तरह की डिजाइन, स्टिकर या छेड़छाड़ न हो

कई राज्यों में हाई-सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य है।

पुलिस की अपील

पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और वैध नंबर प्लेट के साथ ही वाहन चलाएं। यह न केवल कानूनी कार्रवाई से बचाता है, बल्कि सड़क पर सभी की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है।

# कांग्रेस नेत्री बिलकीस चौधरी की पुत्री को दिया आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट बिलकीस चौधरी के आवास पर मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं का जमावड़ा लगा रहा। सभी ने बिलकीस चौधरी की पुत्री के आगामी विवाह से पहले उन्हें आशीर्वाद दिया और शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे, उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतपाल कटारिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।नेताओं ने 29 मार्च 2026 को होने वाले विवाह समारोह की अग्रिम बधाई देते हुए बेटी के उज्ज्वल भविष्य, सुखी दाम्पत्य जीवन और परिवार की खुशहाली की कामना की। बिलकीस चौधरी के घर पर पहुंचने वाले नेताओं



का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला। वरिष्ठ नेताओं के इस स्नेहपूर्ण आगमन को पार्टी परिवार की एकता और पारिवारिक अवसरों पर कांग्रेस का साथ देने का संदेश माना जा रहा है। बिलकीस चौधरी मुजफ्फरनगर कांग्रेस की लंबे समय से सक्रिय और वरिष्ठ नेता रही हैं। उन्होंने नगर पालिका चुनाव में भी पार्टी की ओर से उम्मीदवारी की थी। सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने भी बिलकीस चौधरी परिवार को बधाई दी है और दुल्हन के नए जीवन की खुशियां मांगी हैं।

## कीटनाशक का छिड़काव करते किसान की मौत

**भोपा।** क्षेत्र के गांव युसुफपुर में फसल पर कीटनाशक का छिड़काव कर रहे किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव युसुफपुर निवासी 65 वर्षीय किसान सतपाल सिंह मंगलवार की सुबह गन्ने की फसल पर कीटनाशक का छिड़काव करने के लिए खेत पर गए थे।नोकर जब नलकूप पर नौकर पहुंचा तो सतपाल सिंह को बेहोश देख सुचना किसान के पुत्र अरुण सहरावत को दी आनन फानन में परिजन सतपाल सिंह को मुज़फ्फरनगर स्थित इवान अस्पताल में पहुंचे जहां उपचार के दौरान किसान की मौत हो गयी।थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## जिनशासन प्रभावना संघ की बैठक सम्पन्न

**खतौली।** जिनशासन प्रभावना संघ खतौली की मार्च माह की मासिक बैठक श्रीश्वेताम्बर जैन स्थानक जिन मंदिर में उत्साहपूर्ण माहौल के बीच आयोजित हुई। इस दौरान संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष शैंकी जैन और मंत्री दीपक जैन ने नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए संगठन में युवाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपीं। बैठक में तीन नए सदस्योंख्रअर्पित जैन, सुयश जैन और हर्ष जैनख्रका स्वागत कर उन्हें संघ से जोड़ा गया। नई टीम में अर्पित जैन को कोषाध्यक्ष, संयम जैन को उपाध्यक्ष, हर्ष जैन को उपमंत्री और ;षभ जैन को संगठन मंत्री बनाया गया। इसके अलावा राहुल जैन और अतिशय जैन को सलाहकार की भूमिका दी गई।

# खतौली तहसील को मिला नया नेतृत्व, एसडीएम ने संभाली जिम्मेदारी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** प्रशासनिक फेरबदल के चलते खतौली तहसील को नया उप जिलाधिकारी मिल गया है। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा पीसीएस अधिकारी ललित मिश्रा को खतौली का एसडीएम नियुक्त किया गया है। वहीं, पूर्व एसडीएम निकिता शर्मा को वेटिंग में रखा गया है।

नव नियुक्त एसडीएम ललित मिश्रा ने कार्यभार संभालते ही अपनी सक्रिय कार्यशैली का संकेत दे दिया। पदभार ग्रहण करने के पहले ही दिन उन्होंने तहसील कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

इसके बाद एसडीएम ने तहसील क्षेत्र की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से अधिका. रियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कानून-व्यवस्था, राजस्व कार्य, जनसुविधाएं और विकास योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में तहसीलदार अरविंद कुमार, नायब तहसीलदार राजीव त्यागी, अमित रस्तोगी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने



क्षेत्र की वर्तमान स्थिति की जानक. ारी एसडीएम को दी। नए एसडीएम के आगमन पर स्थानीय जनप्रति. निधियों और गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत किया। भाजपा नगर अध्यक्ष प्रवीण ठकराल ने उनका अभिनंदन करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में प्रशास. निक कार्यों में पारदर्शिता और तेजी आएगी। इस अवसर पर युवा नेता माधव भी मौजूद रहे। एसडीएम ललित मिश्रा ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता रहेगी और पारदशह्न व जवाबदेह प्रशासन देने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

# एसआईआर 463305 नोटिसों की सुनवाई पूरी

**मुजफ्फरनगर।** सहारनपुर मंडल आयुक्त रमेश चंद्र ने समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ द्वितीय भ्रमण चौक लिस्ट में उल्लिखित 12 बिन्दुओं पर समीक्षा की।

अपर आयुक्त द्धप्रशासनत्र्, सहारनपुर मण्डल सहारनपुर द्वारा नोटिस वितरण एवं नोटिस की सुनवाई की कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में कुल 4,63,305 नोटिस जनरेट किये गये। जिनमें से सभी 4,63,305 नोटिसों की सुनवाई पूर्ण हो चुकी है। अपर आयुक्त (प्रशासन), सहारनपुर मण्डल सहारनपुर को अवगत कराया गया कि जनपद में कुल फार्म-6, (1,34,377), फार्म-6ए (45) तथा फार्म-7 (9.782) एवं फार्म-8 (41,723) प्राप्त हुए हैं। सभी फार्मों के गुणवत्ता परक निस्तारण कराया जा रहा है। रोल प्रेक्षक ने जेण्डर रेशियों, ईपी रेशियो की समीक्षा की गई और निर्देशित किया गया कि जनपद का ईपी रेशियो, जेण्डर रेशियो व ऐज कोहार्ट आयोग के मानक से कम है, इसका पुनः विश्लेषण किया जाए।अपर आयुक्त (प्रशासन), सहारनपुर मण्डल सहारनपुर द्वारा बुक ए कॉल विद बी एल ओ की कार्य प्रगति पर संतोष प्रकट किया गया।

जनपदमें एनजीएसपी में कोई शिकायत लम्बित न होने पर सभी ईआरओ की प्रशंसा की गई।अपर आयुक्त (प्रशासन), सहारनपुर मण्डल सहारनपुर द्वारा मतदाता सूची में मतदाताओं के फोटोग्राफ की गुणवत्ता चौक करने तथा अस्पष्ट फोटो को बदलने के निर्देश दिये गये। बोर्डर एरिया के मतदाताओं के नाम डबल न होने की जाँच करने के निर्देश दिये गये। निर्देशित किया गया कि बीएलओ को पुनः घर घर सर्वे करने के निर्देश दिये जाएं। मल्टीलेयर चौकिंग किये जाने के भी निर्देश दिये गये। रोल प्रेक्षक महोदय द्वारा स्वीकृत एवं अस्वीकृत फार्मों की ई आर ओ नेट पर जॉच की गई इस सम्बंध में निर्देशित किया गया कि अस्वीकृत फार्म डबल होने पर यदि मतदाता का एपिक नम्बर अपलोड कर दिया जाए या एपिक नम्बर कारण में लिख दिया जाए तो बेहतर होगा। उक्त निर्देशों से बूथ लेविल अधिकारियों को भी अवगत कराने के निर्देश दिये गये।

बैठक में संजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन / उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं राहल देव भट, उप जिलाधिकारी मुख्यालय, प्रवीन द्विवेदी, उप जिलाधिकारी, सदर, राज. कुमार, उप जिलाधिकारी, जानसठ, कृष्णकान्त विश्वकर्मा, उप जिलाधिक. ारी, बुढ़ाना, डा. ललित मिश्रा, उप जिलाधिकारी, खतौली, निकिता शर्मा, अपर उप जिलाधिकारी एवं श्री श्रवण कुमार त्यागी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, सहारनपुर/नोडल अधिक. ारी, रोल प्रेक्षक, सहारनपुर आदि उपस्थित रहे।

# शाहदरा में युवक की हत्या के बाद आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**भोपा।** सोमवार की देर शाम शाहदरा गाँव मे युवक अक्षय रोशवाल 27 वर्ष की गोली मारकर व धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी गयी थी।पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।मौके से फरार हत्यारों की तलाश में पुलिस ने अनेक स्थानों पर दबिश दी है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव गादला के मजरे शाहदरा में सोमवार की शाम 7:00 बजे के लगभग युवक अक्षय की हत्या उस समय कर दी गई थी जब वह अपने खेत से लौट रहा था। कि रास्ते में उसे तीन व्यक्तियों ने घेर लिया जान बचाकर वह पड़ोस के एक घर में जा घुसा किंतु आरोपियों ने उसे विक्रम रोशवाल के घर में दबोच लिया तथा बलकटी आदि धारदार हथियारों से हमला कर लहूलुहान कर दिया एक आरोपी ने अक्षय के सीने पर तमंचे से गोली को दाग दिया जिससे मौके पर ही अक्षय की मौत हो गई थी। युवक अक्षय की मौत से परिवार में कोहराम मच गया व गांव में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचे एसपी देहात आदित्य बंसल सीओ देवव्रत वाजपेई थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह द्वारा आवश्यक पूछताछ के बाद रात में अक्षय के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मंगलवार की सुबह अक्षय का शव गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। गांव में ही उसका अंतिम संस्कार किया गया मृतक के भाई भीम सिंह ने कुटुम्ब के ही तीन व्यक्तियों मनोज पुत्र महावीर युगांक पुत्र मनोज व भरत पुत्र संजय के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

क्षेत्राधिकार भोपा देवव्रत वाजपेई ने बताया कि पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है ।अनेक स्थानों पर दबिश दी गई है शीघ्र आरोपियों गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

भाभी से प्रेम सम्बंध में हुई हत्या

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अक्षय के संबंध परिवार की रिश्ते की भाभी से थे छरू माह पूर्व अक्षय व विवाहिता के सम्बधों की भनक उसके पुत्र व पति को लग गयी।परिजनों ने दोनों को मौके पर पकड़ लिया था।जिसके बाद बीते 23 सितंबर को देवर भाभी ने जहर का सेवन कर लिया था। जहां विवाहिता की मौत हो गई थी। घटना के बाद दोनों के संबंध गांव में चर्चा का विषय बने हुए थे।की सोमवार की शाम यही रंजिश ने हत्या का रूप ले लिया।मृतक विवाहिता के पति मनोज पुत्र युगांक व भतीजे भरत ने अक्षय की हत्या कर अपमान का बदला चुकाया।

मृतक अक्षय के पिता चन्द्रपाल पुत्र अर्जुन के साथ लगभग 20 बीघा भूमि पर खेती करते हैं। दूसरा पुत्र भीम सिंह दिल्ली में प्राइवेट जॉब करते हैं।अक्षय भी भीम सिंह के साथ रहकर कोई प्राइवेट जॉब कर रहा था।कि रविवार को वह छुटी पर घर आया था कि घात लगाए हमलावरो ने उसकी जान ले ली।

## 350 की आबादी का गाँव है शाहदरा

शाहदरा गांव की आबादी 275 के लगभग बताई गई है जिसमें गुर्जर समाज के रोशवाल, पँवार, पायला गोत्र के लगभग 40 परिवार निवास करते हैं।अन्य कोई जाति गांव में नहीं रहती है। मृतक अक्षय के परिवार पर जहां 20 बीघा जमीन बताई गई है वहीं आरा. पी पक्ष पर मात्र पांच बीघा भूमि का किसान बताया गया है।

**शाहदरा गांव में हुआ पहला मुकदमा थाने पर दर्ज**

भोपा थाना क्षेत्र का गांव शाहदरा इकलौता गांव है जिसमें 23 मार्च 2026 तक कोई भी कैसा मुकदमा थाने पर दर्ज नहीं हुआ था। गांव के बुजुर्ग ब्रह्मसिंह रोशवाल ने बताया कि उनकी आयु 75 वर्ष है अभी तक गांव में कोई भी किसी प्रकार का झगड़ा ऐसा नहीं हुआ था कि जो थाने पर जाए घटना बेहद दुखद है 23 मार्च को प्रेम संबंधों में अक्षय की हत्या का पहला मुकदमा थाने पर दर्ज हुआ है।यह भी संयोग है कि विवाहिता की मौत भी 23 तारीख को हुई थी और छरूमाह बाद अक्षय की हत्या भी 23 तारीख को हुई है

# 38वीं जूनियर नेशनल नेटबॉल चौंपियनशिप का शुभारम्भ

**बुढ़ाना।** मंगलवार के दिन 38वीं जूनियर नेशनल नेटबॉल चौंपियनशिप 2025- 26 का भव्य आयोजन श्री प्यारे जी महाराज स्पोर्ट्स एकेडमी में संपन्न हुआ। इस चौंपियनशिप का शुभारम्भ बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक ने अपने कर कमलों द्वारा सैंकड़ों गणमान्य लोगों की मौजूदगी में किया। इस अवसर पर नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की अध्यक्षा सुमन कौशिक और महासचिव विजेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया और सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया। इस मोके पर पत्रकार मनोज भारद्वाज, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अवनीश चौधरी, गांव सराय के पूर्व प्रधान बब्लू सैनी, गजेंद्र सिंह, प्रमोद शर्मा, सुभाष बेलानी और अशोक बंसल आदि उपस्थित रहे। आज खेले गए मुकाबलों के परिणाम इस प्रकार रहे। बालिका वर्ग में हरियाणा राज्य ने बिहार राज्य को 28- 20 से पराजित किया। बालक वर्ग में चंडीगढ़ ने मेघालय को 22- 18 से हराया। इस




अवसर पर प्रमोद भट चेयरमैन, नीरज कुमार शर्मा डायरेक्टत्र् और जोगेंद्र शास्त्री सहित मानव सेवा धर्म प्रकाश सोसाइटी के सदस्य, विभिन्न राज्यों से आए कई सचिव, नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अंपायर एवं देश के 27 राज्यों से आए खिलाड़ी उपस्थित रहे। इस दौरान यहां पर मानव सेवा धर्म प्रचार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित जोगेंद्र शास्त्री भी उपस्थित रहे।

## गंग नहर पर जुआ खेलते चार गिरफ्तार, जेल भेजा

**भोपा।** गांव बेलडा-भोपा गंग नहर पटरी के किनारे जुआ खेल रहे चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि मंगलवार दोपहर भोपा से बेलड़ा गंग नहर पटरी किनारे जंगल में जुआ खेलने की सटीक सूचना पर उप निरीक्षक इतरत अली की टीम ने छापेमारी की जहां पर चार युवक जुआं खेलते मिले। जिनके पास से छह हजार की नगदी व ताश के पत्ते बरामद किए। पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम राजीव पुत्र अतर सिंह, शाहनवाज पुत्र निसार अहमद, गुफरान पुत्र मंगता, परवेज बताए। जिसके बाद पुलिस आरोपितों को थाने ले गई। पुलिस ने जुआ अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरी पुत्री के स्कूल रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश PAKHI दर्ज करा दिया गया जो कि गलत है, जबकि उसका सही नाम RUDRAKSHI MITTAL है, भविष्य में इसे RUDRAKSHI MITTAL के नाम से जाना व पहचाना जाएं।

**रजत मित्तल पुत्त सुरेशचंद मित्तल निवासी -293 कृष्णापुरी तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर**


# तीन दिवसीय खेल समारोह का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** वेदांता पब्लिक स्कूल सिखेड़ा में तीन दिवसीय खेल समारोह का बड़े उत्साह पूर्वक आयोजन किया गया। विद्यालय में खेल- कूद समारोह के साथ ही पुलिस विभाग द्वारा श्मिशन शक्तिश का आयोजन भी किया गया। यह एक महिला सशक्तिकरण योजना है यह सुरक्षा ,संरक्षण और सशक्तिकरण पर केंद्रित है।

खेलकूद प्रतियोगिता का दूसरा दिन रोमांचक फाइनल और विज. ताओं को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। एथलेटिक्स दौड़, लंबी कूद,खो खोऔर कबढी जैसे टीम खेल आयोजित किए गए। जिसमें प्रतिभागी विद्यार्थियों ने शानदार खेल भावना और कौशल का प्रदर्शन किया। विद्यालय में उपस्थित आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों को अनुशासन और खेल भावना के लिए बधाई दी और जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जिससे प्रतिभागियों का मनोबल बढे।और वे भविष्य में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर देश का, जनपद का और अपने गांव का नाम रोशन कर सके। विद्यालय के प्रबंधक महोदय श्री सुशील सिंह आर्य ने बच्चों के इस उत्साह को देखकर उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की व विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विवेक चौधरी ने कहा कि खेल शारीरिक मानसिक एकाग्रता व अनुशासित व्यक्तित्व के विकास के लिए आवश्यक है साथ ही टीमवर्क नेतृत्व क्षमता और आत्मब्विवास जैसे सामाजिक कौशल क्षमता को विकसित करता है यह एक स्वस्थ संतुलित और ऊर्जावान जीवन शैली का आधार है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त वेदांता परिवार का सहयोग रहा।

## खतौली में खेलकूद प्रतियोगिता: खो-खो और म्यूजिकल चेयर में छात्राओं का रहा शानदार प्रदर्शन

**खतौली।** श्री कुन्द कुन्द जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित सत्र 2025-26 की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्रा वर्ग की खो-खो और म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिताएं उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्राओं का जोश और दर्शकों की तालियों की गूंज ने माहौल को जीवंत बनाए रखा।खो-खो प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी तेज़ी, सूझबूझ और टीम भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें बीए तृतीय वर्ष की शालिनी टीम ने बीए द्वितीय वर्ष की शिवी टीम को एक अंक के मामूली अंतर से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

वहीं म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में भी प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। अंतिम चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए शिवी द्धबीए द्वितीय वर्षत्र् ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वंशिका द्धबीए द्वितीय वर्षत्र् द्वितीय और साक्षी सैनी द्धबीए द्वितीय वर्षत्र् तृतीय स्थान पर रहीं। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मब्विवास और नेतृत्व क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए एनआईएस स्पोर्ट्स कोच ब्विजीत सिंह के प्रयासों की सराहना की और आयोजन में सहयोग देने वाले समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आत्मकल्याण का मार्ग दिखाती है जिन धर्म प्रभावना : आचार्य भारत भूषण महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** जिनशासन प्रभावना संघ खतौली की स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने पर संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सरधना पहुंचकर आचार्य श्री 108 भारत भूषण जी महाराज के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर संघ के सभी सदस्यों ने धर्म प्रभावना के कार्यों में निरंतर तन, मन और धन से सक्रिय रहने का संकल्प भी लिया।

आचार्य श्री ने अपने आशीर्वचन में कहा कि आत्मा के कल्याण और मोक्ष की प्राप्ति के लिए जिन धर्म प्रभावना अत्यंत आवश्यक है। यह केवल धर्म का प्रचार-प्रसार ही नहीं करती, बल्कि ज्ञान, तप, त्याग और सदाचार के माध्यम से आत्मा को कर्म बंधनों से मुक्त करने का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने बताया कि सम्यक दर्शन, ज्ञान और चरित्र की प्राप्ति ही वास्तविक धर्म साधना है। उन्होंने आगे कहा कि सच्ची धर्म प्रभावना दिखावे में नहीं, बल्कि वीतरागता को अपनाने, राग-द्वेष से दूर रहने और आत्म-संयम के पालन में निहित है। शास्त्रों का अध्ययन, अहिंसा का पालन और आंतरिक विकारों का त्याग ही व्यक्ति को आत्मकल्याण की ओर अग्रसर करता है।


**NAME CHANGE**

I have changed my name from NAIMA NAAZ to NAIMA in future for all purposes. I shall be known as this name NAIMA W/O MOHD SHUAIB BISMIL ADDRESS- 1015/8 Khalapar South, Near Kabristan, Muzaffarnagar



**कार्यालय जिला क्रीडा अधिकारी, जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स टेडियम-मुजफ्फर नगर।**

पत्रांक 1149/तरणताल पत्रा./2025-2026 दिनांक 24 मार्च 2026

**तरणताल संचालन हेतु जीवन रक्षक के लिए आवेदन पत्र**

जिला खेल कार्यालय चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित तरणताल पूल के सचालन हेतू निम्नानुसार अर्हता रखने वाले योग्य अभ्यार्थियों से जीवन रक्षक के कार्य हेतू आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है। **योग्यता:-1.**- अभ्यार्थी के पास जीवन रक्षक कार्य का डिप्लोमा/सर्टीफिकेट कोर्स योग्यता धारक प्रमाण पत्र अथवा तैराकी में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर का प्रमाण पत्र। **2:**- जीवन रक्षक के रूप में कार्य का 02 वर्ष का अनुभव। **3:**- आधार कार्ड **4:**- आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 29-03-2026 की अपरांन्ह 03,00 बजे अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ जिला खेल कार्यालय चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम मुजफ्फर नगर में उपस्थित हो।

**( भूपेन्द्र सिंह यादव )**
**उपकीडाधिकारी मुजफ्फर नगर।**



**सम्बन्ध विच्छेद**

में सऊद पुत्र मतलूब निवासी मौ. काजीवाडा दक्षिणी कस्बा/थाना बुढाना जिला मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। में दोनों पैरों से विकलांग हूं। मेरा बडा पुत्र समीर मेरे कहने में नही है। ना ही मुझे आजीविका चलाने को पैसे देता है। अगर मे खर्चा मांगता हूं तो वह मेरे संग झगडा करता है। वह अपने ससुरालियों के कहने में आकर मेरे व मेरे छोटे पुत्र संग झगडा करता है। में समीर की इन हरकतों से तंग हूं। अत: में अपने बडे पुत्र समीर से अपने सम्बन्ध विच्छेद कर उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। अब समीर अपने अच्छे बुरे कार्य, लेन देन व हर तरह के दीवानी फौजदारी कृत्य का खुद जिम्मेदार होगा मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी ना तो अब है और ना ही भविष्य में कभी होगी।


# पुलिस लाईन से शुरु हुई रन फॉर शक्ति वूमेन मैराथन

**मुजफ्फरनगर।** मिशन शक्ति फेज-5 द्वितीय चरण के अंतर्गत हरन फॉर शक्ति वूमेन मैराथन का रिजर्व पुलिस लाईन, में किया गया आयोजन, पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना। मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत रिजर्व पुलिस लाइन में रन फॉर शक्ति वूमेन मैराथन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं सशक्तिकरण की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। मैराथन को पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर आत्मनिर्भर बनें तथा समाज में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएं। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी कार्यालय ऋषिका सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।उक्त मैराथन में महिला पुलिसकर्मियों एवं प्रशिक्षु आरक्षियों द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया। प्रतिभागियों में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह एवं ऊर्जा देखने को मिली। मैराथन पुलिस लाइन से प्रारम्भ होकर नगर क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः पुलिस लाइन में सम्पन्न हुई। मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा भविष्य में भी मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे समाज में महिला सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो सके।

# 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारम्भ

**मुजफ्फरनगर।** शासन के निर्देशों में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान फेज-2 का आयोजन में डा. वीरपाल निर्वाल अध्यक्ष जिला पंचायत मुख्य अतिति एवं जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में किया गया।

100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान फेज-2 कार्यक्रम में वर्ष 2025 में कुल 38 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों एवं ग्राम सचिव को त्तम्मानित भी किया गया। सभागार में ग्राम प्रधानों, ग्राम सचिव सहित एनजीओं संस्थाएं एवं समाज सेवी प्रबुद्धजनों द्वारा प्रतिभाग किया गया। डा. वीरपाल जी के नेतृत्व में सभागार में सफल आयोजन किया गया। जनपद की कुल 487 ग्राम पंचायतों में वर्ष 2025 में कुल 38 ग्राम पंचायतों में से 25 ब्रान्ज 10 सिल्वर एवं 03 गोल्ड कैटेगरी में रही है। जिला. धिकारी द्वारा समस्त ग्राम प्रधानों को कम से कम एक टीबी मरीज को गोद लेने एवं अपने स्तर से 5 टीबी मरीजों को गोद लेने हेतु प्रेरित किया गया ताकि जनपद पूरे प्रदेश में सर्वोच्च एवं प्राथमिकता पर टीबी मुक्त भारत में अपना पूर्ण योगदान दे सके। डा. सुनील तेवतिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सरकार द्वारा टीबी मरीज के खाते में उनके पोषण को और अधिक बेहतर बनाने हेतु इलाज के दौरान छः हजार रुपये दो किश्तों में दिये जाते हैं। इसी के क्रम में सभागार में उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों, एनजीओ संस्थाओं, ग्राम प्रधानों, से अपील है कि वह स्वयं निक्षय मित्र बनें और समाज में अपने स्तर से भी निक्षय मित्र बनवाकर वोजना में सक्रिय रूप से भाग लें और टीबी रोगियों की सहायता




करें। उन्होंने बताया कि निक्षय मित्र के रूप में सरकारी और गैर सरकारी संस्थाएं व्यक्ति, टीबी रोगियों को गोद लेकर उनके स्वास्थ्य पोषण में योगदान कर सकता है।डा. लोकेश चन्द्र गुप्ता, जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा बताया गया कि आज स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री भारत सरकार द्वारा विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च, 2026 को 100-डे कैम्पेन वी-2 के शुभारम्भ किया गया जा रहा है. जिसके क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिलाधिक. ारी की उपस्थिति में इसका शुभारम्भ जनपद में किया गया है। सभागार में जनपद में तीन सर्वोत्तम गोद लेने वाले में साई दान फाउन्डेशन, डा. मुकेश जैन, डा. एम.एल गर्ग को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।


**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank**

मण्डल कार्यालय:- मुजफ्फरनगर, आवास विकास कालोनी, शाकुन्तलम, मुजफ्फरनगर 251001

**पट्टे (लीज) पर परिसर की आवश्यकता** दिनांक: 25.03.2026

पंजाब नेशनल बैंक को निम्न स्थान पर अपने एटीएम के लिए अधिकतम 15 (5+5+5) वर्ष पटटे (लीज) पर भूतल में परिसर की आवश्यकता है।

| | स्थान | कारपेट एरिया |
|---|---|---|
| एटीएम हेतु | अलमासपुर, मुजफ्फरनगर | 80 से 100 वर्ग फीट |

वर्तमान एटीएम के अधिकतम 01 कि.मी. की परिधि के क्षेत्र में।

भूस्वामी, जो बैंक की आवश्यकतानुसार तैयार व अच्छी तरह से निर्मित भवन/हॉल/परिसर देने के इच्छुक हो, अपना तकनिकी वित्तीय प्रस्ताव अलग-अलग मुहरबन्द लिफाफे में 'पंजाब नैशनल बैंक के परिसर हेतु तकनिकी /वित्तीय प्रस्ताव' अंकित कर इस प्रकाशन के 10 दिनों (दिनांक 05.04.2026 तक) के अंदर हमारे मण्डल कार्यालय के पते पर रजिस्टर्ड डाक से भेजे। नियम एवं शर्तें निम्न प्रकार है:-

1. भूस्वामी उक्त परिसर का मालिक होना चाहिए और उसकी सम्पत्ति विवादित न हो।
2. परिसर भूतल स्थान पर होना चाहिए।
3. सार्वजनिक पार्किंग के लिए समुचित जगह का होना आवश्यक है। जिसका कोई अतिरिक्त किराया देय नहीं होगा।
4. सम्पत्ति पर देय सभी प्रकार के कर मालिक द्वारा वहन किये जायेगें।
5. बैंक के पास बिना कोई कारण बताए किसी अथवा सभी प्रस्तावों को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा एवं इस संदर्भ में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।
6. तकनिकी प्रस्ताव एवं वित्तीय प्रस्ताव के प्रारूप हमारे कार्यालय पर मोबाइल नं. 8171979238 पर संपर्क कर प्राप्त किये जा सकते है।

**मण्डल प्रमुख**

# शुकतीर्थ गंगा घाट पर चले स्वच्छता अभियान में छात्रों ने किया श्रमदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित गंगा घाट पर स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं मुख्य विकास अधिकारी कण्डारकर कमलकिशोर देशभूषण के निर्देशन में जिला गंगा समिति मुजफ्फरनगर द्वारा किया गया।

शुकतीर्थ घाट व गंगा पार्क पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।इसके पश्चात गंगा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को कैप वितरित किए गए।जिला परियोजना अधिकारी हर्ष कुमार ने नमामि गंगे मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम का समापन गंगा शपथ के साथ हुआ, जिसमें सभी ने गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने का संकल्प लिया।इस दौरान स्वामी कल्याण देव इंटर कॉलेज एवं श्री शुकदेव संस्ख्रत माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। कार्यक्रम में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी अभिनव राज के मार्गदर्शन में जिला परियोजना अधिकारी हर्ष कुमार, वन रक्षक अमित कुमार, नन्द किशोर, प्रियंका कुमारी, वन दरोगा सिंपल कुमारी तथा गंगा सेवा समिति के महामंत्री महकार सिंह का विशेष योगदान रहा।



# 919 जोड़ियों की शहनाई से गूंजा चरथावल,एक मंच पर हिंदू-मुस्लिम विवाह बना एकता की मिसाल

**चरथावल।** ब्लॉक क्षेत्र के कस्बा चरथावल स्थित एक फार्म में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित भव्य समारोह ने सामा. जिक समरसता की अनूठी तस्वीर पेश की। एक ही मंच पर 91 जोड़े विवाह बंधन में बंधे,जहां हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के विवाह उनके-अपने रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने शिर. कत कर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख अक्षय पुंडीर,राला. दे जिलाध्यक्ष संजय राठी सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।इसके अलावा चरथावल बीडीओ प्रवीण कुमार, एडीओ पंचायत सोमदत्त,एडीओ आइएसबी कमल कुमार,एडीओ समाज कल्याण विशांक त्यागी,बघरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गौरव चौधरी व क्षेत्र के कई प्रधान और गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए।चरथावल बीडीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि योजना के तहत कुल 99 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 91 जोड़े ही समारोह में शामिल हो सके। सभी का पहले बायोमेट्रिक सत्यापन कराया गया, जिससे योजना की पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। विशेष बात यह रही कि 91 जोड़ों में 62 हिंदू व 29 जोड़े मुस्लिम शामिल रहे।इस अवसर पर सत्तार प्रधान,आरिफ प्रधान,राहुल कश्यप प्रधान,सत्तार अली,मौ.रजा प्रधान,सचिव संजीव कुमार, सेठपाल, मोहित बालियान, गौरव बालियान, समीम अहमद, मोहसीन, अंकुर कुमार, अभिषेक बालियान, आलोक कुमार आदि मौजूद रहे

# मुजफ्फरनगर में हुआ यूपी की पैरा कबड्डी सीनियर टीम के चयन का ट्रायल

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के गांव काकड़ा में स्थित यस स्पोर्ट्स एकेडमी में पैरा एमेच्योर कबढी एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित फर्स्ट पैरा मेन कबढी सीनियर नेशनल उत्तर प्रदेश टीम चयन को ट्रायल आयोजित किया गया।

इंटरनेशनल कबढी खिलाड़ी काकड़ा निवासी रोहित बालियान ने बताया कि 23 मार्च 2026 को यस स्पोर्ट्स एकेडमी में आयोजित ट्रायल में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से पैरा कबढी खिलाड़ी चयन ट्रायल देने के लिए पहुंचे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिन्हें फर्स्ट पैरा कबढी सीनियर नेशनल चौंपियनशिप 2026 में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा, जो कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, मोहाली में आयोजित की जाएगीरू

चयनित खिलाड़ियों में राहुल, प्रदीप, पवन, बृजमोहन, मनीष, रितेश, दीप, जितेंद्र, धर्मराज, रोहित, मोहित एवं विकास शामिल हैं। चयनित किए गए सभी खिलाड़ी कोच राहुल कुमार एवं मैनेजर अवनीश कुमार के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। एसोसिएशन द्वारा सभी चयनित खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गई और आशा व्यक्त की गई कि वह सभी कबढी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

## ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्राली में मारी टक्कर

**मंसूरपुर।** मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा होने से टल गया, जब शुगर मिल जा रही गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हालांकि गनीमत रही कि चालक को गंभीर चोट नहीं आई और उसकी जान बच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव नावला निवासी कपिल त्यागी पुत्र सेवाराम त्यागी मंगलवार सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली में गन्ना भरकर मंसूरपुर शुगर मिल जा रहे थे।जैसे ही वह हाईवे पर खानूपुर श्मशान घाट के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उनकी ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई और चालक झटके से दूर जा गिरा। हादसे में चालक बाल-बाल बच गया, लेकिन ट्रैक्टर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से वाहन समेत फरार हो गया।पीड़ित किसान ने मामले में अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# बार एसोसिएशन बुढ़ाना का चुनाव पूरे यौवन पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना की नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए पूर्व घोषणा के अनुसार मंगलवार के दिन नामांकन पत्र जमा किए गये। जांच के दौरान पूर्व कार्यकारिणी में पदार्धधिकारी होने के कारण 2 नामांकन पत्र निरस्त किए गए। वहीं अध्यक्ष पद पर ब्विास कुमार और सुरेश पाल वर्मा के बीच सीधा मुक. ाबला होने के आसार है। मुख्य चुनाव अधिकारी हरबीर सिंह और बालकिशन शर्मा ने बताया कि बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी में 20 पद है। इस चुनाव में दो गुट आमने सामने है। 20 पद हेतु दोनों गुटों ने खरीदे गए सभी नामांकन पत्र जमा किए। मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच के दौरान पूर्व कार्यकारिणी में पदाधिकारी होने के कारण वरिष्ठ सदस्य पद के लिए अजय कुमार तथा कनिष्ठ सदस्य पद के लिए संदीप कुमार का नामांकन पत्र निरस्त किया गया। आज बुधवार को सुबह 11 बजे से सायं 03 बजे तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे।

उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन 03 बजे से 5 बजे के बीच कर दिया जाएगा। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि अध्यक्ष पद पर ब्विास कुमार और सुरेश पाल वर्मा के बीच तथा महासचिव पद पर सुभाष चंद और सुशील कुमार आमने सामने है। कोषाध्यक्ष के पद पर मोहिद अहमद और ज्ञानेन्द्र कुमार के बीच मुकाबला होगा। चुनाव अधिकारियों ने बताया कि नाम वापसी के बाद चुनावी प्रत्याशी स्पष्ट होंगे। किसके बीच मुकाबला होगा कौन निर्विरोध चुना जाएगा। उधर सब नामांकन पत्र जमा करने के दौरान दोनों गुटों के प्रत्याशी और समर्थक अधिवक्ताओं की भी उपस्थिति देखने को मिली।

## पुलिस चौकी के बाहर युवक को वीडियो में धकिया रहे कुछ लोग

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना पुलिस चौकी के बाहर आधा दर्जन के करीब कुछ लोग एक युवक कोघ धकियाते हुए लेकर जा रहे हैं। जिसमें कहा जा रहा है कि बुढ़ाना पुलिस चौकी के बाहर कुछ लोग एक युवक की पिटाई कर रहे हैं हालांकि वीडियो में युवक को धकियाया ही जा रहा है। मारपीट करने की कोई भी बात सामने नहीं आई है। इस संबंध में कस्बा चौकी इंचार्ज ने कहा है कि उनको वीडियो वायरल होने का कोई संज्ञान नहीं फिर भी वे इसको दिखवाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मोरना में पशुपालकों को दिया गया प्रशिक्षण

**मोरना।** पशुपालन विभाग द्वारा मंगलवार को मैत्री पैरावेट एवं प्रगतिशील पशुपालकों के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण एवं प्रसार योजना राज्य योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पशुपालकों को पशुओं में होने वाली विभिन्न बीमारियों, उनके लक्षण एवं बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई।

मोरना ब्लॉक कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कपूर एवं उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी व मास्टर ट्रेनर डॉ. नागेंद्र कुमार सिंधु ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि समय पर टीकाकरण, संतुलित आहार एवं स्वच्छता अपनाकर पशुओं को बीमारियों से बचाया जा सकता है। उन्होंने पशुपालकों को आधुनिक पशुपालन तकनीकों की जानकारी भी दी। इस दौरान पशुपालन को लाभकारी व्यवसाय के रूप में अपनाने तथा दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए जागरूक किया गया। विशेषज्ञों ने पशुपालकों से अपील की कि वह विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय में वृद्धि करें। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक पशुपालकों एवं मैत्री पैरावेट कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग कर प्रशिक्षण का लाभ उठाया।


### नशा तस्कर की करोड़ों की सम्पत्ति होगी कुर्क

**बुढ़ाना।** पुलिस नशा तस्करी के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की तैयारी कर रही है। दिसंबर 2025 में बुढ़ाना क्षेत्र में पकड़ी गई डेढ़ किलो स्मैक के मामले में हुए खुलासे के बाद शाहजहांपुर के कुख्यात तस्कर रियाज उर्फ बाबू की करोड़ों की संपत्तियों पर शिकंजा कसने की प्रक्रिया तेज हो गई है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा और एसपी देहात आदित्य बंसल के नेतृत्व में पुलिस ने रियाज की लगभग 35 संपत्तियों की पहचान की है। इनमें शोरूम, प्लॉट, ईंट-भट्ठे और अन्य अचल संपत्तियां शामिल हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 80 करोड़ रुपए आंकी गई है। इन संपत्तियों को जब्त करने के लिए न्यायालय से आदेश प्राप्त हो चुके हैं। कुर्की की कार्रवाई को अंजाम देने के लिए डिप्टी एसपी बुढ़ाना के नेतृत्व में कई टीमें गठित की जा रही हैं, जो जल्द ही इस बड़ी कार्रवाई को अमल में लाएंगी। स्मैक बरामदगी के बाद हुई जांच में रियाज की तस्करी नेटवर्क में सक्रिय भूमिका सामने आई थी। इसके बाद से पुलिस उसकी अवैध कमाई और आर्थिक तंत्र को ध्वस्त करने की रणनीति पर काम कर रही थी। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने स्पष्ट किया है कि नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और अवैध तरीके से अर्जित संपत्ति को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई प्रदेश में नशा माफिया के खिलाफ एक बड़ा संदेश देगी और ऐसे तत्वों के खिलाफ भविष्य में भी कड़े कदम उठाए जाएंगे।

### 5 लाख रुपये की कीमत का आरआरयू चोरी

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोरों ने पुलिस चौकी से महज एक सौ कदम की दूरी पर लगे एक मोबाईल टावर को निशाना बनाते हुए लगभग पांच लाख रुपये की कीमत का एक आरआरयू चोरी करते हुए बुढ़ाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्न चिन्ह लगा दिया। चोरों की इस घटना से बुढ़ाना पुलिस में जबरदस्त हड़कंप मच गया है। पूरी घटना आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद होने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की कस्बा पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर हिंडन नदी के समीप स्थित एक हॉस्पिटल की छत पर एयरटेल कंपनी का एसटी आईपीएल यूपी डब्ल्यू टावर साइट है। मंगलवार की अल सुबह लगभग सवा चार बजे कुछ अज्ञात चोर पीछे की ओर से सीढ़ी लगाकर टावर पर चढ़े और वहां से एक आरआरयू डिवाइस चुरा ले गए। जिसकी कीमत लगभग पांच लाख रुपये की बताई गयी है। सीसीटीवी फुटेज के सामने आने के बाद कंपनी अधिकारियों में हलचल मच गई। उन्होंने तत्काल बुढ़ाना पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। कंपनी की ओर से दिलनवाज त्यागी ने पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई है। उधर बुढ़ाना कस्बा चौकी इंचार्ज ललित कुमार कसाना ने बताया कि आरआरयू डिवाइस चोरी हुई है जिसकी कीमत लगभग पांच से छह लाख रुपये है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मुकदमा दर्ज किया जा रहा है और चोरों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। दूसरी ओर कुछ लोगों के अनुसार तीसरी मंजिल पर मोबाइल टावर लगा है। बेखौफ चोरों के द्वारा आरआरयू को रस्सी से बांधकर तीसरी मंजिल से नीचे लटकाया गया और फिर बाद में नीचे गिराकर ले गये। चोरों ने मोबाइल टावर से आरआरयू चोरी करते समय सीढ़ी का प्रयोग किया है। घटना की सूचना पर पुलिस ने उक्त हस्पताल की छत पर पहुंचकर जांच की और तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी।

### अब्दुल्ला आरिफ को सांत्वना देने पहुंचे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष व प्रभारी



मुजफ्फरनगर। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने पार्टी प्रदेश सचिव एवं सहारनपुर प्रभारी अब्दुल्ला आरिफ के घर पहुंच कर उनकी वालिदा रिहाना परवीन के निधन पर दुख जताया और बीमार वालिद आरिफ एडवोकेट का भी हालचाल जाना। रमजान में हुए अब्दुल आरिफ की वालिदा के निधन पर उन्होंने सांत्वना देते हुए कहा कि दु:ख की घड़ी में पार्टी उनके साथ है। इस दौरान उनके साथ बागपत जिलाध्यक्ष लव कश्यप, सहारनपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष मुजफ्फर भी मौजूद रहे। इससे पूर्व अब्दुल्ला आरिफ को विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पत्र लिखकर उनकी माता के निधन पर शोक जताया था।

# खोये हुए 144 स्मार्ट मोबाईल फोन पुलिस ने वापस लौटाए

**मुजफ्फरनगर।** अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ जोन, मेरठ एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर के निर्देशन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण तथा पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ एवं प्रभारी निरीक्षक सर्विलांस सैल राजीव कुमार के नेतृत्व में सर्विलांस सैल व थाना पुलिस टीम द्वारा यह सराहनीय कार्यवाही की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में जनपद में नागरिकों के गुमशुदा/खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निरंतर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ के निकट पर्यवेक्षण में सर्विलांस सैल एवं जनपद के विभिन्न थानों द्वारा भारत सरकार के पोर्टल एवं आधु. निक सर्विलांस तकनीक की सहायता से प्राप्त के आधार पर विगत 3 माह के दौरान कुल 144 स्मार्ट मोबाइल फोन को बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश व अन्य जनपदों से सफलतापूर्वक बरामद किया गया।

मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण के अंतर्गत एवं नवरात्रि सप्ताह के शुभ अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा बरामद समस्त मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए गए। इस दौरान विशेष रूप से महिला मोबाइल स्वामियों ने अपनी खोई हुई संपत्ति पुन: प्राप्त कर



अत्यधिक प्रसन्नता व्यक्त की तथा मुजफ्फरनगर पुलिस के इस जनहितकारी एवं संवेदनशील प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए आभार प्रकट किया। महिलाओं द्वारा बताया गया कि इस पहल से उनके मन में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना और अधिक सुदृढ़ हुई है, जो मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों को सार्थक करता है। इस अवसर पर पुलिस एवं आमजन के मध्य विश्वास और अधिक सुख्रढ़ हुआ। इस सराहनीय कार्यवाही से आम जनमानस में अत्यधिक प्रसन्नता व्याप्त है तथा मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा किए गए इस जनसेवात्मक प्रयास की चारों ओर सराहना की जा रही है।

# शिक्षा चौपाल में किए गए सांस्कृतिक प्रोग्राम

**बुढ़ाना।** मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय कुर्थल नंबर एक में शासन के आदेश के अनुपालन में निपुण भारत मिशन के निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति तथा जन समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से शिक्षा चौपाल का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती किरण यादव की अध्यक्षता में किया गया। शिक्षा चौपाल में ग्राम पंचायत कुर्थल की ग्राम प्रधान श्रीमती मंजू देवी, बीईओ किरण यादव, कुर्थल आयुर्वेदिक हॉस्पिटल से डॉक्टर श्रीमती लता मलिक, ब्लॉक कुर्थल के सभी एआरपी व न्याय पंचायत कुर्थल के समस्त शिक्षक संकुल सत्र 2025- 26 में न्याय पंचायत कुर्थल के निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। सर्वाधिक उपस्थित वाले छात्र छात्राएं शिक्षा चौपाल में सांस्ख्रतिक प्रोग्राम प्रस्तुत करने वाले सभी बच्चों तथा सभी कक्षाओं मे से दो सबसे प्रतिभाशाली बच्चों को एवं जवाहर नवोदय विद्यालय मे कक्षा छह के लिए चयनित छात्र को सम्मान प्रतीक उपहार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में शिक्षा चौपाल का आयोजन शासन द्वारा भेजे गए एजेंडे के अनुसार किया गया। सभी अभिभावकों से शिक्षा चौपाल के उद्देश्यों को साझा किया गया तथा ग्रामवासियों से अधिक से अधिक एडमिशन प्राथमिक विधालय कुर्थल मे कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रोग्राम की समाप्ति पर उपस्थित अभिभावकों को सूक्ष्म जलपान कराते हुई सफलतापूर्वक प्रोग्राम का समापन हुआ। इस अवसर पर न्याय पंचायत से सतीश कुमार, विनोद सहरावत, अंकुज वीर, विनोद मलिक, डॉक्टर अनिल कुमार, मनीषा, तारावती एवं ग्राम कुर्थल से एसएमसी अध्यक्ष धन प्रकाश, ओमप्रकाश, बुद्ध सिंह, गजेंद्र सिंह और यशपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बजरंग दल कार्यकर्ता मुस्लिम एरिए में बंद करा रहे मीट शॉप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो रील बहुत ही तेजी से वायरल हो रही है। वीडियो के अनुसार बजरंग दल के दर्जनों कार्यकर्ता बुढ़ाना कस्बे के लुहसाना रोड मुस्लिम एरिये में पहुंचकर एक मीट शाप के आनर को नवरात्रों का हवाला देते हुए दुकान बंद करने को कह रहे हैं।

तभी वहां पर भीड़ एकत्रित हो जाती है। कार्यकर्ता गले में भगवा पटा डाले हुए हैं। तब अल्पसंख्यक समाज के लोग भगवाधारियों से खुशामदी लहजे में कह रहे हैं कि वे दुकान बंद कर देंगे। वीडियो की शुरुआत जय श्री राम के नारे से शुरु हो रही है। यह तो गनीमत रही कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोग बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की खुशामद ही करते ही दिखे। पुलिस इस दौरान दूर दूर तक भी नहीं दिखी। लोगों का कहना था कि इन लोगों को तो यहां पर ऐसे नहीं आना चाहिए था।

अगर दूसरी तरफ से एक प्रतिशत भी कोई हलचल हो जाती तो मामला दूसरा रुप ले सकता था लेकिन फिर भी वीडियो में साफ दिखाई पड़ रहा है कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोग बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की खुशामद ही करते हुए माहौल को गर्म होने से बचा रहे हैं। ये वीडियो रील खूब देखी जा रही है। इस संबंध में इस तरह से खुले रूप से सडक पर जमा दूसरे सांप्रदाय के लोग आखिर क्या चाह रहे थे। इसको लेकर भी तरह तरह की चर्चाएं फैली हैं। इस बारे में बुढ़ाना कस्बा चौकी प्रभारी ललित कसाना का कहना है कि दुकानदार मीट नहीं बैंच रहा था। वह सिर्फ अपनी दुकान पर सफाई करने के लिए आया था कि वहां से गुजर रहे कुछ लोगों की नजरें उस पर पड़ी तो उन्होंने उसको बंद करने को कह दिया। कोई हंगामा नहीं हुआ।

## तमंचे के साथ किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**भोपा।** गंग नहर पटरी पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया है। प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक सपन चौधरी व सुमित चौधरी की टीम मंगलवार दोपहर गंग नहर पटरी तिस्सा रजवाहे के पास चेकिंग कर रही थी कि तभी सीकरी निवासी मुकीम पुत्र बुन्दू पुलिस को देखकर भागने लगा तो पुलिस ने उसे घेरकर पकड लिया तथा तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद किया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध अवैध हथियार रखने का मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

# होली चाईल्ड में रिकगनिशन सैरेमनी का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** 50 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के ऐसे व्यक्तियों जो विभिन्न क्षेत्रों जैसे- गायन, नृत्य, योग, साहित्य/कविता/लेखन फोटोग्राफी, कला, महिला सशक्तिकरण, समा. जसेवा, खेल, स्वास्थ्य, पत्रकारिता, संगीत, इत्यादि में पारंगत, 161 बहुमुखी प्रतिभाओं/व्यक्तियों को अभिनन्दन पत्र, सम्मान प्रतीक एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मेजर जनरल द्धरिटा0ऋ प्रमोद सहगल, विद्या वैभव एजुकेशनल कोनक्लेव अवार्ड के चौयर पर्सन श्रुतिधारा आर्य, इण्डियन इण्डस्ट्रिज एसो. शिएशन के नेशनल सैक्रेटरी एवं कार्यक्रम के को-स्पोन्सर कुशपुरी, प्रतिष्ठित शिक्षाविद् एवं समाज सुधारक स्वामी तेजवरानन्द, स्पीक मैके के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 आर0एम0 तिवारी, कार्यक्रम अध्यक्ष मुजफ्फरनगर के प्रतिष्ठित समाजसेवीकुंवर देवराज पंवार जी,




चौयरमेन एन.आई.एच. डॉ0 विनोद कश्यप, लेखक तथा समाजसेवी प्रत्यूष गोयल एवं मेरा वजूद फाउण्डेशन के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर उक्त समारोह का शुभारम्भ किया गया। मेरा वजूद फाउण्डेशन के चौयरमेन प्रवेन्द्र दहिया, कार्यकारी सचिव सुश्री समृद्धि त्यागी, संरक्षक प्रत्यूष गोयल, उपाध्यक्ष डॉ0 रणवीर सिंह, कोषाध्यक्ष पंकज धीमान, सलाहक. ार डॉ0 कीर्तिवर्धन अग्रवाल, डॉ0 राजीव कुमार, कार्यकारिणी सदस्य संजीव अग्रवाल, प्रेरक जैन, रचना सिंह, अंकित चौधरी, आदित्य दहिया एवं सुदेशवीर द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं सम्मान प्रतीक भेंट कर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। सुश्री समृद्धि त्यागी द्वारा स्वागत उद्बोधन में उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए रिकगनिशन सैरेमनी एवं मेरा वजूद फाउण्डेशन द्वारा समाज हित में किये जा रहे कार्यों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी।

# खुजेडा में मारपीट के दौरान गोली चलने से हड़कंप

**मोरना।** खुजेडा गांव में मंगलवार की शाम पुरानी रंजिश को लेकर एक पक्ष पर मारपीट का आरोप है। मारपीट में एक महिला व एक बालक सहित चार व्यक्ति घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया वहीं मारपीट के दौरान गोली चलने की सूचना से गांव में हड़कम्प मच गया मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए घटना की जानकारी की है।वहीं एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमे एक महिला ायरिंग होना बता रही है तथा फायर की आवाज़ भी सुनाई पड़ रही है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खुजेडा में मारपीट की घटना में 65 वर्षीय मीर हसन पुत्र अमीर अहमद, इमरान पत्नी स्व. कय्यूम 55 वर्ष, ऊजाल पुत्र कय्यूम 23 वर्ष व वसीम पुत्र गुलजार 12 वर्ष घायल हो गए। घायलो को उपचार के लिये भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा गया है।पीड़ित पक्ष के इनाम अली ने बताया कि शाम6:45 पर आधा दर्जन आरोपियों ने एक राय होकर घर मे घुसकर तोड़फोड़ की व पथराव किया व फायरिंग की है।ग्राम प्रधान मौ.सुलेमान ने बताया कि दोनो पक्षो में चली आ रही रंजिश को लेकर मंगलवार की सुबह गणमान्य व्यक्तियों नेैसला करा दिया था।पुराने विवाद का पटाक्षेप होने के बावजूद एक पक्ष द्वारा मारपीट की गयी है।

थानाध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह ने बताया कि खुजेडा गाँव मे झगड़े की सूचना मिली थी वह मौके पर तैनात हैं।वायरल वीडियो मेंपायरिंग की घटना स्पष्ट नही है।जांच की जा रही है।जिसके उपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया विज्ञान लैब का उद्घाटन

**पुरकाजी।** ग्लोबल अकैडमी शेरपुर खादर में विज्ञान लैब का शुभारंभ हुआ मिली जानकारी के अनुसार दाग्लोबल अकैडमी शेरपुर खादर में समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार देविन्दर सिंह खालसा द्वारा अकादमी में विज्ञान लैब का फीता काटकर उद्घाटन किया जिसमें उन्होंने बताया की बताया कि खादर क्षेत्र के छात्रों को कम खर्चे में विज्ञान लैब का फायदा मिलेगा जिससे शिक्षा के क्षेत्र में एक नई जागृति होगी इस मौके पर उप प्रधानाध्यापक संगीत धिमान विज्ञान के अध्यापक आशू



कुमार पूजा अमन मोनिका आदित्य अध्यापक अध्यापिकाओं सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे

# एसडी मैनेजमेंट में विद्यार्थियों ने डिजिटल युग में मीडिया की महत्ता को जाना

**मुजफ्फरनगर।** एस. डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत इन्फोटेनमेंट क्लब द्वारा मीडिया को समझने और सही-गलत पहचानने की बुनियाद विषय पर एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक गतिविधि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मीडिया के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा उनमें तार्किक एवं आलोचनात्मक सोच की क्षमता को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के माननीय प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल एवं बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में मीडिया का प्रभाव अत्यंत व्यापक हो चुका है। ऐसे में विद्यार्थियों के लिए यह आवश्यक है कि वे प्राप्त होने वाली सूचनाओं का सही विश्लेषण कर सकें और सत्य एवं असत्य के बीच अंतर समझ सकें। उन्होंने कहा कि मीडिया साक्षरता आज के समय की अनिवार्य आवश्यकता बन गई है, जो विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक बनने में सहायक सिद्ध होती है। बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि केवल जानकारी प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उस जानकारी का सही ढंग से मूल्यांकन करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे हर सूचना को बिना जांचे परखे स्वीकार न करें, बल्कि उसके स्रोत, उद्देश्य और प्रभाव को समझने का प्रयास करें। उन्होंने इस प्रकार की गतिविधियों को विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक रोहन त्यागी रहे, जिन्होंने मीडिया को समझने और सही-गलत पहचानने की बुनियादष विषय पर विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मीडिया के विभिन्न आयामों, जैसे समाचार, सोशल मीडिया, विज्ञापन एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के प्रभाव को सरल और रोचक तरीके से समझाया। उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार गलत सूचना और भ्रामक सामग्री समाज में भ्रम उत्पन्न कर सकती है, और इससे बचने के लिए किन-किन उपायों को अपनाना चाहिए। रोहन त्यागी ने उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को यह समझाया कि किसी भी सूचना पर ब्विास करने से पहले उसके स्रोत की ब्विसनीयता की जांच करना आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को यह भी सिखाया कि वे तथ्यों और विचारों में अंतर कैसे पहचानें तथा सोशल मीडिया पर साझा की जाने वाली जानकारी के प्रति सतर्क कैसे रहें। उनके द्वारा प्रस्तुत सामग्री ने विद्यार्थियों को विषय के प्रति गहन समझ प्रदान की और उन्हें सक्रिय रूप से सोचने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं को प्रश्नों के माध्यम से व्यक्त किया। इस संवादात्मक सत्र ने



कार्यक्रम को और भी प्रभावशाली बना दिया। विद्यार्थियों ने इस प्रकार की गति. विधियों की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें न केवल नई जानकारी मिली, बल्कि उनके सोचने और समझने के ख्रष्टिकोण में भी सकारात्मक परिवर्तन आया। इस अवसर पर बीबीए विभाग के सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें मोहम्मद अंजर, संजय शर्मा, दीपक गर्ग, सोनिका, पूरवी, प्राची, रोहन त्यागी, प्रशांत गुप्ता, विनीता चौधरी, सतीश, अमित, पवन बलियान एवं लवी वर्मा शामिल रहे। सभी शिक्षकों ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया और विद्यार्थियों को निरंतर मार्गदर्शन प्रदान किया । कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार की ज्ञानवर्धक गतिविधियों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। इस आयोजन ने न केवल विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि की,

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह आयोजित

## 9 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत की गई घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में एमएलसी वीरेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा रामजी लाल कश्यप, प्रभारी जिलाधिकारी/अपर जिलाधिकारी सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में विश्व क्षय रोग दिवस एवं टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जनपद की 09 ग्राम पंचायतो को टीबी मुक्त पंचायत घोषित किया गया। आयोजित कार्यक्रम मे जनपद के अनेको संस्था जैसे अजुमन खिदमत, आस्था नर्सिंग होम, अवर इण्डिया फाउडेंशन, इनर व्हील क्लब, रेड क्रॉस सोसायटी एवं मन्दिर महादेव शिववालय के द्वारा 10-10 टीबी मरीजो को गोद लेकर पोषण पोटली किट वितरण की गयी।





मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी वीरेन्द्र सिंह ने अपने संबा. धन में कहा कि स्वास्थ्य हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है स्वास्थ्य ठीक है तो सब कुछ है अगर स्वास्थ्य ठीक नहीं है तो कुछ नहीं है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पहले आदमी स्वस्थ्य रहता था और खेत में भी साइकिल पर जाता था आज जहां सुविधाएं बढ़ गई है तो आदमी खेत में भी मोटर बाइक से जाता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ठीक ना रहने का कारण आदमी का रहन-सहन और खानपान की लापरवाही है। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं से कहा कि अपने आसपास के लोगों को जागरूक करें यदि कहीं किसी को टीबी के लक्षण है तो उसको सरकारी अस्पताल में भेजें ताकि उसको समय से इलाज मिले और वह स्वस्थ रह सकें। जिलाध्यक्ष भाजपा रामजी लाल कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को क्षय मुक्त बनाने का जो संकल्प देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने लिया है उसको पूरा करना है और भारत को क्षय मुक्त बनाने में अपना सहयोग देना है। इस अवसर पर प्रभारी जिला. धिकारी/ अपर जिलाधिकारी सत्येन्द्र सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आदमी के अंदर आंतरिक क्षमता हो तो वह किसी भी बीमारी से लड़ सकता है और टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की पहल से सरकारी अस्पतालों ने इसका इलाज निशुल्क है। इस अवसर डा अनिल कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि आज इस कार्यकम में जनपद शामली की 09 ग्राम पंचायत जो टीबी मुक्त पंचायत घोषित होने पर उनको एमएलसी वीरेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा, रामजी लाल कश्यप, प्रभारी जिलाधिकारी द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमे ब्लॉक कांधला से 04 ग्राम पंचायत रसुलपुर, हुरमजपुर, रामपुर खेडी एवं मीमला ब्लॉक ऊन से 02 ग्राम पंचायत भाटटू एवं राझड ब्लॉक थानाभवन से 02 ग्राम पचायत यारपुर एवं मारूखेडी ब्लॉक कैराना से 01 ग्राम पंचायत हिगोखेडी को कांस्य, रजत एवं स्वर्ण कलर की महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया कास्य पदक के लिये ग्राम पंचायत मीमला, रामपुरखेडी, भाटटू, राझड एवं मारूखेडी व रजत पदक के लिये ग्राम पचायत रसुलपुर, यारपुर एवं हिगोखेडी व स्वर्ण पदक के लिये ग्राम पंचायत हुरमजपुर का चयन कर टीबी मुक्त ग्राम पचांयत घोषित किया गया। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डाद्ध विनोद कुमार द्वारा बताया गया कि टीबी मुक्त पंचायत घोषित होने वाली ग्राम पंचायत एक वर्ष के लिये वैध होगे जो महात्मा गांधी की प्रतिमा सम्मान के लिये दी गयी है वह ग्राम पंचायत सदन में रखी जायेगी एवं जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में जनपद में 2701 टीबी रोगी इलाज ले रहे है जिनको निशुल्क इलाज एवं निक्षय पोषण योजना का लाभ दिया जा रहा है एवं बताया गया कि उपचार ले रहे रोगियो को निक्षय मित्रो से जुडवाकर गोद दिलाने का अभियान भी चलाया जा रहा है जिसमे मरीज को पोषण पोटली वितरण की जा रही है। विश्व क्षय रोग दिवस कार्यक्रम पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायत में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी को विनिता, लाली तोमर, विरेन्द्र , शालिनी, तनिष्का सैनी आदि को माननीय मुख्य अतिथिगण व अधिकारीगण द्वारा प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यकम मे जनपद के सीएमओ डॉ अनिल, सीएमएस डॉ किशोर आहुजा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीपीएम, डीसीपीएम, डीपीसी पीपीएम, टीबीएचआईवी लेखाकार, समस्त एसटीएस व एसटीएल मौजूद रहें।

## ओबीसी युवाओं को स्व रोजगार को देंगे प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग रितिका गुप्ता ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत प्रशिक्षण कें लिए अभ्यर्थियों का चयन ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्तर प्रदेश, कानपुर स्थित उद्यमिता विकास अनुभाग-09 के निर्देशों के क्रम में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की कुल अवधि चार माह होगी, जिसमें एक माह का सैद्धांतिक तथा तीन माह का व्यवहारिक प्रशिक्षण शामिल रहेगा। इस योजना का उद्देश्य प्रतिभागियों को रोजगारपरक कौशल प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण के अंतर्गत मुख्य रूप से टेलरिंग (सिलाई) ट्रेड शामिल किया गया है। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी का अन्य पिछड़ा वर्ग से होना अनिवार्य है। गैर-तकनीकी ट्रेड के लिए अभ्यर्थी को पढ़ने-लिखने का सामान्य ज्ञान होना चाहिए, जबकि तकनीकी ट्रेड के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता आठवीं पास निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इच्छुक अभ्यर्थी 5 अप्रैल 2026 तक विभाग की आधिकारिक वेबसाइट www.msme.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, औद्योगिक आस्थान, कैराना रोड, कण्डेला-शामली कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क कर सकते हैं।

## कोचिंग जाती छात्रा से छेड़छाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में एक छात्रा ने दो युवकों पर छेड़छाड़ और फब्तियां कसने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी एक छात्रा कस्बे में ही कोचिंग के लिए आती-जाती है। आरोप है कि दो युवक पिछले कई दिनों से उसका पीछा कर रहे हैं और उस पर फब्तियां कसते हैं। छात्रा ने बताया कि जब उसने इस हरकत का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उसे डराने-धमकाने की कोशिश की।पीड़िता ने पूरे मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।



## अनियंत्रित कार ख्याबड़ी गांव के पास रजवाहे में पलटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** चरथावल रोड स्थित ख्याबड़ी गांव के पास बीतीरात एक कार अनियंत्रित होकर राजवाहे में पलट गई। इसी दौरान वहां से गुजर रही 112 नंबर पुलिस टीम ने कार में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला स गनीमत रही कि हादसे में किसी को कोई गंभीर चोट नहीं पहुंची स घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने किसी प्रकार की कोई कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। 112 नंबर गाड़ी पर तैनात पुलिसकर्मी कंवरपाल ने बताया कि यह देर रात्रि 12:00 बजे की घटना है। इस दौरान हम उधर से गुजर रहे थे। तभी हमने कादरगढ़ चौकी को सूचना दी और सभी कार सवारो को सकुशल बाहर निकाला। सभी कार सवार गांव कुटेसरा मुजफ्फरनगर के निवासी बताए गए है। इस हादसे में किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई। राहत की बात यह रही कि राजवाहे में पानी नहीं था। वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था।

# बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में दो मासूम सहित पांच घायल

- गांव भूरा के पास हुआ दर्दनाक हादसा, टक्कर के बाद सड़क पर गिरे सभी बाइक सवार।
- महिला व दूसरे बाइक सवार की हालत गंभीर, हायर सेंटर रेफर, अन्य का सीएचसी में उपचार जारी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में पति-पत्नी और उनके दो मासूम बच्चों समेत पांच लोग घायल हो गए। गांव भूरा के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों क्षतिग्रस्त हो गईं और सभी सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के अनुसार, गांव भूरा निवासी सालिम अपनी पत्नी रिहाना और दो छोटे बच्चों आफिया व आयान के साथ बाइक से कैराना की ओर आ रहे थे, जैसे ही उनकी बाइक गांव भूरा के समीप पहुंची, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही दूसरी बाइक से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार संतुलन खोकर सड़क पर जा गिरे। हादसे में सालिम,उनकी पत्नी रिहाना, बेटी आफिया और बेटा आयान के अलावा दूसरी बाइक पर सवार युवक भी घायल हो गया। बच्चों के घायल होने की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद लोगों में चिंता का माहौल बन गया। हादसे के बाद आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को सड़क से उठाकर किनारे किया। राहगीर की सूचना पर तुरंत 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्धसीएचसीऋ कैराना में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने महिला और दूसरी बाइक सवार युवक की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया, जबकि अन्य घायलों का सीएचसी में उपचार जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए, जहां परिवार में कोहराम मचा हुआ है। उधर, स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसके बावजूद वाहन चालक लापरवाही बरतते हैं। लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।





## कांधला पुलिस ने 54 हजार रुपये कराए वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का शिकार हुए युवक को पुलिस ने बड़ी राहत दिलाते हुए उसकी पूरी धनराशि वापस करा दी। पुलिस की तकार्रवाई से पीड़ित ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार जताया। थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी तहसीन उर्फ तासीन पुत्र अब्बास के साथ विगत 2 जनवरी को साइबर ठगी की घटना हुई थी। अज्ञात ठगों ने उनके मोबा. इल में एपीके फाइल इंस्टॉल कराकर फोन को हैक कर लिया और ऑनलाइन माध्यम से उनके खाते से 54 हजार रुपये निकाल लिए। मामले में पीड़ित की तहरीर पर थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया था।पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के पर्यवेक्षण में थाने की साइबर सेवा केंद्र की टीम ने त्वरित कार्रवाई की।

# कोल्हू और ईट भट्टों पर कार्रवाई की डीएम ने मांगी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी जिलाधिकारी एवं अपर जिला. धिकारी सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति तथा जिला वृक्षारोपण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, गंगा स्वच्छता, जल गुणवत्ता सुधार और वृक्षारोपण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।



बैठक के दौरान सभी नगर निकायों को निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक माह नियमित रूप से जल गुणवत्ता की जांच कराएं और उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि नागरिकों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जा सके। इसके साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर सख्ती से नियंत्रण के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अर्थदंड की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रभारी जिलाधिकारी ने जैव विविधता के संरक्षण पर भी विशेष जोर देते हुए जैव विविधता पंजिका को तैयार कर उसे नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कोल्हू और ईंट भट्टों के खिलाफ की गई प्रवर्तन कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट प्रदूषण नियंत्रण विभाग को भेजने के निर्देश दिए, ताकि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की कार्यप्रणाली की नियमित जांच कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही छोटी नदियों के संरक्षण और उनके जीर्णोद्धार के लिए अलग से समीक्षा बैठक आयोजित करने की बात कही गई, जिससे जल स्रोतों को पुनर्जीवित किया जा सके। बैठक में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा (16 मार्च से 31 मार्च 2026) को प्रभावी ढंग से आयोजित करने के निर्देश दिए गए। इसके लिए सभी नगर निकायों और खंड विकास अधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने को कहा गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए ग्रीन चौपाल आयोजित करने, आगामी वृक्षारोपण की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने तथा विभागवार नोडल अधिकारियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और अपने-अपने कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# एकता जांगिड बनी एक दिन की डीआईओएस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत छात्राओं को सशक्त बनाने और उनमें आत्मवि श्वास विकसित करने के उद्देश्य से एक दिन का अधिकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की कक्षा 11 की छात्रा एकता जांगिड़ को एक दिन के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई।



कार्यक्रम के तहत एकता जांगिड़ ने डीआईओएस कार्यालय पहुंचकर वहां की प्रशासनिक कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा। उन्होंने कार्यालय में चल रहे विभिन्न कार्यों का अवलो. कन किया और अधिकारियों व कर्मचारियों से संवाद स्थापित कर शिक्षा विभाग की कार्यशैली, फाइल निस्तारण प्रक्रिया तथा शिकायतों के समाधान की व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अनुभव ने छात्रा को प्रशासनिक कार्यों की गहराई को समझने का अवसर प्रदान किया। इस दौरान डीआईओएस ऐ श्वर्या जायसवाल ने छात्रा को विभागीय प्रक्रियाओं से अवगत कराया और कार्यालय का निरीक्षण भी कराया।

उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्राओं को प्रशासनिक जिम्मेदारियों से परिचित कराना और उनमें नेतृत्व क्षमता विक. सित करना है, ताकि वे भविष्य में आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें। कार्यक्रम के दौरान एकता जांगिड़ ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह अवसर उनके लिए बेहद प्रेरणादायक रहा और इससे उन्हें प्रशासनिक कार्यों के प्रति नई समझ मिली। इस अवसर पर छात्रा के पिता प्रमोद जांगिड़ उर्फ राजू मेम्बर, विद्यालय के प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार तथा लिपिक धर्मेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आगे बढ़ने और बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करना रहा।



## राशन कार्ड कटने की समस्या से ग्रामीणों में छाया आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** तहसील क्षेत्र के गांव चंदेनामाल में राशन कार्ड कटने की समस्या को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इस संबंध में ग्रामीणों ने एसडीएम सदर को शिकायती पत्र सौंपते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना किसी ठोस जांच-पड़ताल के गांव के एक दर्जन से अधिक पात्र लोगों के राशन कार्ड काट दिए गए हैं, जिससे उनके सामने भरण-पोषण का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राशन डीलर और जिला खाद्य आपूर्ति विभाग के कुछ अधिकारियों की कथित मिलीभगत से यह कार्रवाई की गई है। उनका कहना है कि जिन लोगों ने राशन वितरण में घटतौली का विरोध किया और अंत्योदय कार्ड धारकों को निर्धारित मात्रा से कम राशन दिए जाने पर आवाज उठाई, उन्हीं को निशाना बनाकर उनके राशन कार्ड निरस्त कर दिए गए। शिकायती पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि गांव की राशन कार्ड सूची में लगभग 150 से 200 फर्जी यूनिट जोड़ दिए गए हैं। इससे वास्तविक पात्र लाभार्थियों का हक प्रभावित हो रहा है और उन्हें सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है।

ग्रामीणों ने इस पूरे मामले को गंभीर बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है, ताकि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। ग्रामीणों ने एसडीएम से मांग की कि अपात्र व्यक्तियों की पहचान कर उनके राशन कार्ड निरस्त किए जाएं और जिन पात्र लोगों के कार्ड गलत तरीके से काटे गए हैं, उन्हें तत्काल प्रभाव से बहाल कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान सुनील, कुलद. ीप, सोनू कुमार, प्रीति, संगीता, पप्पू, सतीश शर्मा, तेजपाल सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# व्यापारियों ने समस्याओं को लेकर किया मंथन

## रॉक गोल्ड एकेडमी में हुई व्यापारियों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उद्योग व्यापार प्रति. निधि मंडल उत्तर प्रदेश की शामली इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन शहर स्थित रॉक गोल्ड एकेडमी में किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने व्यापारियों की वर्तमान समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और उनके समाधान के लिए एकजुट होकर आवाज उठाने का आहवान किया।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकेश अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में व्यापारी वर्ग को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि व्यापारी लगभग 28 विभिन्न विभागों के दबाव और उत्पीड़न से जूझ रहा है, जिससे व्यापार करना दिन-प्रतिदिन कठिन होता जा रहा है। उन्होंने इस स्थिति को चिंताजनक बताते हुए कहा कि व्यापारियों को अपने अधिकारों और व्यापारिक कानूनों की सही जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि बिजली विभाग को पहले अपने सर्वर सिस्टम को पूरी तरह दुरुस्त करना चाहिए, उसके बाद ही स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया लागू करनी चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वर्तमान समय में व्यापारी की छवि को एक अपराधी के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसमें फिल्म, प्रशासनिक, राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्रों की भूमिका भी रही है। उन्होंने इस सोच को बदलने और व्यापारियों के सम्मान की रक्षा करने पर जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने ऑनलाइन व्यापार और बड़े उद्योग घरानों को लेकर भी असमानता का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बड़े उद्योगों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के लिए नियम अलग बनाए गए हैं, जबकि छोटे व्यापारियों पर कड़े नियम लागू किए जाते हैं। इससे छोटे व्यापारियों को प्रतिस्पर्धा में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा उन्होंने विभागीय सैंपलिंग प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि बार-बार सैंपल भरवाकर व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है, जबकि इसके स्पष्ट मानक निर्धारित नहीं हैं। खेतों में पानी और कीटनाशकों के उपयोग को लेकर भी स्पष्ट दिशा-निर्देशों की कमी बताई गई, जिससे व्यापारियों पर अतिरिक्त दबाव बनता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील गोयल ने की, जबकि संचालन गौरव रुहेला द्वारा किया गया। इस अवसर पर अरविंद कुमार, डॉ. राजेंद्र गोयल, हिमांशु जैन सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

## स्टंटबाज युवकों की लापरवाही बनी हादसे की वजह, बाइक को मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नेशनल हाईवे पर स्टंटबाजी कर रहे युवकों की लाप. रवाही एक बड़ा हादसा बन गई। तेज रफ्तार और खतरनाक स्टंट करते हुए बाइक सवार युवकों ने एक अन्य बाइक में टक्कर मार दी, जिससे पिता और पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कैराना में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

मंगलवार सुबह थाना भवन क्षेत्र के निवासी उपेश्वर कुमार प्रसाद पुत्र हरिया प्रसाद अपनी पुत्री श्रष्टि को बाइक पर बैठाकर पानीपत छोड़ने के लिए जा रहे थे। बताया जाता है कि जब वे कैराना के नेशनल हाईवे बाईपास पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तीन से चार बाइक सवार युवक स्टंट करते हुए तेज रफ्तार में पहुंचे। इसी दौरान स्टंट करते हुए युवकों की बाइक ने उफेश्वर कुमार की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि पिता और पुत्री सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैराना पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। घायल उपेश्वर कुमार ने बताया कि वह अपनी पुत्री को पानीपत छोड़ने के लिए जा रहे थे, तभी अचानक स्टंट कर रहे युवकों ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हो गया। फिलहाल इस संबंध में पुलिस को अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**सूचना**

शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

**सुनील वर्मा**

(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)

मो. 8630354443

कार्यालय पताः- ऊपरी मंजिल ओम प्लाजा मार्केट, इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली

# चालीस बीघा वन भूमि कराई मुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** मंगलवार को शिवालिक वन प्रभाग की शकुंभरी रेंज अंतर्गत ग्राम जसमोर में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 40 बीघा वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। यह कार्रवाई विभाग द्वारा अवैध कब्जों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।



वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अवैध अतिक्रमण को हटाया और भूमि को पुन: अपने कब्जे में लिया। पूरी कार्रवाई के दौरान स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही और किसी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई। अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

इस अभियान का नेतृत्व क्षेत्रीय वन अधिकारी सचिन कुमार ने किया। उनके साथ उप क्षेत्रीय वन अधिकारी राहुल त्यागी, जसमोर बीट प्रभारी मनीष भारद्वाज सहित वन विभाग की टीम मौजूद रही और कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

वन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही स्थानीय लोगों से अपील की गई है कि वे वन संरक्षण में सहयोग करें और वन भूमि पर अवैध कब्जा न करें।

# रुपये मांगने को लेकर हुई मारपीट में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर निवासी चचेरे व तहेरे भाईयों ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट व रूपयों के लेनदेन को लेकर मुकदमा दर्ज करते हुए कानूनी कार्यवाही की मांग की।

सुल्तानपुर के मोहल्ला सोलाल निवासी अंकित पुत्र तेजपाल ने अपने चचेरे भाई सोल्हा पुत्र राजेश पर आरोप लगाते हुए बताया कि वह अपने घर के बाहर खडा था कि उसके चचेरे भाई सोल्हा ने रूपयों के लेनदेन को लेकर गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। जिससे उसके सर में चोट लगने से खून बहने लगा। चीख पुकार सुनकर पीड़ित की पत्नी बीच बचाव को आयी तो विपक्षी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गया।वहीं विपक्षी वंश पुत्र राजेश ने थाना पर तहरीर देते हुए बताया कि वह अंकित पुत्र तेजपाल के साथ पानीपत में काम करने गया था, जहां विपक्षी का ट्रैक्टर पलट जाने के कारण पीड़ित को पेट में गंभीर चोट आयी थी। डॉक्टर ने पेशाब की नली फटने के कारण ऑपरेशन बताया हुआ है ओर पीड़ित को पेशाब की नली लगायी हुई है। वंश ने बताया कि वह जिस मालिक के पास काम करने गया था उसने अंकित को मेरे उपचार के लिए दो लाख रूपये दिये थे ओर मेरे द्वारा किये गये काम की मजदूरी के पचास हजार रुपये भी अंकित पर बकाया हैं। शनिवार की शाम को विपक्षी से रूपये मांगने पर विपक्षी ने उसके साथ मारपीट की यदि पीड़ित की मां बीच बचाव को आयी तो विपक्षी अंकित ने उसके साथ भी मारपीट की, जिससे मां के हाथ में चोट लगने से खून बहने लगा। पुलिस ने दोनों पक्ष के घायलों को मैडिकल जांच के लिए भेजते हुए, मकदमा दर्ज करने पश्चात मामले की जांच शुरू कर दी।

# शिविर में 84 यूनिट रक्त किया एकत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** अमर बलिदानी सुखदेव, भगत सिंह और राजगुरु के बलिदान दिवस के अवसर पर फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट द्वारा कस्बा में एक स्वैच्छिक रक्तदान शि. विर का आयोजन किया गया।



शिविर का उद्घाटन मनीष कुमार सैनी नामित सभासद अनिल सिंघल तथा डॉक्टर विपिन राठी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर 84 यूनिट रक्तदान किया गया।पंकज कुमार पाँचाल ने कहा कि देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी दी जा सकती है जब हम समाज के लिए कुछ करें। रक्तदान के माध्यम से हम किसी जरूरतमंद को जीवनदान देकर उनके आदर्शों को जीवित रख सकते हैं। विनीत रामपाल ने कहा कि रक्तदान एक सुरक्षित और आवश्यक प्रक्रिया है, जिससे असंख्य मरीजों की जान बचाई जा सकती है। ऐसे आयोजन समाज में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

रमन भारद्वाज ने कहा कि बलिदान दिवस पर आयोजित यह शिविर युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। जब युवा इस प्रकार के आयोजनों से जुड़ते हैं तो समाज में सकारात्मक बदलाव स्वत: देखने को मिलता है।शिविर का आयोजन पूर्णत: स्वैच्छिक एवं अनुशासित वातावरण में किया गया, जहाँ सभी चिकित्सीय मानकों का पालन सुनिश्चित किया गया।

# 350 साल पुराने शिवालय में गौरी शंकर की आरती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ।** टाण्डा मानसिंह स्थित प्राचीन शिवालय मंदिर में नवरात्र के पावन अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संध्या समय विधि-विधान से गौरी शंकर की आरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन पंडित गौरव शास्त्री द्वारा विधिवत रूप से संपन्न कराया गया।



मंदिर परिसर में बाहर से आए विशेष यजमानों का मंदिर समिति द्वारा पटका पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश की आरती से हुई, जिसके उपरांत गौरी शंकर की आरती तथा नवरात्र के अवसर पर माँ भगवती की आरती संपन्न कराई गई। आरती में ग्रामवासियों सहित बाहर से आए श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बारी-बारी से आरती कर धर्म लाभ अर्जित किया। आरती के पश्चात एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने नव-नियुक्त पार्षद भगवान सिंह उर्फ बब्बू व प्रवेश काम्बोज को शुभकामनाएं दीं। मंदिर समिति के अध्यक्ष सचिन राठौर ने बताया कि माह के प्रत्येक सोमवार की संध्या को मंदिर में महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व प्रधान त्रिलोकचन्द राठौर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बाबूराम राठौर, पूर्व प्रमुख महिपाल राठौर, एडवोकेट ओमपाल राठौर, एडवोकेट प्रमाल राठौर, सरदार गुरदयाल सिंह, दर्शन सिंह, जगत सिंह, बाबू अशोक राठौर, कमल राठौर, जनक राठौर, भोला काम्बोज, सोनू राणा, गुरमीत सिंह, निखिल राठौर, चरण सिंह , पंकज सिंह, भूपेन्द्र सिंह , सन्दीप वर्मा, संगीत सोम, बालकिशन गर्ग, कुलद. ीप सिंह, प्रमोद सैनी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहें।

# सीओ बेहट वैभव को मिली पदोन्नति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** उत्तर प्रदेश पुलिस में अपनी कार्यकुशलता और बेहतरीन छवि के लिए पहचाने जाने वाले क्षेत्राधिकारी बेहट एस एन वैभव पांडेय के करियर में आज एक नया अध्याय जुड़ गया। शासन द्वारा पदोन्नति की सूची जारी होने के बाद, उन्हें आधिकारिक रूप से अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर प्रमोट कर दिया गया है।



पुलिस लाइंस/कार्यालय में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन तथा एस पी देहात सागर ने एस एन वैभव पांडेय को नई रैंक के प्रतीक चिन्ह लगाए।एसएसपी ने उनके कंधों पर श्अशोक स्तंभश लगाकर उन्हें इस प्रतिष्ठित पद की बधाई दी। एसएसपी ने कहा कि एस एन वैभव पांडेय ने सहारनपुर में अपने कार्यकाल के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी पदोन्नति से विभाग के मनोबल में वृद्धि होगी। ।अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में एस एन वैभव पांडेय के पास जिले की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और प्रशासनिक कार्यों की अधिक व्यापक जिम्मेदारियां होंगी। उनकी कार्यशैली को देखते हुए विभाग को उम्मीद है कि वह आने वाले समय में पुलिसिंग को और अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाएंगे।पदोन्नति केवल एक पद का बढ़ना नहीं, बल्कि बढ़ती हुई जिम्मेदारियों और जनता के भरोसे का प्रतीक है।

# बाईक से पटाखे फोड़ने का विरोध करने पर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने विपक्षी तीन युवकों पर गली में बाईक से पटाखे फोड़ने से मना करने पर मारपीट का आरोप लगाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

ग्राम दुधगढ निवासी आसिफ पुत्र सालिम ने थाना पर तहरीर देते हुए अवगत कराया कि गांव के ही विपक्षी अनीस, नफीस व मुन्ना पुत्रगण हनीफ शनिवार की देर शाम गली में मोटरसाइकिल से पटाखे फोड़ रहे थे। पीड़ित ने गली में पटाखे फोड़ने से मना किया तो विपक्षियों ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी, बीच बचाव को आये पीड़ित के भाई को भी विपक्षियों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

# सभासदों ने कमाल अख्तर का जताया आभार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** आदर्श नगर पंचायत सभासदों द्वारा नगर पंचायत गेस्टहाउस में एक मीटिंग का आयोजन कर सपा विधायक कमाल अख्तर का आभार जताया।

मंगलवार की दोपहर दादा मीराजी रोड स्तिथ आदर्श नगर पंचायत सभासदों द्वारा नगर पंचायत गेस्टहाउस में एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमे नगर पंचायत सभासद फराज सिद्दीकी शाहिद खान उर्फ कालू सभासद पति सादिक सैफी सभासद राजपाल सिंह सभासद तेजपाल सभासद महन्दी हसन नम्बरदार सभासद मुख्तार आदि सभासद उपस्ति रहे.सभासदों का कहना था कि सपा विधायक कमाल अख्तर द्वारा 11 फरवरी को विधानसभा में सभासदों के वेतन मानदेय की आवाज उठाई थी। उनके द्वारा विधानसभा में मुद्दा सरहानीय है सभासदों को एक मीटिंग के लिए एक हजार रूपये दिया जाता है वो भी तब जब मीटिंग होती है जबकि प्रति महा मीटिंग नही होती और न ही मीटिंग की कोई सीमा तय है.विधानसभा में उठाये गए मुद्दे के अनुसार यदि कमसे कम दस हजार रूपये प्रतिमाह सरकार सभासदों को वेतन देती है तो यह सरकार का एतिहासिक फैसला होगा।

# डा.अरूण ने जीता ब्रोंज मेडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नगर के विख्यात चिकित्सक डॉ. अरुण शर्मा 65 वर्ष ने फिफ्थ खेलो मास्टर गेम 2026 प्रतियोगिता के 5 किलोमीटर एवं डेढ़ किलोमीटर की सीनियर सिटीजन दौड़ में हिस्सा लेकर तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रोंज मेडल पाकर नगर का नाम रोशन किया है।




चंडीगढ़ में 20 से 22 मार्च तक आयोजित खेलो मास्टर गेम में तीन हजार प्रतिभागियों ने भाग लिया। शुभारम्भ इंडियन ओलंपिक समिति के पूर्व प्रेसिडेंट डॉ. नरेंद्र ध्रुव बत्रा द्वारा किया गया। डॉ. अरुण शर्मा ने डेढ किमी दौड 7 मिनट 40 सेकिंड में पूर्ण उक्त उपलब्धि हासिल की। जबकि 5 किलोमीटर दौड़ 28 मिनट 20 सेकिण्ड में पुर्ण करके चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व भी डॉ. अरुण शर्मा कॉमनवेल्थ गेम्स विलेज दिल्ली में आयोजित खेलो मास्टर गेम्स 2025 में भाग लेकर डेढ़ किलोमीटर की दौड़ में हिस्सा लेकर ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके है और पारस मैराथन, वेदांत वेदांता हाफ मैराथन एवं आरजी स्टोन मैराथन में भाग लेकर गंगोह का नाम रोशन कर चुके है। डॉ. अरुण शर्मा की उक्त उपलब्धि पर विधायक किरत सिंह, पूर्व चेयरमैन नोमान मसूद, व्यापार मंडल अध्यक्ष मोल्हड मल गर्ग, डाक्टर्स एशोसिएशन के अध्यक्ष डा. ब्रजेश गुप्ता, प्रमोद गोयल, उषा गर्ग आदि ने बधाई दी।

# गौरव गुप्ता बने महानगर अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की आवश्यक बैठक में जिला अध्यक्ष अनिल गर्ग आर्य द्वारा क्षेत्रीय इकाई का गठन किया गया।

जिलाध्यक्ष द्वारा गौरव गुप्ता को लगातार दूसरी बार नगर अध्यक्ष मना. ेनीत किया गया। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से इस निर्णय का स्वागत किया। नवमनोनीत नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता ने कहा कि वह समाज के लिए हर समय तत्पर रहेंगे। जिला अध्यक्ष अनिल गर्ग आर्य ने कहा कि चिलकाना क्षेत्र में गौरव गुप्ता के नगर अध्यक्ष बनने से समाज को नयी ऊर्जा व दिशा मिलेगी। इस अवसर पर जिला प्रभारी व प्रदेश कार्य समिति के सदस्य दिनेश गुप्ता, धर्मपाल गुप्ता, हिमांशु गर्ग, विपिन गुप्ता, नील कमल गुप्ता,राकेश ऐरन, बसंत गुप्ता, गौरव, निशांक आदि सहित समाज के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पुरातन छात्रों ने ताजा की यादें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** हिन्दु राष्ट्रीय इण्टर कालेज के पुरातन साथी छात्रों को एक बार फिर गंगोह की याद ताजा हो गई। जिसके चलते 1974 बैच के इण्टर पास करने वाले छात्रों ने एक ग्रुप बनाकर बाकायदा एक मीट टू गैदर आयोजित की।

अतिथि मित्रों ने कालेज पहुंचकर संस्थापकों को नमन किया और अपनी यादों को ताजा किया। सुत्रधार व्यवसाई वीरेन्द्र गर्ग के प्रयास से आयोजित स्नेह भोजवार्ता में कनाडा से आये जोगासिंह रंधावा, मेरठ से चाईल्ड स्पेशलिस्ट डा. राक. ेश शर्मा, राईस मिलर रामकुमार गर्ग, डॉ. सुहैल कुद्दुसी, एडवोकेट मिसबा. हु इस्लाम कुरैशाी, डा. राजकुमार वर्मा, फाईनैन्सर महेन्द्र वर्मा व डॉ. राकेश गर्ग रहें।

# नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राधा विहार स्थित महाशक्ति पीठ वैष्णवी महाकाली मंदिर में चल रहे चैत्र नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत छठे नवरात्रे पर मां कात्यायनी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई।



श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में भक्तों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से भाग लिया। इस अवसर पर स्वामी कालेंद्रानंद जी महाराज ने मां कात्यायनी की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि मां कात्यायनी कात्यायन ऋषि के तप से प्रकट हुई थीं और उनके नाम पर ही माता का नाम कात्यायनी पड़ा। उन्होंने बताया कि मां कात्यायनी को कुल की रक्षक देवी माना जाता है, जो सभी कुलों का कल्याण करती हैं। कार्यक्रम में मां भगवती का दुर्गा सतनाम स्तोत्र के साथ अभिषेक किया गया तथा माता का आकर्षक श्रृंगार कर भोग अर्पित किया गया। इसके पश्चात भव्य महा आरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। स्वामी जी ने बताया कि मां कात्यायनी की नियमित पूजा करने से भक्तों के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति आती है तथा परिवार में किसी प्रकार का अभाव नहीं रहता। उन्होंने कहा कि मां कात्यायनी भक्ति मार्ग पर चलने की प्रेरणा देकर आत्म दर्शन का मार्ग प्रशस्त करती हैं। इस दौरान पंडित जी शर्मा, पंडित अभिषेक शर्मा, नीरज शर्मा, रमेश शर्मा, राजेंद्र धीमान, अश्विनी कंबोज, तनु शर्मा, गीता, बबीता, कुसुम, रेखा, राजबाला सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# 27 से होगा ऋगवेद परायण यज्ञ

**गंगोह।** ग्राम रगैल में 27 मार्च से लेकर 29 मार्च को ऋगवेद पारायण यज्ञ होगा।

कार्यक्रम आयोजक एड. ब्रहम सिंह सैनी ने बताया कि तीन दिन चलने वाले यज्ञ में वैदिक उपदेशक आचार्य रणवीर शास्त्री,जनेश्वरार्य सैदपुरा व भजनों उपदेशक मदन आर्य जाजवा होंगे। 27 व 28 मार्च को हवन यज्ञ प्रात: 7:30 बजे से 10:30बजे व सायं 3 से 6 बजे तक होगा। 29 मार्च को 7:30 से 10 बजे से यज्ञ( पूर्ण आहुति) होगी। भजन व प्रवचन के बाद दोपहर को प्रतिभोज होगा। यह यज्ञ अजित सिंह सैनी अपने बाबा स्व फूलसिंह सैनी की पुण्य स्मृति में करा रहे है।

**सूचना**

मैने अपने पुत्रों सन्नी व गौरव तथा पुत्रवधु अर्चना व पूनम को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**हंसराज पुत्र स्व.लहना सिंह निवासी ग्राम सम्बलहेडी, थाना गागलहेडी, जिला सहारनपुर।**

**सूचना**

मैंने अपना नाम SALHA KHATOON से बदलकर SALEHA रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**SALEHA W/O ABDUS SAMAD MOH SHEIKHZADGAN, NEAR JAMA MASJID,NANAUTA SAHARANPUR,U.P.**

**संशोधित नीलामी सूचना**

दैनिक शाह टाइम्स में दिनांक 19 मार्च 2026 को पृष्ठ संख्या सात पर प्रकाशित कार्यालय कृषि उत्पादन मंडी समिति, सहारनपुर के विज्ञापन रिक्त दुकानों की नीलामी संबंधी सूचना में भूलवंश 24-3-2026 प्रकाशित हो गया था। जिसे इस प्रकार पढा जाये।दिनांक 24-3-2026 समय दोपहर 12 बजे नियत थी जो अपरिहार्य कारणवश संशोधित करते हुए पुन: दुकानों का आवंटन किये जाने हेतु आवेदकों के माध्यम से खुली नीलामी के द्वारा दिनांक 25-03-2026 की दोपहर 12:00 बजे मण्डी समिति सहारनपुर के सभागार में निर्धारित नियमों/ शर्तो पर दुकानें आवंटित करने की कार्रवाई की जायेगी।

**संपादक**

# 251 दीपों से उतारी माता की आरती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नवरात्र पर्व के उपलक्ष्य में विभिन्न मंदिरों में माता के विभिन्न स्वरुपों की पूजा-अर्चना को श्रद्धालु उमड़ रहें है। धार्मिक भजनों से पूरा वातावरण धर्ममय हो रहा है। छठे नवरात्र पर मां कात्यायिनी की पूजा अर्चना की।



क्षेत्र व नगर में इस समय पूरी तरह मां दुर्गा की भक्ति में डूबा हुआ है। हर जगह मां दुर्गा की पूजा हो रही है। मंदिरों में लगातार पूजा-पाठ किए जा रहे हैं। वैष्णों देवी धाम, राम बाग रोड स्थित श्री बालाजी धाम, पैठ बाजार स्थित माता काली मदिंर, मोहल्ला ईशरा स्थित श्री भुवनेश्वरी देवी पंचायती मंदिर, श्री राम बाग मंदिर परिसर स्थित माता मंदिर व नौ दुर्गा मंदिर में नवरात्र के चलते रोजाना श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है। वातावरण इस समय पूरा भक्ति भाव का बना हुआ है। मंगलवार को छठे नवरात्र के मौके पर श्रद्धालुओं ने मां कात्ययिनी की आराधना कर मन्नतें मांगी। वैष्णो धाम मन्दिर में चले रहे नवरात्र महोत्सव के अंतर्गत छठे नवरात्र पर अनेक लोगों ने संयुक्त रूप से ज्योति प्रज्जवलित की। 251 दीपों से माता की महा आरती में अतारी। भक्तों द्वारा पाठ कर मां की आराधना, भजन कीर्तन के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# बाइक में स्क्रेच को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** बाइक में स्क्रेच को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट की यह घटना गंगोह के मोहल्ला मोहम्मद गौरी में घटित हुई। जिसमे दोनों पक्षों के अयान, हसन, हिना और शकील घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया जहां से दो को गंभीर हालत में रेफर किया गया है। दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमला करने का आरोप लगा रहे हैं। कस्बा इंचार्ज आजाद सिंह का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में आया है। घायलों को मेडिकल के लिए भेजा गया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

गंगोह। चौत्र पूर्णिमा पर आयोजित बाला जी जन्मोत्सव पर सर्राफा बाजार में सनातन धर्म सभा के पास स्थित शिव हनुमान मंदिर पर 2 अप्रैल को गत वर्षो भांति इस वर्ष बाला जी जन्मोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 9 बजें हवन-यज्ञ आयोजित होगा। यज्ञ में सैंकड़ों श्रद्धालु देगें।

❐**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने एक वारंटी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना जनकपुरी पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा व उपनिरीक्षक राजकुमार के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर एक वारंटी आरोपी लाखन उर्फ कल्लू पुत्र गोरखा निवासी सरकारी शौचालय के पास मौजमपुरा थाना जनकपुरी को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

# गबन का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में वांछित चल रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा पकड़े गए व्यक्ति को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।




बता दे कि 7 मार्च 2026 को वादी फरमान पुत्र रमजानी निवासी मकान नंबर 108, ग्रीन विहार कॉलोनी जगाधरी थाना बुडिया, जिला यमुनानगर हरियाणा ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बताया था कि नदीम पुत्र नसीम और फजलुररहमान द्वारा उसको ग्राम नौशेरा ततारपुर मे जमीन दिखाकर एक लाख रूपये बतौर ब्याना लिया था। इस जमीन का बैनामा 6 मार्च 2026 को कराने के नाम पर उन्हें तहसील में बुला लिया गया और 65 लाख रुपए लेकर तथा जमीन के मालिक नदीम पुत्र नसीम उपरोक्त की जगह किसी अन्य व्यक्ति को बैनामा कराने के लिए भेज भेजा गया था। बायोमेट्रिक पर अंगूठे के निशान न आने पर आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

इस मामले में कोतवाली बेहट मे धोखाधड़ी सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि मामले में वांछित चल रहे आरोपी को मुखबिर की सूचना पर कलसिया नहर पटरी थाना बेहट से नदीम पुत्र इसरार निवासी ग्राम मिर्जापुर पोल,थाना मिर्जापुर को गिरफ्तार किया गया है।

# नारी सुरक्षा एवं स्वावलंबन के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मिशन शक्ति फेज-5 के तहत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में साइबर जागरुकता एवं महिला केंद्र विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस अधिकारियों ने नारी सुरक्षा, स्वावलंबन और अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह ने कहा कि यदि कोई घटना घटती है तो बालिकाएं इसका डटकर मुकाबला करें। ऐसी घटनाओं को कतई न छुपाए और अपने मन में छिपे भय को बाहर कर अपनी बात साझा करें। उन्होंने साइबर अपराध के प्रति भी जागरूक किया। कहा कि इंटरनेट और मोबाइल का प्रयोग सावधानी से करें। अंजान लिंक पर क्लिक न करें और यदि साइबर फ्राड का शिकार हो गए तो तुरंत पुलिस से संपर्क साधें। एसआई अवनी उपाध्याय ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1030, 101, 112, 1098, 1076 आदि के बारे में जानकारी दी। कहा कि किसी भी विकट परिस्थिति में महिलाएं व छात्राएं पुलिस से संपर्क जरूर करें। संचालन डा. टीना ने किया। इस मौके पर डा. मोहम्मद आरिफ, राकेश कुमार, डा. शाहनजर, लोकेश शर्मा, विश्वास चंद शर्मा आदि शामिल रहे।



# बहन को गोली मारने की घटना निंदनीय : सिंघल

**देवबन्द।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष व अग्रवाल सभा के संस्थापक सदस्य दीपकराज सिंघल ने छुटमलपुर के फतेहपुर में बहन को गोली मारने की घटना को निंदनीय बताया है। दीपकराज सिंघल ने जारी अपने बयान में कहा कि बेटियां बेवकूफी करती हैं और परिवार के लोगों को ही अपमान का सामना करना पड़ता है। इसलिए जरुरी हो गया है कि अभिभावक बेटों के प्रति भी जिम्मेदारी संभाले और उन पर अंकुश लगाने का काम करें। उन्होंने कहा कि यदि इस प्रकार का कोई मामला होता है तो उसमें दोनों परिवारों को सम्मानपूर्वक संवाद स्थापित कर मसले का हल निक. ालना चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता तो इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति होती रहेगी।

# उच्च अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर किया प्रोत्साहित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मदर एकेडमी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सभी कक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।

मोहल्ला किला स्थित मदर एकेडमी पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर अतिथि शामिल हुए पत्रकार अशरफ उस्मानी ने कहा कि शिक्षा सबसे बड़ा धन है। उन्होंने सभी लोगों से अपने बच्चों को उच्च शिक्षित बनाने के लिए प्रेरित किया। सीए एवं समाजसेवी नदीम अख्तर ने कहा के शिक्षा व्यक्तिगत विकास से लेकर देश स्तर तक यश, सम्मान, लोकप्रियता प्रदान करती है। सलीम अख्तर ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मेधावी बच्चों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर पुरस्कृतर किया गया। संचालन सय्यद वजाहत शाह व अहमद खान ने संयुक्त रूप से किया। असजद खान, हलीमा, रूबी, फरहीन, शिफा, बुशरा, मुस्कान, अर्शी, असमा, फेबीहा आदि छात्र-छात्राओं सहित स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# कात्यायनी की उपासना करने से भक्तों को धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की प्राप्ति होती हैः शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** चौत्र नवरात्र के छठे दिन भक्ति भाव से मां कात्यायनी की पूजा अर्चना हुई। श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मंदिर में मां के जयकारे गूंजते रहे।

श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने बताया कि प्राचीन काल में महर्षि कात्यायन ने भगवती की घोर तपस्या की थी। उनकी इच्छा थी कि उन्हें पुत्री प्राप्त हो। उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर देवी ने उन्हें यह वरदान दिया। इसलिए यह देवी कात्यायनी कहलाई। मां कात्यायनी की उपासना करने से भक्तों को धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की प्राप्ति होती है। उनके रोग, शोक, संताप व भय नष्ट होते हैं। भगवान श्रीकृष्ण को पति रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा कालिंदी यमुना के तट पर की थी। इसलिए मां कात्यायनी ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। पं. सतेंद्र शर्मा ने कहा कि हर कष्ट से मुक्ति के लिए मां की भक्ति करते रहना चाहिए।



# होली एवं ईद मिलन का आयोजन कर आपसी भाईचारे की दी मिसाल

**देवबन्द।** विकास एवं सुरक्षा समिति के तत्वावधान में होली एवं ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें त्योहारों को आपसी भाईचारे का प्रतीक बताते हुए एक दूसरे के त्योहारों में शामिल होने का आह्वान किया गया।

मंगलौर चौकी के निकट स्थित कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग और भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता ने कहा कि त्योहार हमें सामाजिक सद्भाव का संदेश देते है और विविधता में एकता का प्रतीक हैं। होली का उत्सव जहां एकता के रंगों को और गहरा करता है वहीं, ईद सभी कड़वाहट भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने का पर्व है। जिला को आपरेटिव बैंक के चेयरमैन चौ. राजपाल सिंह व जामिया तिब्बिया के सचिव डा. अनवर सईद ने कहा कि त्योहारों से जहां आपसी भाईचारा बढ़ता है वहीं, ऐसे कार्यक्रम समाज को जोडने और परंपराओं को जीवित रखने में अहम भूमिका निभाते है। समाजसेवी विनोद गुप्ता, डा. मुजम्मिल हसन, राजेश सिंघल, सलीम कुरैशी, देवीदयाल शर्मा, विवेक तायल व रईस अंसारी ने भी विचार रखें। अध्यक्षता चौ. राजपाल सिंह व संचालन जर्रार बेग ने किया। संयोजक विजेश कंसल व विनय त्यागी ने सभी का आभार जताया। मोहम्मद उस्मान, संदीप गुप्ता सीए, अनवर इंजीनियर नीरज कंसल, अरुण त्यागी, अंसार मसूदी, अंकित जैन, अजय गर्ग आदि शामिल रहे।

# स्वामी यशवीर ने अपने बयान में मुस्लिम सामुदाय को देवी मेले में दुकानें न लगाए जाने की दी चेतावनी

**देवबन्द।** विवादित बयानों के लिए र्चिचत योग साधना आश्रम मुजफ्फरनगर के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसमे वह वर्ग विशेष के लोगों के लिए अपमान. जनक भाषा का प्रयोग करते हुए देव. बंद में प्रारंभ होने वाले श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मेले में दुकानें लगाने पर विरोध की चेतावनी दे रहे हैं।

सदियों से देवबंद में सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल बने श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मेले से पूर्व योग साधना आश्रम मुजफ्फरनगर के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर की एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रचारित की जा रही है। लेकिन वीडियो में स्वामी यशवीर एक अप्रैल से देवबंद में प्रारंभ प्रसिद्ध मेले में वर्ग विशेष के लोगों को आस्था और पवित्रता का हवाला देते हुए उनसे मेले में दुकानें न लगाने की चेतावनी दे रहे हैं। उन्होंने आपत्ति जनक भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि मेला सनातन धर्म का है इसलिए वह मेले में दुकानें न लगाने का कष्ट करें। साथ ही कहा कि किसी को भी आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के बयान की निंदा

**देवबन्द।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच मेरठ प्रांत संयोजक राव मुशर्रफ अली ने ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा मंच के मार्गदर्शन डा. इंद्रेश पर दिए बयान की निंदा की है। राव मुशर्रफ ने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने डा. इंद्रेश के संबंध में जो बयान दिया है वह तथ्यों से परे है। डा. इंद्रेश कुमार का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सामाजिक समरसता और संवाद की पावन भावना को समर्पित रहा है। उनके प्रति लगाए जा रहे आरोप न केवल निराधार हैं, बल्कि अत्यंत खेदजनक भी हैं। बता दें कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की हाल ही में एक वीडियो जारी हुई थी, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि डा. इंद्रेश कुमार ने उनसे एक मुलाकात के दौरान मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के माध्यम से लगभग 10 लाख हिंदू लड़कियों का निकाह मुस्लिम परिवारों में कराने की बात स्वीकारी थी।

# धामपुर में आवारा कुत्तों का आतंक

## कुत्तों के झुंड ने घर में घुसकर 6 बकरों को मौत के घाट उतारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मौहल्ला बंदूकचियान में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। देर रात आवारा कुत्तों के झुंड ने एक घर में बंधे बकरों पर हमला कर दिया। जिसमें आधा दर्जन से अधिक बकरों की मौत हो गई। घटना से मौहल्ले में हड़कंप मचा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला बंदूकचियान निवासी रानू ने काफी समय से बकरे पाले हुए थे। ईद के मौके पर इन्हीं बकरों के सहारे परिवार में खुशियां आने की उम्मीद थी, लेकिन अचानक हुए इस हमले ने सारी उम्मीदों को खत्म कर दिया। बताया जाता है कि रात के समय कुत्तों का झुंड घर में घुस आया और बंधे हुए बकरों को अपना निशाना बना लिया।

सुबह जब घटना की जानकारी आसपास के लोगों को हुई, तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। मृत पड़े बकरों को देखकर लोगों में आक्रोश और दुख दोनों देखने को मिला। पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे मौहल्ले में शोक का माहौल बना हुआ है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे पहले भी कई बार ऐसे हमले हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों ने बताया कि अब हालात इतने खराब हो चुके हैं कि बच्चे घरों से बाहर निकलने में भी डर महसूस करते हैं।

घटना के बाद मौहल्ले में दहशत का माहौल है। स्थानीय नागरिकों ने पालिका प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए तत्काल अभियान चलाया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके और लोगों को राहत मिल सके।



# विश्व टीबी दिवस पर शिक्षकों की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर विश्व क्षय रोग दिवस के मौके पर ब्लॉक संसाधन केंद्र धामपुर एवं अल्हैपुर ब्लॉक के समस्त सरकारी शिक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कक्षा एक से आठ तक के अध्यापकों को धामपुर से आए वरिष्ठ रोग प्रयोगशाला प्रवेशक, विकास डाबर द्वारा क्षय रोग (टीबी) के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को बताया गया कि टीबी कैसे फैलती है, इसके प्रमुख लक्षण क्या हैं तथा इसके प्रभावी उपचार और उपलब्ध दवाओं के बारे में विस्तार से समझाया गया।

कार्यक्रम में वैक्सीनेशन के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। जिसमें विशेष रूप से एचपीवी वैक्सीनेशन के बारे में जानकारी दी गई। यह टीकाकरण 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी बालिकाओं को दिया जाएगा। जिससे भविष्य में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव संभव हो सके। सभी शिक्षकों से अपील की गई कि वे अपने-अपने विद्यालयों एवं समाज में स्वास्थ्य जागरुकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। अध्यापक-अध्यापिकाओं हीमलता, हिमानी रानी, प्रियांका, नेहा, अशोक गुप्ता, रजनी बाला, ज्योति रानी, गुरदेव सिंह, संदीप कुमार, संतोष कुमार, नवनीत सिंह, चेतन कुमार, मंजू सिंह किरण रानी चित्र हेमलता सुरेंद्र सिंह माला सुचित्रा रचना आदि ने ट्रेनिंग ली।

# राहतपुर खुर्द में बिजली घर का विरोध

**मंडावली।** थाना क्षेत्र के ग्राम राहतपुर खुर्द के निवासियों ने ग्राम प्रधान मुस्तफा अहमद के नेतृत्व में जिलाधिकारी जसजीत कौर को एक ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन खसरा नंबर 189 पर प्रस्तावित बिजली घर के निर्माण के विरोध में दिया गया है। ग्रामीणों का तर्क है कि खसरा नंबर 189 पर बिजली घर बनने से किसानों को भारी नुकसान होगा। उनके खेतों के ऊपर से बिजली के तार गुजरेंगे, जिससे कृषि कार्य में बाधा आएगी और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ेगा। ग्रामीणों ने इस स्थान पर बिजली घर के निर्माण को रोकने की मांग की है। ग्राम प्रधान मुस्तफा अहमद ने बताया कि ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी महोदया को ज्ञापन दिया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिलाधिकारी इस समस्या का शीघ्र निवारण करेंगी।

# पत्रकार ज़िया ज़ैदी को हुई नवासी की प्राप्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** सीनियर जर्नलिस्ट ज़िया अब्बास ज़ैदी की बेटी गुले ज़हरा ज़ैदी पत्नी जुनैद हैदर को पुत्री की प्राप्ति हुई, जिसे सुनकर उनके परिजनों व शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

आज सांय लगभग चार बजे गुले ज़हरा ज़ैदी को मंडी समिति रोड स्थिति मशहूर महिला चिकित्सक डा. कहकशां के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां उनको पुत्री की प्राप्ति हुई। जिससे उनके परि. जनों में खुशी की लहर दौड़ गई। ज़िया अब्बास ज़ैदी के संबंधी व नवासी के दादा तौसीफ हैदर के अलावा परवेज हैदर, डा. अथर अब्बास ज़ैदी, जुऐब हैदर, गुले ज़हरा भाई इंजी. मौ अब्बास ज़ैदी, अबीर हुसैन को मामू बनने पर बधाई दी गई।

**महर्षि दयानंद कॉलेज ऑफ एजुकेशन**
(कॉलेज कोड -176) मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय से संबद्धता

**'आवश्यकता'**

महाविद्यालय में निम्नलिखित विषयों के शिक्षण के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर की आवश्यकता है।

1- बी0 कॉम0 - सभी विषय 2- बी0 बी0 ए0
3- बी0 सी0 ए0 4- बी0एस0सी0 -रसायन विज्ञान

**योग्यता**- यू जी सी एंव विश्वविद्यालय के नियमानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र समस्त प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रतिलिपि एंव 2 फोटो के साथ विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के अंदर निम्न पते पर भेजें। **पता- महर्षि दयानंद कॉलेज आफ एजुकेशन ग्राम-बड़ूली, पोस्ट कोटा, जिला सहारनपुर (यू.पी)**

# शहीद मेले के अंतिम दिन मशाल जुलूस निकाला

## युवाओं ने सरदार भगत सिंह के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** नौजवान भारत सभा और स्त्री मुक्ति लीग द्वारा आयोजित शहीद मेला के अंतिम दिन जोशीले नारों के साथ विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। नारों में 'भगत सिंह तुम ज़िन्दा हो, हम सबके संकल्पों में', 'भगत सिंह का जो ख्वाब अधूरा, इसी सदी में होगा पूरा।

मशाल जुलूस के बाद नौजवान भारत सभा के अपूर्व ने युवाओं को सच्चाई, न्याय और ईमानदारी के रास्ते पर चलने, जाति-धर्म में न बंट कर मिलजुल कर संघर्ष करने की शपथ दिलाई। सामाजिक कार्यकर्ता चौधरी हेमेंद्र सिंह ने संकल्प सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि, शहीदों की शहादत का दिन हमारे लिए शोक का नहीं बल्कि गर्व का दिन है। ये दिन साहस, दृढ़ता और कुर्बानी की भावना को जगाने का दिन है ताकि हम अपने शहीदों के सपनों के भारत का निर्माण कर सकें।

स्त्री मुक्ति लीग की कविता कृष्णपल्ल्वी ने कहा कि, भगत सिंह जिस समतामूलक समाज की स्थापना करना चाहते थे। उस समाज को बनाने का जिम्मा आज की युवा पीढ़ी के कंधों पर है। किसी भी देश में क्रांतिकारी बदलाव का रास्ता हमेशा नौजवानों के गर्म खून से लथपथ होता है। हमारे देश की मिट्टी इतनी भी बंजर नहीं है, जो क्रांतिकारियों को जन्म ही न दे सके। देश के नौजवान अपने शहीदों के भारत का निर्माण करके रहेंगे।

सभा को नौजवान भारत सभा के प्रदीप गोस्वामी ने भी सम्बोधित किया। विशाल मशाल जुलूस में अपूर्व मालवीय, कविता कृष्णपल्लवी, गीतिका, रामाधार, शिवा, गणेश कुमार, राजू, आशीष, मुकेश, गिरीश, संजीत, राकेश, मोती, भाकियू से ज्ञान सिंह, रोहित, राहुल, प्रमोद, मनोज शर्मा, बिट्टू पहलवान, जनेश, अमित अग्रवाल, जाकिर अहमद, शिक्षक कृष्ण कुमार, राजकमल, शुभम, आजाद, विवेक दीप, शांति, यश, अचिंत, विनीत, जोगेंद्र, हर्ष, नीटू, आयुष, लक्की, भूरे, आरुष, योगेश गोस्वामी, अजय बालियन गुट्टू, नौबहार, संजीव, देवेंद्र आदि युवाओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। संकल्प सभा के बाद चार्ली चैप्लिन कि 'द मॉडर्न टाइम्स' फ़िल्म दिखाई गई।



# सालाना मजलिसों का आयोजन 27 से

**हल्दौर।** एलिया एजुकेशन चैरटेबिल वैलफेयर सोसाइटी द्वारा ग्राम छजुपुरा सादात स्थित दरगाहे आलिया हजरत फातेमातुज्जहरा (स.अ.) में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय सालाना मजलिसों का आयोजन 27 मार्च से 29 मार्च तक किया जाएगा।गौरतलब है कि दरगाहे आलिया फातेमातुज्जहरा में जनपद ही नहीं बल्कि देशभर के दूर-दराज क्षेत्रों से जायरीन शिरकत करने आते हैं और बीबी की दरगाह पर चादर चढ़ाकर मन्नतें मांगते हैं। ऐसी आस्था है कि इस दरगाह पर सच्चे और स्वच्छ मन से मांगी गई। मानव हित की हर मन्नत पूरी होती है। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी शाही वास्ती ने जानकारी दी।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुजफ्फरनगर**

पत्रांक- मु0चि0अ0/एन0एच0एम0/चि0अ0/वॉक-इन-इन्टरव्यू/2025-26/1258 दिनांक- 24/03/2026

**-:विज्ञप्तिः-**

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊ के परिपत्र संख्या-179/एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/डिस्ट्रिक्ट वॉक-इन-इन्टरव्यू/2024-25/2728 दिनांक 09.08.2024 के क्रम में जनपद/ब्लॉक स्तर पर सांजत एम0बी0बी0एस0 चिकित्सक (संविदा) हेतु प्राप्त दिशा-निर्देशो के क्रम में संविदा के आधार पर वॉक-इन-इन्टरव्यू के माध्यम से नियुक्ति की जानी है जिसका विवरण निम्नवत् है।

| क्र0 सं0 | कार्यक्रम का नाम | पदनाम | फैसिलिटी का नाम | अर्ह शैक्षिक योग्यता | रिक्त पदो की संख्या (आरक्षण सहित) | रिक्त पदो सापेक्ष अनुमोदित मानदेय (रू0 प्रतिमाह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | NP-NCD | Medical Officer | CHC- NCD Clinic | MBBS Degree with UP Medical Council Registration | (1 - SC) | 1,00,000-00 |
| 2 | DHS | Emergency Medical Officer | District Hospital & District Women Hospital | MBBS Degree with UP Medical Council Registration + 01 Year Exprience in Emergency Care | (1 - UR) (2 - OBC) (3 - SC) (1 - EWS) | 1,00,000-00 |
| 3 | NUHM under VX FC (UHWC) | Medical Officer | Urban AAM (Meerapur & Purkazi) | MBBS Degree with UP Medical Council Registration | (1 - UR) (1 - SC) | 80,000-00 + 20,000-00 (PBI) |
| 4 | NUHM under PM-ABHIM (UHWC) | Medical Officer | Urban AAM (Budhana) | MBBS Degree with UP Medical Council Registration | (1 - OBC) (1 - SC) | 80,000-00 + 20,000-00 (PBI) |
| 5 | NUHM (U-PHC) | Medical Officer | Urban PHC (Khatauli) | MBBS Degree with UP Medical Council Registration | (1 - UR) | 80,000-00 + 20,000-00 (PBI) |

आवेदन हेतु निर्देश -

1. उपरोक्त विज्ञापित पदों पर आवेदन फार्म दिनांक 25-03-2026 से दिनांक 14-04-2026 तक पंजीकृत डाक के माध्यम से या विभागीय डाक कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुजफ्फरनगर, पता-रूडकी रोड, 251001 पर जमा करा सकते है। दिनांक 14-04-2026 के उपरान्त प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ आवेदन फॉर्म, नवीनतम बायोडाटा, समस्त वांछित स्वप्रमाणित शैक्षिक अभिलेख, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, उ0प्र0 प्रदेश मेडिकल फैकल्टी में पंजीकरण प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, दो नवीनतम कलर फोटोग्राफ, ई-मेल आई0डी0, व्हाट्सअप मोबाईल नम्बर तथा पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित अवश्य अंकित करें।
2. प्राप्त आवेदनों की स्क्रीनिंग (छटनी) के उपरान्त अर्ह अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की तिथि, समय एंव स्थान हेतु अभ्यर्थियों द्वारा उपलब्ध करायी गयी ई-मेल आई0डी0/मोबाईल नम्बर के माध्यम से सूचित किया जायेगा।
3. साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थियों की सूची मुजफ्फरनगर एन0आई0सी0 के वेबसाइट http://muzaffarnagar.nic.in पर भी उपलब्ध रहेगी।
4. यह पद पूर्णतयाः नियत मानदेय पर संविदा शर्तो के अधीन है तथा इस पर स्थायीकरण का कोई दावा स्वीकार नही होगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रिक्त पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
5. उपरोक्त पदों पर नियुक्ति एक वित्तीय वर्ष तक के लिए मान्य होगी, जिसे भारत सरकार से अनुमोदनोपरान्त आगे बढाया जा सकता है।
6. साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा-भत्ता देय नही होगा।
7. इच्छुक अभ्यर्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक न हो।
8. चयन प्रक्रिया में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा लागू आरक्षरण नीति का पालन करते हुऐ भर्ती प्रक्रिया की जायेगी।
9. कोई भी प्रतिकूल पृविष्टि/तथ्य पाये जाने पर चयनित अभ्यर्थी की संविदा समाप्त करने का अधिकार जिला स्वास्थ्य समिति में निहित होगा।

(डा0 सुनील तेवतिया) मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुजफ्फरनगर




# नामित सदस्यों ने ली शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका में शासन द्वारा नामित सदस्यों का शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीएम स्मृति मिश्रा द्वारा नामित सदस्यों को शपथ दिलाई गई।

एसडीएम ने आशा व्यक्त की कि नामि सदस्य नगर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और जनहित के कार्यो को प्राथमिकता देते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने कहा कि पालिका में भाजपा सरकार द्वारा नामित किए गए सदस्य निश्चित रूप से विकास कार्यो में नई ऊर्जा का संचार करेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों से आपसी समन्वय और सहयोग के साथ नगर की समस्याओं के समाधान हेतु कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान ईओ विजेंद्र सिंह पाल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पालि. का की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नगर में स्वच्छता, पेयजल, सड़क एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। नामित सदस्यों के सहयोग से इन कार्यों को और गति मिलेगी। शपथ लेने वाले नामित सदस्यों में मनोज भटनागर, सुरेंद्र कुमार अरोड़ा, अमित शर्मा, अरविंद कुमार तथा पंकज सैनी शामिल रहे।

# वोल के पहले T20 शतक से ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज का किया 3-0 से क्लीन स्वीप



**सेंट विन्सेंट, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को डीएलएस मेथड से वेस्टइंडीज को 40 रन से हराकर महिला टी 20 सीरीज में 3.0 से क्लीन स्वीप कर लिया। बारिश ने वेस्टइंडीज के 212 रन के लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल कर दिया,

जिससे 10 ओवर में उनका स्कोर 61/3 हो गया। किंग्सटाउन में डेढ़ घंटे से ज्यादा समय तक बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही थी, इसलिए नतीजा डीएलएस मेथड से तय किया गया। ऑस्ट्रेलिया के टोटल में जॉर्जिया वोल का 52 गेंदों पर पहला टी20 शतक सबसे ऊपर रहा। वह मेग लैनिंग (दो बार), बेथ मूनी (दो बार) और एलिसा हीली के साथ ऑस्ट्रेलिया महिला टी20 शतक बनाने वालों में शामिल हो गईं। नौ चौके और छह छक्के लगाकर, उन्होंने 17वें ओवर में अपना शतक पूरा किया और दो गेंद बाद हेली मैथ्यूज ने उन्हें आउट कर दिया। बाद में ओवर में, मैथ्यूज ने जॉर्जिया वेयरहम का भी विकेट लिया, जिस दिन उनकी बाकी टीम की खिलाड़ियों ने रन दिए, और 3-29 के साथ मैच खत्म किया। उस पॉइंट तक, यह जडादातर वोल की अकेले की कोशिश थी, टॉप पांच में से कोई भी दूसरी बैटर 20 का स्कोर पार नहीं कर पाई थी। उनका 200 पार करना कुछ हद तक कैप्टन सोफी मोलिनक्स की वजह से था, जिन्होंने 19वें ओवर में 15 रन लिए, और फिर आखिरी ओवर में छक्का मारकर ऑस्ट्रेलिया को विमेंस टी20 में अब तक का पांचवां सबसे बड़ा टोटल दिलाया। मोलिनक्स के दोनों छक्के काउ कॉर्नर एरिया में आए - एक फुल-टॉस पर और दूसरा फ्री-हिट पर - जिससे वोल की मैराथन को. शिश के बाद ऑस्ट्रेलिया ने शानदार प्रदर्शन किया, इत्तेफाक से विमेंस टी20 में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह उनकी पहली सेंचुरी थी। इससे पहले ब्रैथवेट ने तीसरे ओवर में शट्ट की गेंद पर छक्का मारकर मैच को आगे बढ़ाया। थोड़ी देर बाद, लूसी हैमिल्टन ने धीमी गेंद फेंककर उन्हें कैच-एंड-बॉल कर दिया, जिससे वे और मुश्किल में पड़ गए। छह ओवर के आखिर में, उनका स्कोर 33/3 हो गया था। मैथ्यूज और डिएंड्रा डॉटिन कुछ देर शांत रहीं, फिर दोनों ने अलाना किंग, जो प्लेयर ऑफ द सीरीज थीं, की गेंद पर छक्का मारा, जो ट्रैक पर कूदकर मिडविकेट की रस्सी को पार कर गई।

यह वेस्टइंडीज की आखिरी लड़ाई थी, एक ओवर बाद, बारिश के कारण खिलाड़ी वापस जा रहे थे। संक्षिप्त स्कोर: ऑस्ट्रेलिया महिला टीम 20 ओवर में 211/7 (जॉर्जिया वोल 101, सोफी मोलिनक्स 25, हेली मैथ्यूज 3-29, जहजारा क्लैक्सटन 2-37) ने वेस्टइंडीज महिला टीम को 10 ओवर में 61/3 (हेली मैथ्यूज 30), एबोनी ब्रैथवेट 18, एलिस पेरी 1-1, मेगन शुट्ट 1-11) को 40 रन (डीएलएस मेथड) से हराया।

# दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टी20 सीरीज के लिए काशवी गौतम भारतीय टीम में शामिल



**नई दिल्ली, वार्ता।** तेज गें. दबाजी ऑलराउंडर काशवी गौतम को अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका में होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है।

हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर काशवी ने टेस्ट और वनडे दोनों सीरीज में हिस्सा लिया था, लेकिन अब तक उनका टी20 डेब्यू नहीं हुआ है। चयनकर्ताओं ने उमा छेत्री को भी दल में ऋचा घोष के बैकअप के रूप में शामिल किया है। छेत्री ने 17 साल की जी कमालिनी की जगह ली है जिन्होंने दिसंबर में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज में टी20 डेब्यू करने के बाद से कोई अंत. रराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वह टी20 दल का हिस्सा थीं, लेकिन उन्हें कोई भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। श्रीलंका के खिलाफ सभी पांच टी20 खेलने और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बेंच पर रहने वाली बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा को भी बाहर कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दो मैचो में 3 और 1 का स्कोर बनाने तथा तीन ओवर में 30 रन देने वाली ऑलराउंडर अमनजोत कौर को भी बाहर का रास्ता दिखाया गया है। अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह और क्रांति गौड़ के साथ गौतम तेज गेंदबाजी की चौथी विकल्प होंगी। दीप्ति शर्मा, श्री चरणी और श्रेयंका पाटिल स्पिन विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगी। दक्षिण अफ्रीका का ये दौरा डरबन में शुरू होगा जहां 17 और 19 अप्रैल को पहले दो टी20 मैच खेले जाएंगे। इसके बाद 22 और 25 अप्रैल को जोहान्सबर्ग में अगले दो मैच तथा 27 अप्रैल को बेनोनी में दौरे का आखिरी मैच खेला जाएगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आयुष शेट्टी को थॉमस कप 2026 के लिए पहली बार चुना गया

**बेंगलुरु।** भारत की अगली पीढ़ी के बैडमिंटन टैलेंट को एक बड़ा बढ़ावा देते हुए युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी को थॉमस कप फाइनल्स 2026 के लिए नेशनल टीम में पहली बार चुना गया, जो उनके तेज़ी से बढ़ते करियर में एक बड़ा मील का पत्थर है। बैडमिंटन एसोसिएशन आफ़ इंडिया ने मंगलवार को 24 अप्रैल से 3 मई तक डेनमार्क के हॉर्सेंस में होने वाले टूर्नामेंट के लिए एक बैलेंस्ड टीम का नाम बताया, जिसमें शेट्टी अनुभवी पुरुषों की लाइनअप में सबसे खास खिलाड़ियों में से एक के रूप में उभरे। शेट्टी का सिलेक्शन सीनियर सर्किट पर लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद हुआ है, जहाँ उन्होंने लगातार एक शांत और तकनीकी रूप से मजबूत खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाई है जो सबसे ऊँचे लेवल पर मुक. ाबला करने में सक्षम है। उनके शामिल होने से यह सफ़ पता चलता है कि सिलेक्टर जाने-माने सितारों के साथ-साथ युवाओं में भी इन्वेस्ट करना चाहते हैं।

### यूथ डेल्फकि गेम्स में भारत ने ऐतिहासिक शुरुआत की

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** भारत की सांस्कृतिक और कलात्मक यात्रा के लिए एक अहम पल में, 46 सदस्यों वाला भारतीय डेलीगेशन शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) के सदस्य देशों के पहले यूथ डेल्फकि गेम्स में हिस्सा लेने के लिए बिश्केक, किर्गिस्तान पहुंच गया है। यह किसी भारतीय कलाकारों की टीम का ग्लोबल कॉम्पिटिटिव फॉर्मेट में पहली बार हिस्सा लेने का प्रतीक है, जो इंटरनेशनल सांस्कृतिक आंदोलन में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा। इस डेलीगेशन में, जिसमें पूरे भारत के 46 युवा कलाकार और इंटरनेशनल जूरी सदस्य शामिल हैं।

# हम यहां जीतने के लिए हैं: आशीष



**अहमदाबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 से पहले गुजरात टाइटन्स के साफ नजरिए के बारे में बताते हुए हेड कोच आशीष नेहरा ने कहा कि टीम का फोकस मुकाबला करने और जीतने पर बना हुआ है। शुभारंभ 2026 में बोलते हुए, जो एक यादगार शाम थी जिसमें पूरी टीम, फ्रैंचाइजी मालिक, पार्टनर और फैन एक साथ आए, नेहरा ने कहा कि टाइटन्स अपने खेलने का तरीका बदलना नहीं चाहते हैं।

उन्होंने खिलाड़ियों और उनके फैसले लेने पर टीम के भरोसे पर जोर देते हुए कहा, ष्मुझे नहीं लगता कि इस सीजन में अलग तरह से सोचने की जरूरत है। असल में, मुझे नहीं सोचना है, खिलाड़ियों को सोचना है। उन्हें सोचना है। उन्हें खेलना है, मैं बाहर बैठा हूं। टीम की सोच पर जोर देते हुए, नेहरा ने कहा कि पहले दिन से ही हमारी सोच साफ रही है, हम यहां हिस्सा लेने नहीं आए हैं, हम यहां मुकाबला करने और जीतने आए हैं। एक नई टीम के लिए, यह सोचना आसान है कि इसमें समय लग सकता है, लेकिन हमारा नजरिया कभी ऐसा नहीं था। 2022 में आईपीएल में शामिल होने के बाद से, गुजरात टाइटन्स सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक रही है, जो अपने पहले चार सीजन में से तीन में प्लेऑफ तक पहुंची और 2022 में अपने पहले सीजन में ही खिताब जीता। ग्रुप में कंटिन्यूटी पर, नेहरा ने कहा, ष्आप एक ऐसे कप्तान की बात कर रहे हैं जो पहले दिन से टीम के साथ है और उसने वह सफर देखा है। मुझे नहीं लगता कि हम इस सीजन में कुछ अलग करने की सोच रहे हैं। शुभारंभ 2026 ने नए सीजन की शुरुआत की, साथ ही फ्रेंचाइजी के पांच साल के सफर पर भी बात की। एकता, महत्वाकांक्षा और गुजरात-फर्स्ट की भावना को दिखाते हुए, जो फ्रेंचाइजी को पहचान देती है, इस इवेंट में सोच, पहचान और कल्चरल सेलिब्रेशन का मिक्स था, जिससे टीम का अपने फैंस और राज्य के साथ गहरा कनेक्शन और मजबूत हुआ। गुजरात टाइटन्स अपना आईपीएल 2026 कैंपेन 31 मार्च को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ शुरू करेगी।

# श्रीलंका ने आईपीएल के लिए ईशान मलिंगा को मंजूरी दी

### हसरंगा व पथिराना को इंतजार करना पड़ेगा



**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने ईशान मलिंगा को आईपीएल में हिस्सा लेने की मंजूरी दे दी है, लेकिन बाकी तीन - नुवान तुषारा, वानिंदु हसरंगा और मथीशा पथिराना - के बारे में अभी कोई अपडेट नहीं है, जो 28 मार्च से शुरू होने वाली लीग में हिस्सा लेने के लिए अभी भी श्रीलंकाई बोर्ड से मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। एक फ्रेंच. इजी अधिकारी ने क्रिकबज को कन्फर्म किया कि मलिंगा (25), जो दाएं हाथ के तेज गें. दबाज हैं, मंगलवार (24 मार्च) को सनराइजर्स टीम को रिपोर्ट करेंगे।

मलिंगा अपने साथी श्रीलंकाई खिलाड़ी कामिंडू मेंडिस के साथ हैदराबाद पहुंचेंगे, जो 27 साल के बाएं हाथ के बैट्समैन हैं और जिन्हें पहले ही एनओसी मिल चुकी है। माना जा रहा है कि हसरंगा (एलएसजी) और पथिराना (केकेआर) को सोमवार को फिटनेस टेस्ट में शामिल होने का मौका नहीं मिला, जिसका मतलब है कि आईपीएल 2026 के लिए उनके भारत आने में देरी होगी। क्रिकबज ने पहले बताया था कि पथिराना, जिन्हें केकेआर ने 18 करोड़ रुपये में साइन किया है, इस सीजन का कुछ हिस्सा मिस करने वाले हैं, क्योंकि फ्रेंच. इजी उनके पूरी तरह ठीक होने का इंतजार करना चाहती है, न कि उनका रिप्लेसमेंट ढूंढना चाहती है। एलएसजी को अपने 2 करोड़ रुपये के रिक्रूट हसरंगा के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 31 साल के पेसर तुषारा के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। एसएलसी ने हाल ही में एक बयान जारी कर कहा, ष्प्च्स् में हिस्सा लेने के लिए नुवान तुषारा की नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट की एलिजिबिलिटी उनके फिजिकल परफॉर्मेंस टेस्ट के नतीजे पर निर्भर करेगी।ष सोमवार (23 मार्च) तक उनका एनओसी स्टेटस साफ नहीं है। लेकिन आईपीएल में दूसरे श्रीलंकाई खिलाड़ी, दुष्मंत चमीरा और पथुन निसंका (दोनों डीसी) के साथ-साथ हाल ही में आरआर में शामिल हुए दासुन शनाका को क्लियर कर दिया गया है।

# गुजरात टाइटन्स का 'शुभ आरंभ 2026' विरासत और विश्वास पर आधारित एक नए सीजन की नींव



**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स ने अहमदाबाद में आयोजित एक ऐतिहासिक समारोह 'शुभआरंभ 2026' के साथ आईपीएल 2026 की अपनी यात्रा की शुरुआत की। इस समारोह में पूरी टीम, फ्रेंचाइजी के मालिक, साझेदार और प्रशंसक एक साथ आए।

इस शाम में टीम के पांच साल के सफर पर विचार-विमर्श किया गया और आगामी सीजन के लिए एक स्पष्ट और भविष्योन्मुखी दिशा तय की गई। फेंचाइजी की एकता, महत्वाकांक्षा और 'गुजरात प्रथम' की भावना को प्रदर्शित करते हुए इस शाम में चिंतन, सम्मान और सांस्कृतिक उत्सव का संगम देखने को मिला, जिसने टीम का अपने प्रशंसकों और राज्य के साथ गहरे जुड़ाव को और मजबूत किया। यह अवसर इस बात की याद दिलाता है कि टाइटन्स मैदान पर और मैदान के बाहर, लीग की सबसे गतिशील, सुसंगत और प्रशंसक-केंद्रित फ्रेंचाइजी में से एक कैसे बन गई है। अपने पहले ही सीजन में खिताब जीतकर एक मजबूत विरासत बनाने से लेकर लगातार उच्च-प्रभावशाली प्रदर्शन करने और आईपीएल में सबसे सक्रिय प्रशंसक समुदायों में से एक को विकसित करने तक, गुजरात टाइटन्स संस्कृति, नेतृत्व और दीर्घकालिक दृष्टिकोण पर स्पष्ट रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए आगे बढ़ रही है।

टोरेंट ग्रुप के निदेशक और गुजरात टाइटन्स के अध्यक्ष जिनाल मेहता और शान मेहता, साथ ही टोरेंट ग्रुप के अन्य सदस्यों की उपस्थिति ने फेंचाइजी के विजन और मूल्यों के प्रति नेतृत्व की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाया। मुख्य परिचालन अधिकारी कर्नल अरविंदर सिंह, मुख्य कोच आशीष नेहरा और क्रिकेट निद. ेशक विक्रम सोलंकी की उपस्थिति में इस शाम ने एकजुट नेतृत्व और टीम भावना को रेखांि. कत किया।

इस कार्यक्रम का केंद्र बिंदु टीम की सामूहिक यात्रा का उत्सव था, जिसमें निरंतरता, विकास और महत्वाकांक्षा की व्यापक कहानी के संदर्भ में कप्तान शुभमन गिल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। आदित्य बिरला मैनेजमेंट कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक अनन्या बिरला ने इस सीजन में प्रमुख प्रायोजक के रूप में बिरला एस्टेट्स की भूमिका पर जोर दिया।

# शांत रहने से आपको साफ नजरिया मिलता है: शुभमन



**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल ने लीडरशिप में क्लैरिटी और शांत रहने पर जोर दिया, क्योंकि टीम प्च्स् 2026 की तैयारी कर रही है, जो पिछले सीजन में बनी मजबूत और कंसिस्टेंट नींव पर बनी है। अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स शुभारंभ 2026 में बोलते हुए, गिल ने खुद के प्रति सच्चे रहने और दबाव वाली स्थितियों में शांत रहने के महत्व पर जोर दिया।उन्होंने कहा, ष्मुझे लगता है कि मैं बस जैसा हूं वैसा ही हूं,

और यह शांति मेरे ग्रुप और मेरे अपने खेल में मेरे विश्वास और सुरक्षा की भावना से आती है। उन्होंने आगे कहा, ष्किसी भी स्थिति में शांत रहने से आपको दूर की नजर मिलती है, आप उस पल से आगे देख पाते हैं, बड़ी तस्वीर देख पाते हैं, और आपके पास बहुत साफ, लंबे समय का विजन होता है। गुजरात टाइटन्स अपने डेब्यू के बाद से आईपीएल में सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक रही है, जिसमें पहला सीजन टाइटल जीतना और 2023 में रनर-अप रहना शामिल है।

इसी बुनियाद पर, गिल का तरीका लीडरशिप में निरंतरता दिखाता है, जिसमें ग्रुप के अंदर क्लैरिटी, कॉन्फिडेंस और भरोसे पर फोकस होता है। गुजरात टाइटन्स शुभारंभ 2026, एक ऐतिहासिक इवेंट, खिलाड़ियों, लीडरशिप, पार्टनर्स और फैंस को एक साथ लाया, जिससे एक नए सीजन की शुरुआत हुई और साथ ही पिछले कुछ सालों में फेंचाइजी के सफर और ग्रोथ पर भी रोशनी पड़ी।

टीम की तैयारी के बारे में और जानकारी देते हुए, क्रिकेट डायरेक्टर विक्रम सोलंकी ने स्क्वॉड बनाने में निरंतरता और स्थिरता के महत्व पर जोर दिया। सोलंकी ने कहा, ष्जहां तक इस सीजन और स्क्वॉड बनाने की बात है, तो पिछला साल हमारा बहुत अच्छा रहा था। हम बस आखिरी मुश्किल में हार गए थे। हमने ऑक्शन में बहुत छोटे बदलाव किए थे, बस थोड़े से एडजस्टमेंट की जरूरत थी। पांच खिलाड़ी आए थे, और मैथ्यू हेडन भी हमारे साथ जुड़ गए हैं। काम असल में हम सभी के बीच बंटा हुआ है, और हम सभी बहुत मेहनत करने की कोशिश करते हैं।

# सिनर ने मियामी में तीसरे दौर की जीत के साथ मास्टर्स 1000 में इतिहास रचा

**मियामी, वार्ता।** विश्व के नंबर दो खिलाघी जैनिक सिनर ने सोमवार शाम को मियामी ओपन में एटीपी मास्टर्स 1000 में इतिहास रचा, जहां उन्होंने कोरेंटिन माउटेट के खिलाफ 6-1, 6-4 से शानदार जीत हासिल की।

हार्ड रॉक स्टेडियम में अपनी सीधी तीसरे राउंड की जीत के साथ, इटैलियन खिलाड़ी ने अब मास्टर्स 1000 लेवल पर लगातार 26 सेट जीते हैं, और नोवाक जो. कोविच से आगे निकल गए हैं, जिनके नाम पहले 24 का रिकॉर्ड था। सिनर ने शनिवार को मियामी में अपनी दूसरे राउंड की जीत के साथ उस निशान की बराबरी की थी, फिर तीसरे राउंड में इसे पार कर लिया। अपनी जीत के बाद सिनर ने कहा, ष्मैं बहुत खुश हूं। इस खेल का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता, इसलिए हम जितना हो सके ध्यान रखने की कोशिश करते हैं और देखेंगे कि अगले राउंड में क्या होता है।ष सिनर का यह सिलसिला पिछले नवंबर में रोलेक्स पेरिस मास्टर्स से शुरू हुआ, जहां उन्होंने बिना कोई सेट गंवाए टाइटल जीता था। मियामी में अपनी दो जीत की वजह से, सिनर अब लगातार 13 मास्टर्स 1000 मैच जीत चुके हैं। माउटेट के खिलाफ, इस बात के बहुत कम संकेत थे कि 24 साल के इस खिलाड़ी का यह सिलसिला खतरे में है। सिनर ने जबरदस्त सर्व से मुकाबले की रफ्तार को कंट्रोल किया, और अपने पहले सर्व पॉइंट्स में से 87 परसेंट (33/38) जीते। उन्होंने दोनों विंग्स से भी खुलकर लस्वग किया, माउटेट के 11 के मुकाबले 23 विनर्स लगाए और फेंचमैन को मैच में रिदम पाने का कोई मौका नहीं दिया। अपनी एक घंटे, 11 मिनट की जीत के साथ, सिनर ने जोड़ी की हेड2हेड सीरीज में 2-0 का सुधार किया और बाएं हाथ के खिलाड़ियों के खिलाफ अपनी जीत का सिल. सिला 21 मैचों तक बढ़ा दिया। रैंकिंग में नंबर 2 खिलाड़ी अब मंगलवार को चौथे राउंड में एलेक्स मिशेलसन का सामना करेंगे, जिससे वह 2017 में रोजर फेडरर के 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाले पहले खिलाड़ी बनने की अपनी कोशिश जारी रखेंगे। मिशेलसन ने एलेजांद्रो टैबिलो को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर इटैलियन खिलाड़ी के साथ चौथे राउंड का मुकाबला तय किया। मियामी में एक और जीत के अलावा, इस दो हफ्ते में सिनर के लिए और भी इनाम हैं। रविवार को तीसरे राउंड में सेबेस्टियन कोर्डा से अपने बड़े विरोधी कार्लोस अल्काराज के हारने के बाद, इटैलियन खिलाड़ी अब स्पैनियार्ड के साथ अपनी वर्ल्ड नंबर 1 की लड़ाई में अंतर कम करने की अच्छी स्थिति में हैं।

### एमएमए फाइट से पहले पत्नी की सलाह ने दी संग्राम सिंह को बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** पहलवान से एमएमए फाइटर बने संग्राम सिंह ने पिछले कुछ दिनों की अपनी आप बीती का बड़े ही सधे शब्दों में बयान किया है। उन्होंने कहा कि फ्रांस के "लोरियन काउड्रे के साथ अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में होने वाली उनकी बहुप्रतीक्षित फाइट के लिए उन्होंने अपने जीवन में अब तक की सबसे जडादा तैयारी की। इस दौरान वह अपने छह कोचों की मदद से खूब पसीना बहाते रहे। यहां तक कि उनकी रात की नींदें गायब हो चुकी थीं। मन में एक अलग तरह का डर पैदा होने लगा था। उनके मन की यह उथल पुथल उनकी पत्नी पायल रोहतगी से देखी नहीं गई। उनकी एक राय पर अमल करते हुए उन्होंने एमएमए के लीजेंड्स जॉन जोंस, सेंट पियरे और एंडरसन सिल्वा के वीडियो देखे, जहां उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला। फिर हरियाणा में उनके परिवार की ओर से उन्हें योग और प्राणायाम की सलाह मिली।

# KKR आकाश दीप की जगह विदर्भ के तेज गेंदबाज सौरभ दुबे को करेगी शामिल



**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) आकाश दीप के रिप्लेसमेंट के तौर पर विदर्भ के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सौरभ दुबे को आईपीएल 2026 में अपने साथ जोड़ेगी। कोलकाता में इंट्रा स्क्वाड अभ्यास मैच के दौरान केकेआर के सीईओ वैंकी मैसूर ने इसकी घोषणा की।

दुबे ने आईपीएल में अब तक एक भी मुकाबला नहीं खेला है और सीनियर लेवल पर अब तक 11 मुकाबले खेलने वाले दुबे ने पिछले ढाई वर्षों से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेली है। पिछली बार उन्होंने 2023 में एक टी20 मुक. ाबले में विदर्भ का प्रतिनिधित्व किया था। हालांकि उन्होंने पिछले साल विदर्भ प्रो टी20 लीग में ऑरेंज टाइगर्स के लिए खेलते हुए प्रभावी प्रदर्शन किया था। 2022 में उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीदा था लेकिन चोट के चलते वह बाहर हो गए। वह मुंबई इंडियंस के लिए नेट गेंदबाज भी रह चुके हैं। 28 वर्षीय दुबे ने पहली बार 2019 में एसीसी इमर्जिंग टीम्स एशिया कप के दौरान ध्यान आकर्षित किया था, जहां वह सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। केकेआर पिछले एक सप्ताह से ट्रायल का आयोजन करा रही थी और आकाश दीप के अलावा हर्षित राणा का भी संभावित विकल्प तलाश रही थी।

ट्रायल में हिस्सा लेने वाले अन्य गेंदबाजों में नवदीप सैनी, केएम आसिफ, सिमरजीत सिंह, आकाश मधवाल और संदीप वारियर शामिल थे। मैसूर ने कहा कि मुख्य कोच अभिषेक नायर ने संभावित विकल्प तलाशने के लिहाज से बहुत बढ़िया काम किया है ताकि कोच उन विकल्पों को देख सकें और हमारी ट्रेनिंग और अभ्यास मुकाबलों का हिस्सा बन सकें। निश्चित तौर पर विदर्भ के तेज गेंदबाज सौरभ दुबे ने सभी का अपनी ओर ध्यान आकर्षित किया।

कोच काफी उत्साहित थे और उन्होंने कहा कि यह वो खिलाड़ी हैं जिन्हें हम आकाश दीप की जगह अपने दल में शामिल करना चाहेंगे।' शुरुआती मुकाबले मिस करने जा रहे मतिशा पतिराना को लेकर मैसूर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि तेज गेंदबाज हिस्सा ले पाएंगे। केकेआर के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने हाल ही में कहा था कि पतिराना मध्य अप्रैल तक उपलब्ध हो जाएंगे, पतिराना को टी20 विश्व कप के दौरान चोट लगी थी। मैसूर ने कहा, ष्हम उनसे और बोर्ड (एसएलसी) से लगातार संपर्क में बने हुए हैं। हम जल्दबाजी नहीं करना चाहते, इन चीजों में समय लगता है। उम्मीद है कि हमें जडादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। पीठ के निचले हिस्से की चोट से समय से न उबर पाने के चलते आकाश दीप शनिवार को आईपीएल 2026 से बाहर हो गए। वह इस समय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे हैं।

# रुसी डेलिगेशन को बताया श्रीमद भागवत गीता का महत्व

## मेयर डा.अजय ने की एनर्जी, फॉर्मिंग, एवं सॉलिड वेस्ट से ऊर्जा उत्पादन पर विस्तार से चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। महापौर डॉ. अजय कुमार ने सोमवार को मेरठ में मास्को के मेयर सहित एक रुसी प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात कर एनर्जी, फॉर्मिंग, एवं सॉलिड वेस्ट से ऊर्जा उत्पादन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए दोनों देशों के बीच हो रहे प्रयासों एवं संभावनाओं पर विस्तार से बात की गयी।



रुसी प्रतिनिधि मंडल रुसी सरकार के विद.ेश वित्त एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्बंध मंत्री सर्गेई चेरे.मिन के नेतृत्व में दिल्ली में स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव में हिस्सा लेने भारत आया है। इससे पूर्व रुसी प्रतिनिधि मंडल मेहलका बायोएनर्जी द्वारा मेरठ के ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित किये जा रहे बायोगैस प्लांट के प्रांगण में आयोजित 'वैश्विक उत्कृष्टता सम्मेलन' में भी शामिल हुआ। इसी दौरान महापौर डॉ. अजय कुमार ने रुसी प्रतिनिधि मंडल के साथ एनर्जी, फॉर्मिंग एवं सॉलिड वेस्ट से ऊर्जा उत्पादन पर विचार साझा करते हुए प्रतिनिधि मंडल को बताया कि भारत स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है। इसी के परिणाम स्वरुप उत्तर प्रदेश में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशन और नगर विकास विभाग की प्रेरणा से नगर निगमों द्वारा आत्मनिर्भरता तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में तेजी से कार्य करते हुए अनेक परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। महापौर डॉ. अजय ने प्रतिनिधि मंडल को श्रीमद्भागवत गीता भेंट करते हुए बताया कि श्रीमद्भागवत गीता भारतीय राष्ट्र-व्यवस्था, सुशासन और सुरक्षा नीति के लिए एक शाश्वत मार्गदर्शक का कार्य करती है। यह निष्काम कर्म, कर्तव्य पालन (स्वधर्म), नैतिक आचरण और संघर्ष प्रबंधन के माध्यम से व्यक्तिगत और सामाजिक संत.ुलन स्थापित करती है। गीता का वसुधैव कुटुंबकम का दर्शन शांति, विश्व बंधुत्व और राष्ट्र की एकता को सशक्त बनाता है। प्रतिनिधि मंडल में चेरेमिन के अलावा मॉस्को चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष व्लादिमीर प्लातोनोव, मॉस्को के बाहरी आर्थिक और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के विभाग के प्रमुख जॉर्ज अल-ज्राइकात, मॉस्को के रामेकी जिला प्रशासन के प्रमुख इगोर अलेक्सेव मॉस्को के बाहरी आर्थिक और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के विभाग, समन्वय प्रभाग की प्रमुख दारिया पुस्तोवालोवा, प्रोटोकॉल प्रभाग की प्रमुख गैलिना अनुफ्रीवा व एलेक्सी बोंदारुक और फेडोर लोला आदि शामिल रहे। इससे पूर्व मेहलका बायोएनर्जी के अधिकारियों द्वारा महापौर का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

### अंबेडकर जयंती पर नगर में व्यवस्थाओं के लिए सौंपा ज्ञापन

# बाबा साहब ने दिया जीने का अधिकार: टिंकू

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की आगामी जयंती के पावन अवसर पर नगर की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा के नेतृत्व में पार्षदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।

अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से सभी पार्षदों द्वारा मांग की गई कि आगामी 12 अप्रैल को नगर के विभिन्न क्षेत्रों से निकलने वाली भव्य शोभा यात्रा के मद्देनजर सभी निर्धारित रूटों पर सड़कों की तत्काल मरम्मत, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, सुचारू प्रकाश व्यवस्था और सघन सफाई अभियान सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही 14 अप्रैल को अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह से पूर्व सभी नगर निगम स्तरीय प्रबंधों को पूर्ण करने पर जोर दिया गया।



पार्षद अभिषेक ने बाबा साहब को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने हमें न केवल जीने का अधिकार दिया, बल्कि सर्व समाज को समानता की नजर से देखना सिखाया। वहीं पार्षद नितिन जाटव और पार्षद राजीव अनु ने साझा संदेश दिया कि यदि प्रत्येक व्यक्ति बाबा साहब के दिखाए मार्ग का अनुसरण करे, तो समाज में आपसी भाईचारा और समानता सदैव बनी रहेगी। पार्षद अहमद मलिक और पार्षद नदीम अंसारी ने बाबा साहब को शोषितों एवं वंचितों का मसीहा बताते हुए कहा कि उन्होंने समाज के हर पिछड़े वर्ग को उनका हक दिलवाया और वे सर्व समाज के प्रेरणापुंज हैं।

# जूडो में दीक्षा ने जीता कांस्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। जनपद की होनहार जूडो खिलाड़ी दाक्षी ने चंडीगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय जूडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर अपने खेल का परचम लहरा दिया। अपनी इस उपलब्धि के साथ ही दाक्षी ने आगामी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए भी अपना स्थान पक्का कर लिया है।

अंतरराष्ट्रीय रेफरी एवं सहारनपुर जिला जूडो एसोसिएशन के संस्थापक सचिव दीपक गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 23 मार्च तक चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में किया गया था। इसमें दाक्षी ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की ओर से खेलते हुए -48 किलोग्राम भार वर्ग में देश भर के दिग्गजों को कड़ी चुनौती दी और कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। दाक्षी की इस सफलता पर सहारनपुर के खेल प्रेमियों और पदाधिकारियों में भारी उत्साह है। अंतरराष्ट्रीय रेफरी एवं सहारनपुर जिला जूडो एसोसिएशन के संस्थापक सचिव दीपक गुप्ता ने इसे जनपद के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि दाक्षी की मेहनत और समर्पण ने अन्य उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा पेश की है। अखिल भारतीय अंतर-विश्व.विद्यालय जूडो प्रतियोगिता मे कांस्य पदक जीतने पर दाक्षी को सहारनपुर जिला जूडो एसोसिएशन के संरक्षक ए.सी. गुप्ता, अध्यक्ष डॉ एस. के. शर्मा, अन्तरराष्ट्रीय रेफरी व सहारनपुर जिला जूडो एसोसिएशन के संस्थापक सचिव दीपक गुप्ता, उपाध्यक्ष पंकज बंसल, अनिल अग्रवाल, संजय गुप्ता, पंकज मल्होत्रा, धीरज जैन, संजीव गुप्ता, मुकेश कुमार, नौशाद सैफी, विनय जिंदल, प्रदीप आदि ने बधाई दी है।

# टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के 90 प्रधान सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। जिलाधिकारी मनीष बंसल विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर 90 टीबीमुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया।

कलक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत वर्ष 2025 के आंकड़ों के अनुसार जनपद की टीबी मुक्त हुई 90 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाली ग्राम पंचायतों में से 7 ग्राम पंचायतें लगातार तीन वर्षो यानि 2023 से लगातार टीबी मुक्त हो रही है उनके प्रधानों को महात्मा गाँधी की स्वर्ण प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र दिया गया। 2024 से यानि लगातार 2 वर्षो से टीबी मुक्त हो रही 13 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को महात्मा गाँधी की रजत प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। 2025 में प्रथम बार टीबी मुक्त हुई 70 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को महात्मा गाँधी जी की काँस्य प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र देकर जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला क्षय रोग अधिकारी ने संयुक्त रुप से सम्मानित भी किया एवं सभी ग्राम प्रधानों का इस उपलब्धि के लिए आभार भी प्रकट किया। जिलाधिकारी ने बताया कि विश्व क्षय



रोग दिवस के अवसर पर जनपद की 90 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित हुई है यह हमारे लिए खुशी की बात है। जनपद टीबी मुक्त होने की दिशा में बहुत तेजी से अग्रसर है। चिन्हित मरीजों का समय से उपचार होना महत्वपूर्ण है। मरीजों और उनके परिवार वालों को जागरूक किया जाए की उनका निर्धारित मेडिकल कोर्स समय से पूरा किया जाए। जनपद में पिछले एक वर्ष में इस संदर्भ में सघन अभियान चलाया गया। इसके अलावा शाम को कलेक्ट्रेट मे एनआईसी के सहयोग से प्रशासनिक अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जनप्रति.निधियों के साथ नोएडा से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा द्वारा किये जाने वाले 100 दिवसीय टीबी रोगी खोज अभियान के उद्धघाटन समारोह का लाईव प्रसारण देखा।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. प्रवीण कुमार, जिला क्षय रोग अधिकारी डा. सर्वेश कुमार सिंह, उप जिला क्षय रोग अधिकारी डा. आशीष कुमार, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. कपिल देव, जिला मलेरिया अधिकारी शिवांका गौड़, जिला समन्वयक श्री देव भास्कर पांडे, वरिष्ठ क्षय रोग लैब पर्यवेक्षक एम पी सिंह चावला के अलावा जिला टीबी कार्यक्रम समन्वयक मुकेश कुमार, पीपीएम परवेन्द्र यादव के अलावा संबंधित ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## दस लाख की स्मैक समेत पकड़ा

गंगोह। कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थो की तस्करी के खिलाफ चलाये जारहे आपरेशन सवेरा के तहत एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 50 ग्राम स्मेक जिसकी कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में दस लाख बताई जाती है।

आरोपी का नाम मोनिश पुत्र जाहिद निवासी ग्राम बाढीमाजरा बताया गया है। इसके अलावा बुडढाखेडा पशु चौराहे से एक शातिर अपराधी इखलाक पुत्र अल्लाबन्दा निवासी हलवाना को पकडकर उक अदद चाकु व बजाज प्लेटिना मोटरसाईकिल बरामद करके उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरु करदी है। आरोपी के खिलाफ गंगोह थाने में कई अपराधिक मुकदमें दर्ज है। एससी एसटी एक्ट में वांछित चल रहे ग्राम कल्लरहेडी निवासी रणधीर सिंह व सागर को पुलिस ने गिरफ्तार कर कानुनी कार्यवाही शुरु कर दी है।

# बॉक्सिंग ट्रायल्स में दिखाया दम

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। हापुड़ में 31 मार्च से 03 अप्रैल तक आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय यूथ बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु आयोजित हुए जिला स्तरीय चयन ट्रायल में मुक्केबाजों ने प्रतिभाग कर अपने खेल का शानदार प्रदर्शन कर पंच की ताकत दिखाई। चयन ट्रायल में चयनित खिलाड़ी, प्रदेश स्तरीय यूथ बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जनपद की टीम से ओर से भाग लेंगे।



डॉ. भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मे अयोजित हुए जिला स्तरीय बॉक्सिंग चयन ट्रायल में महिला वर्ग में 57-60 किग्रा. में हिमानी, 60-65 किग्रा. में कीर्ति, 65-70 किग्रा. में कनिका पुंडीर, 70-75 किग्रा. में शानू का चयन किया गया जबकि पुरुष वर्ग में 47-50 किग्रा. में आर्यन, 50-55 किग्रा. में दुष्यंत, 55-60 किग्रा. में आर्यन पाल, 60-65 किग्रा. में जयकुमार ग्रोह, 65-70 किग्रा. में अभय प्रताप का चयन किया गया। जिला स्तरीय चयन ट्रायल में खिलाड़ियों का चयन सहायक प्रशिक्षक बॉक्सिंग प्रवीन कुमार व जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन की सचिव रितु देवी के द्वारा किया गया। चयनित खिलाड़ियों को क्रीडाधिकारी राहुल राहुल चोपड़ा, सहायक प्रशिक्षक बॉक्सिंग प्रवीन कुमार, जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित जैन, सचिव रितु देवी, जिला ओलंपिक संघ सहारनपुर के सचिव डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, लाल धर्मेंद्र प्रताप, आद.ेश कुमार, अमित चौधरी, पवन कुमार आदि ने शुभकामनाएं दी।

## एनडीपीएस एक्ट में मामले का वांछित आरोपी गिरफ्तार

सहारनपुर। मंडी कोतवाली पुलिस ने एक वारंटी आरोपी को दबोचकर जेल भेज दिया।

जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी अभिनंदन के नेतृत्व में अपराधों की रोकथाम एवं अपराधों में संलिप्त अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी व उपनिरीक्षक प्रताप दत्त शर्मा के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर एनडीपीएस एक्ट की धारा-8/20 के मामले में वांछित चल रहे आरोपी शब्बीर पुत्र शाबिर अहमद निवासी हाल किराएदार माफीद पुत्र बशीर का मकान कमेला कालोनी निकट कुरैशियान मस्जिद थाना मंडी को कमेला रोड से दबोच लिया।

# विधायक व मेयर ने किए सड़कों के उद्घाटन

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। नगर विधायक राजीव गुंबर एवं महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह द्वारा विधायक निधि से कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यो का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। इस दौरान कई वार्डो में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्यो की शुरुआत की गई।

वार्ड 29 बेरी बाग में गीता मंदिर के पीछे प्रवीण के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण, वार्ड 19 गोपाल नगर में पुलिस चौकी से श्री सतगुरु दयाल मंदिर तक सीसी रोड व नाली निर्माण, वार्ड 19 राधा विहार गली नंबर 3 में मास्टर राजेश उर्फ अहावरण के घर से आहूजा प्रोवि.जनल स्टोर तक तथा वार्ड 27 शाकुंभरी बिहार में बाबूराम की दुकान से संजय बंसल के मकान तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्यो का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि विधायक निधि वास्तव में जनता की निधि है, जिसका उपयोग बिना किसी भेदभाव के जनहित एवं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह एवं महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई ने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश की दशा और दिशा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि सड़कों का व्यापक निर्माण, नए उद्योगों की स्थापना और रोजगार के अवसरों का सृजन बेहतर बुनियादी ढांचे और सुदृढ़ कानून व्यवस्था का परिणाम है। इस दौरान पार्षद दीपक रहेजा, अक्षु छाबड़ा, वीर सिंह सिद्धू, मंडल अध्यक्ष मनुज तायल, गोपाल मेहंदी रत्ता, विनोद चोजड़, पंडित अरुण शर्मा, पंडित अनिल कोदंड, योग चुघ, प्रवीण छाबड़ा, पार्षद राहुल झांब, राजेश वालिया, सागर कटारिया, रोमी आहूजा, निशांत शर्मा, सुरेंद्र क्वात्रा, सिमरन गुंबर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# सम्मान से नवाजे गए प्रधान चौ.हारून

शाह टाइम्स संवाददाता

बेहट/ साढौली कदीम। ब्लाक मुजफ्फराबाद के गांव पाजराणा के ग्राम प्रधान चौधरी हारून को विश्व अक्षय रोग एवं टीवी मुक्त रोग से गांव को पूर्ण रूप से मुक्त करने पर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने एक कार्यक्रम आयोजित कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। ग्राम प्रधान को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित करने पर ग्रामीणों में खुशी की लहर है।आजादी के बाद गांव को पहली बार सम्मान मिला है।



तहसील बेहट के ब्लाक मुजफ्फराबाद के अति पिछड़ा गांव पाजराणा पिछड़े क्षेत्र मे आता है। आजादी के 75 वर्ष गुजरने के बाद भी गांव को शासन द्वारा कोई सम्मान पत्र नहीं मिला है लेकिन जब से गांव के विकास की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान चौधरी हारून को मिली है तभी से वह गांव के विकास में लगे हुए है उन्होंने ग्राम पंचायत निधि के अलावा सत्ता पक्ष और विपक्ष के जन प्रतिनिधियों के कोटे से भी गांव में विकास कार्य कराए गए है।इस के अलावा उन्होंने गांव मे साफ सफाई तथा स्वास्थ विभाग द्वारा संचालित ग्रामीणों के स्वास्थ से संबंधित योजनाओं की भी पूरे तरीके से चालू रखी गई है जिस के चलते गांव पूर्ण तरह अक्षय रोग एवं टीबी रोग मुक्त होगया।जिस के चलते शासन द्वारा आज विश्व अक्षय रोग एवं टीबी मुक्त दिवस के अवसर पर ग्राम प्रधान चौधरी हारून को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र देने का निर्णय लिया गया। आज जिलाधिकारी मनीष बंसल ने विश्व अक्षय रोग एवं टीबी मुक्त दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान चौधरी हारून ने जिलाधिकारी मनीष बंसल तथा अन्य विभाग के अधिकारियों आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह समान गांव के सभी ग्रामवासियों का सम्मान है उनके 5 वर्ष के कार्यकाल में कभी भी गांव मे किसी भी तरह का कोई विवाद नहीं हुआ है उन्होंने बिन भेद भाव भुलाकर गांव मे विकास और भाई चारा कायम रखा है।

# जनसुनवाई में आया अवैध कब्जा कर पैलेस निर्माण का मामला

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। नगर निगम में जनसुनवाई के दौरान आज आठ व्यक्ति अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें से एक समस्या का तत्काल निस्तारण कराया गया। अनेक समस्याओं के लिए सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई करने को कहा गया।

जनसुनवाई में वार्ड 6 हलाल.पुर-बालपुर में किसी व्यक्ति द्वारा अवैध रुप से कब्जा कर पैलेस निर्माण करने का आरोप लगाया गया है। इस सम्बंध में एक स्कूल शिक्षक राकेश ने प्रार्थना पत्र दिया है। जिस पर अपर नगरायुक्त ने प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

वार्ड 27 मौहल्ला रोहिणी गार्डन निवासी विभू काम्बोज ने कॉलोनी में साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई मित्र को भेजकर सफाई कराते हुए समस्या का समाधान करा दिया। वार्ड 23 लोहानी सराय निवासी विशाल ने लोहानी सराय में साफ सफाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया। वार्ड 34 पंजाबी बाग निवासी अरविंद ने विकास स्टील फैक्ट्री के निकट खाली प्लाट में डाले जा रहे गोबर को साफ कराने तथा गोबर डालने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में अतिक्रमण सम्बंधी समस्याएं भी आयी। वार्ड दो बसंत विहार निवासी अनीता कौर ने अपने मकान के सामने से अतिक्रमण हटाने तथा वार्ड 23 अक्षय तनेजा ने प्रताप मार्किट में अपनी दुकान के सामने से अतिक्रमण हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। दोनों मामलों में प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई करने को कहा गया। इसके अलावा वार्ड 46 शाकुंभरी विहार निवासी दिनेश सैनी ने कॉलोनी में हाई मास्ट लाइट लगवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया।

## आईपीएमएस पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। जिला कृषि रक्षा अधिकारी कपिल कुमार ने जनपद के समस्त कीटनाशक विक्रेताओं को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वे एक सप्ताह के भीतर अपना पंजीकरण आईपीएमएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से कराएं और इसकी सूचना संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन के निर्देशानुसार यह प्रक्रिया सभी विक्रेताओं के लिए अनिवार्य है। यदि निर्धारित समयावधि के भीतर पंजीकरण नहीं कराया जाता है, तो संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध कीटनाशी अधिनियम 1968 तथा नियमावली 1971 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# लगातार चोरी की घटनाओं से दहशत

शाह टाइम्स संवाददाता

गंगोह। नगर व क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोग दहशत के साए में जीने को मजबूर हैं। आए दिन हो रही घटनाओं से पुलिस की कार्यशैली पर जहां सवाल खड़ा हो रहा है वहीं पुलिस गश्त की भी पोल खुल गई है। ऐसे में लोग रतजगा कर रखवाली करने को मजबूर हैं तो पुलिस हाथ पर हाथ रख महज लकीर पीट रही है। यही नहीं पीड़ितों की शिकायतों के बाद भी पुलिस सक्रियता नहीं दिखा रही है। जिसके चलते लोग न्याय पाने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

क्षेत्र व नगर में पुलिस की गश्ती होने के बावजूद चोरियों की घटनाओं में अंकुश नहीं लग पा रहा है। पुलिस की शिथिलता के चलते चोरों के हौसले बुलंद हैं। लगातार हो रही चोरियों से नागरिक दहशतजदा हैं। लोगों को कहना है कि चोर बेखौफ होकर आसानी से चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। वहीं चोरी के सामानों की बरामदगी में पुलिस की रफ्तार काफी धीमी है। चोरी की घटना पर अंकुश लगता नहीं दिख रहा है। स्थिति यह बनी हुई है कई मामलों में सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध रहने के बाद भी चोर की पहचान नहीं हो पा रही है। आमजन के बीच चर्चा है कि नगर व क्षेत्र में पुलिस डाल-डाल तो चोर पात-पात बने हुए हैं। चोरों ने मार्च के महीने में ही कई जगहों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है, लेकिन पुलिस आज तक चोर तो पकड़ना दूर किसका चोरी हुआ सामान भी बरामद नहीं कर पाई है। मार्च में ग्राम कोटड़ा में आसिफ प्रधान, नाजिम, सरवर, खालिद, राजसिंह, सोहन सिंह व अकरम आदि के खेतों में महंगे केबल, स्टार्टर व कृषि उपकरण आदि चोरों ने चोरी कर लिए थे। मोहल्ला बाबुराय निवासी प्रमोद गोयल के खेत में चोरो ने कोठे की दीवार तोड़कर करीब पचास हजार रुपए से अधिक का नुकसान कर दिया। जिसमें सभी कृषि उपकरण, स्टार्टर, महंगा केबल आदि सामान चोरी कर लिया है। पिछले साल भी चोरों ने मेरे खेत मे चोरी की घटना को अंजाम दिया था। दुधला मार्ग पर ही सतीश सैनी के खेत के ताले तोड़कर चोरो ने कृषि उपकरण चोरी कर लिए है। ग्राम चमनपुरा में दिन दहाड़े चोरों ने मंदिर का दानपात्र उखाड़ कर हजारों रूपये चोरी कर ले गए। बालाजी गार्डन के सामने गली में खड़ी तारिक पुत्र अब्बास निवासी ग्राम ताताहेडी की बाइक चोरों ने चोरी कर ली। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। सहारनपुर रोड स्थित यासीन मस्जिद में चोरी की घटना सामने आई है। मस्जिद में से पंखा चोरी। इससे पूर्व भी मस्जिद में चोरी की वारदात हो चुकी है। सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। गांव नागल राजपूत निवासी सतपाल पुत्र सीताराम भारतीय स्टेट बैंक से 30 हजार रुपये निकाल कर बाहर निकला और बाहर एक जनसेवा केन्द्र तक गया। इसी बीच उसके थैले को ब्लेड से काटकर नोट गायब कर दिये।

# समन्वय स्थापित कर उत्तरदायी दृष्टिकोण अपनाएं: डीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि सडक सुरक्षा से जुडे सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर उत्तरदायी दृष्टिकोण अपनाये।



जिलाधिकारी ने यह निर्देश कलैक्ट्रेट सभागार में सडक सुरक्षा समिति की बैठक में गहन समीक्षा के दौरान दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ किए जाने हेतु क्रिटिकल कॉरिडोर टीम द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे सुझावों के आधार पर किए जा रहे सुधारात्मक कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। संबंधित विभाग गूगल शीट पर नियमित रूप से प्रगति अद्यतन करें तथा आपसी समन्वय बनाए रखें।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अंडरएज वाहन चालकों (छात्र-छात्राओं) के विरुद्ध विशेष कार्रवाई की जाए। ई-रिक्शा चालकों, विशेषकर हाईवे पर संचालित ई-रिक्शाओं के विरुद्ध नियमित चालान सुनिश्चित किए जाएँ। स्कूलों में बने रोड़ सेफ्टी क्लब में अभिभावकों को भी शामिल किया जाए। सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी अनफिट स्कूली वाहन सड़क पर चलता न मिले। निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को ले जाने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाए।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध सघन अभियान चलाकर चालान की कार्यवाही में तेजी लाई जाए। शहर के जिन क्षेत्रों में भारी वानहों का प्रवेश प्रतिबन्ध है उनका हाईट बैरियर बनाकर कडाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रभावी चेकिंग अभियान चलाते हुए नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे सड़क सुरक्षा सुदृढ़ हो एवं दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों को भी सड़कों पर अव्यवस्थित ढंग से खड़ा न होने दिया जाए। नियमों के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होने कहा कि उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार प्रवर्तन कार्यवाही की जाएगी। नवयुवकों द्वारा किए जाने वाले स्टंट पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना सुनिश्चित करें। प्रथम चरण में चालान, द्वितीय चरण में ड्राइविंग लाइसेंस जब्ती तथा तृतीय चरण में वाहन जब्ती/स्क्रैप की कार्यवाही नियमानुसार की जाए। उन्होने सख्त निर्देश दिए कि सभी मुख्य मार्गों पर अवैध कट तत्काल बंद कराए जाएँ। सड़क किनारे अवैध पार्किंग पूर्णत: प्रतिबंधित की जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग धर्मेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात शैलेन्द्र श्रीवास्तव, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी एम. पी.सिंह, नगर निगम, एनएचएआई, उपशा एवं अन्य मार्ग निर्माण विभागों के प्रतिनिधि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# कैसे रुकेगा युद्ध

मध्य पूर्व में चल रहा संघर्ष अब पूरी दुनिया को अपनी चपेट में लेता दिखाई दे रहा है। 24 दिन गुजर जाने के बावजूद इस युद्ध में कोई कमी आती दिखाई नहीं दे रही है। हां थोड़ी आशा उस समय जरूर बंधी थी, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने 48 घंटों के अल्टीमेटम के बाद ईरान पर हमला करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार कर उसको पांच दिन के लिए टाल दिया था। ट्रम्प ने दावा किया था कि ऐसा वह इसलिए कर रहे हैं ताकि पर्दे के पीछे चल रही ईरान से बातचीत किसी अच्छे नतीजे पर पहुंचे। उसके सकारात्मक परिणाम आएंगे। ट्रम्प के इस फैसले के तुरंत बाद ईरान की तरफ से जवाब आया कि ऐसी कोई बातचीत नहीं चल रही है और बातचीत अगर कोई होगी भी तो वह ईरान की शर्तों पर होगी। जिस तरह दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमले किए, उससे भी पांच दिन के संघर्ष विराम का कोई मतलब नहीं रह गया है। बताया जा रहा है कि ईरान ने इस्राईल के तेल अवीव सहित कई शहरों पर मिसाइल से हमले किए, तो वहीं इस्राईल अमेरिका ने भी ईरान पर ताबड़तोड़ बमबारी की। हालांकि ट्रम्प अभी भी कह रहे हैं कि बातचीत जारी है, लेकिन ऐसा कहते हुए वह यह कहने से भी नहीं चूके कि ईरान अमेरिका की शर्तों के अनुसार ही चलेगा और वह ईरान को न्यूक्लियर पॉवर कभी नहीं बनने देंगे। साथ ही उनका दावा रहा है कि अमेरिका ने ईरान को भारी क्षति पहुंचाई है और उसकी सेना लड़ने की स्थिति में नहीं है, जबकि जमीनी हकीकत उससे अलग ही दिखाई दे रही है। जहां तक बात भारत की है, भारत भी यही चाहता है कि किसी भी तरह यह युद्ध रुके। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस संबंध में ट्रम्प ने टेलीफोन पर बात भी की। इस बातचीत में कहा जा रहा है कि होर्मुज स्टेट को खोलने से लेकर अन्य तमाम बातों पर बातचीत हुई और दोनों देशों के बीच सहमति बनती दिखाई दी। इसमें कोई दोराय नहीं कि हर कोई चाहता है कि यह युद्ध रुके। उसका कारण भी है, भले ही यह युद्ध ईरान-अमेरिका/इस्राईल के बीच लड़ा जा रहा हो, लेकिन इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। तेल, गैस का संकट लगभग प्रत्येक देश के सामने खड़ा हो गया है, क्योंकि जिस तरह दोनों की ओर से एक-दूसरे के ऊर्जा संसाधनों पर हमले किए जा रहे हैं, वह सभी के लिए विनाशकारी साबित हो रहे हैं। जाहिर है हर देश का नेतृत्व इस समय चिंतित दशा में है और नहीं चाहता कि किसी भी सूरत में यह युद्ध आगे बढ़े। अमेरिकी राष्ट्रपति जिस तरह की भाषा बोल रहे हैं, उससे तो लगता है कि वह युद्ध से बाहर निकलना चाहते हैं, लेकिन उनका सहयोगी देश इस्राईल उनसे सहमत होता दिखाई नहीं दे रहा है। जब पांच दिन के संघर्ष विराम की घोषणा ट्रम्प ने की थी, तब भी इस्राईली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने इस पर ठंडी प्रतिक्रिया दी थी। अभी भी विश्व के बड़े नेता अपनी जिम्मेदारी को समझें, ताकि विनाश को रोका जा सके।

## अमेरिका के प्रभाव में काम करते हैं पीएम



पूर्व निर्धारित केरल दौरे के कारण बैठक में शामिल नहीं हो सकूंगा, इस मुद्दे पर चर्चा जरूरी है, लेकिन सरकार पहले ही गंभीर गलती कर चुकी है, व्यवस्था का ढांचा ही कमजोर कर दिया गया है, जिसे सुधारने में काफी समय लगेगा, पीएम नरेंद्र मोदी स्वतंत्र निर्णय लेने के बजाय अमेरिका और इस्राईल के प्रभाव में काम करते हैं और किसानों व युवाओं के हित में प्रभावी कदम नहीं उठा पा रहे हैं।

-राहुल गांधी, नेता विपक्ष

# शिक्षा का बजट घटाया, तो पीढ़ियां माफ नहीं करेंगी





पवन सिंह

द्वितीय विश्व युद्ध (1939-1945) समाप्त हो चुका था, ब्रिटेन जबरदस्त आर्थिक संकट का सामना कर रहा था। ब्रिटिश संसद चल रही थी और उस वक्त इंग्लैंड के प्रधानमंत्री थे क्लिमेंट एटली। बजट पर बहस जारी थी। तमाम ब्रिटिश सांसदों ने इंग्लैंड के प्रधानमंत्री क्लिमेंट एटली से कहा आपने रक्षा से लेकर तमाम मदों में बजट में जबरदस्त कटौती कर दी है, लेकिन शिक्षा के बजट में कटौती क्यों नहीं की? इंग्लैंड के प्रधानमंत्री क्लिमेंट एटली ने मुस्कुराते हुए कहा-हम युद्ध से हुए नुकसान की भरपाई तो कर लेंगे, लेकिन अगर बजट के अभाव में हमारी पीढ़ियों की शिक्षा प्रभावित हुई तो इसका नुकसान कोई नहीं भर पाएगा। यह कह कर उन्होंने शिक्षा के बजट में कटौती करने से साफ मना कर दिया। ब्रिटेन में वर्ष, 1944 के बटलर शिक्षा अधिनियम के तहत प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा को अनिवार्य और मुफ्त बनाने पर जोर दिया गया, जिससे ब्रिटेन में शिक्षा का महत्व बना रहा।

यह सुखद आश्चर्य है कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ही इंग्लैंड में वर्ष, 1944 में ऐतिहासिक शिक्षा सुधार पारित किया गया, जिसने राज्य द्वारा वित्तपोषित शिक्षा के लिए एक ठोस आधार प्रदान किया। एक ओर युद्ध चला रहा हो और दूसरी ओर ब्रिटेन अपनी शिक्षा, अपने स्कूलों, कालेजों को उन्नत बनाने के प्रयास कर रहा था, ऐसा उदाहरण दुनियां में कहीं और देखने को नहीं मिलता। तत्कालीन सरकार ने अपनी कल्याणकारी राज्य की सोच को प्राथमिकता देते हुए शिक्षा और स्वास्थ्य को विशेष महत्व दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि युद्ध के बाद ब्रिटेन में नई शिक्षा प्रणालियां विकसित हुईं। एटली सरकार ने 1944 के जिस शिक्षा अधिनियम को लागू किया, उसे श्बटलर एक्टश कहा जाता है, जिसने शिक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार किए। एटली ने कल्याणकारी राज्य की नीति अपनाई।

इंग्लैंड में आरंभ से ही शिक्षा, विज्ञान, तकनीक और न्यू इनोवेशन ही वह मूल था जिसने वर्ष, 1760 से वर्ष, 1840 के बीच इंग्लैंड में औद्योगिक क्रांति आरंभ की। हस्तशिल्प का सफर मशीनों तक आया। भाप के इंजन ने सब कुछ बदल कर रख दिया। कोयला औद्योगिक क्रांति का प्रमुख आधार बन कर निकला और लोहा उद्योग से लेकर कपड़ा उद्योग एक नई इबारत लिखने लगा। कारखाने लगे तो शहरीकरण हुआ और फिर सब कुछ तेजी से बदलना आरंभ हुआ। विश्वयुद्ध हो या महामारी, वैश्विक आर्थिक स्थिति नकारात्मकता में हो या कोई अन्य कारण इंग्लैंड ने उसकी आंच कभी भी अपने कालेजों व विश्वविद्यालयों पर नहीं आने दी। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय वर्ष, 1096 में स्थापित हुआ, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय वर्ष, 1209 में, यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन वर्ष, 1826 में, मैनचेस्टर विश्वविद्यालय वर्ष, 1824 में, किंग्स कॉलेज लंदन वर्ष, 1829 में, इंपीरियल कॉलेज लंदन वर्ष, 1907 में और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस वर्ष, 1895 में स्थापित हुआ। जबकि दरहम विश्वविद्यालय वर्ष, 1832 में, ब्रिस्टल विश्वविद्यालय वर्ष, 1876 में और वारविक विश्वविद्यालय वर्ष 1965 में स्थापित हुए। इनकी वित्तीय कटौती किसी भी सूरत में कभी नहीं की गई।

उधर चीन ने शिक्षा, तकनीक, न्यू इनोवेशन के महत्व को समझा और उस पर कभी कोई समझौता नहीं किया। इस बीच चीन के थिंक टैंक ने लगातार इंग्लैंड सहित अन्य यूरोपीय देशों में हुई प्रगति पर नजरें बनाए रखीं और उसने भी शिक्षा और अनुसंधान को अपना हथियार बनाया। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यानी 1945 के बाद से ही चीन ने कमर कसी और उसने वर्ष, 1949 में 20 से 40 प्रतिशत की रफ्तार से साक्षरता दर हासिल की और वर्ष 2000 आते-आते चीन की करीब 98.4 प्रतिशत की आबादी शैक्षिक रूप से समृद्ध हो चुकी थी। इसके साथ ही चीन ने शिक्षा और अनुसंधान यानी R-D में जो छलांग लगाई है, वह दूसरे देशों के लिए एक सीख है। यह R-D के क्षेत्र की अभूतपूर्व क्रांति है। इसने देखते ही देखते विगत 30 सालों में चीन को तकनीकी महाशक्ति बना दिया। चीन ने वर्ष, 1986 में अनिवार्य शिक्षा कानून बनाया और वर्ष, 1999 के बाद R-D में भारी निवेश किया। यह निवेश वर्ष, 2011 में +100 बिलियन डॉलर से अधिक का था। आज चीन 3,000 विश्वविद्यालयों के साथ शैक्षणिक, बौद्धिक, तकनीक, साइंस आदि क्षेत्रों में हर बार कोई न कोई नई खोज सामने रख कर आश्चर्यचकित कर देता है। R-D यानी अनुसंधान और विकास में चीन ने सालाना 20 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है, जिसने चीन को एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और बायोटेक में अग्रणी बना दिया। इसके अलावा चीन ने अपने विश्व. विद्यालयों का जबरदस्त आधुनिकीकरण किया और 147 विश्वविद्यालयों को विश्व स्तरीय बनाने के लिए विशेष फंड और संसाधन झोंक दिए। आज चीन ऑनलाइन शिक्षा, ई-लर्निंग व स्मार्ट क्लासरूम में दुनिया में सबसे आगे है, जो AI और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करते हैं। इसके अलावा चीन ने अमेरिकी माडल की कापी की और विश्व भर की विदेशी प्रतिभाओं को चीन आमंत्रित किया। चीन लगातार विदेशी छात्रों की संख्या को बढ़ा रहा है। यह संख्या 2024 तक करीब 5 लाख तक पहुंच चुकी है। इससे उलट हमारे देश में सबसे बुरी गत शिक्षा, अनुसंधान और न्यू इनोवेशन को लेकर हुई। इसे बढ़ाने की बजाए इसे गर्त में झोंक दिया गया। परिणाम यह हुआ कि मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ चरमरा गई और धीरे-धीरे हम तकनीकी मामले में चीन पर निर्भर होते चले गए। 2024 के आंकड़ों के अनुसार, चीन से भारत में विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (लगभग 47.67 अरब डॉलर) और मशीनरी, परमाणु रिएक्टर व बॉयलर (लगभग 27 अरब डॉलर) का सबसे अधिक आयात किया गया। ये दोनों श्रेणियां मिलकर 70 अरब डॉलर से अधिक की हैं। वर्ष, 2024-25 में चीन से भारत को प्रमुख मशीनरी आयात में विद्युत-इलेक्ट्रॉनिक उपकरण- 38 अरब डॉलर से 47 अरब डॉलर से अधिक और परमाणु रिएक्टर और बॉयलर मशीन. री-21.7 अरब डॉलर से 27 अरब डॉलर के अलावा अन्य तकनीकी उपकरण (ऑप्टिकल, मेडिकल)- 2.56 अरब डॉलर से 2.8 अरब डॉलर रहा। चीन शिक्षा और अनुसंधान R-D में दुनिया के सबसे बड़े निवेशकों में से एक है। 2026 में, चीन ने अपने विज्ञान और प्रौद्योगिकी बजट को बढ़ाकर 426.4 बिलियन युआन (लगभग +59-60 बिलियन) कर दिया है, जो 2025 से 10 प्रतिशत अधिक है। समग्र शिक्षा बजट 800 बिलियन डॉलर से अधिक का है, जो उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा और तकनीकी विकास पर भारी फोकस दर्शाता है। मुझे यह लिखने में कोई गुरेज नहीं है कि आज मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के मामले में हम चीन पर निर्भर हैं, क्योंकि हमने अपने देश में कभी भी साइंटिफिक एप्टीट्यूट या साइंटिफिक टैंपरामेंट डेवलप होने ही नहीं दिया। शिक्षा और अनुसंधान हमारे लिए कभी प्राथमिकता में रहा ही नहीं। हमारे पास तथाकथित कामों के लिए तो करोड़ों रुपए होते हैं, लेकिन स्कूलों और विश्वविद्यालयों के लिए, रिसर्च के लिए बजट न के बराबर होता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# 27 मार्च को नेपाल में सत्तारुढ़ होगी बालेन सरकार

**राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का जन्म अभी पिछले चुनाव में ही हुआ है। पहली मर्तबा चुनाव में उतरी इस पार्टी को 20 सीटें हासिल हुई थी। इस बार के चुनाव में इस पार्टी की सुनामी थी जिसमें पुरानी पार्टियों के सारे धुरंधर धराशाई हो गए। देखा जाए तो नेपाल के लोकतांत्रिक इतिहास में सर्वथा पहली बार किसी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। बालेन सरकार के मंत्रिमंडल को लेकर नेपाल के पड़ोसी देशों में भी उत्सुकता देखी जा रही है। अपेक्षाकृत राजनीतिक रूप से बिल्कुल ही अपरिपक्व बालेन सरकार नेपाल के लिए क्या कुछ कर पाती है ,यह देखना दिलचस्प होगा।**



यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल में 27 मार्च को गठन होने जा रही नई सरकार को लेकर नेपाली जनता में उत्सुकता का माहौल है। इसीके साथ हर वर्ग में आशा और विश्वास भी है। चारों ओर चर्चा है कि अब नेपाल को परिवर्तन की अनुभूति होगी। मायूसी और निराशा के बादल छटेंगे। अबकी बार बालेन सरकार का नारा हर ओर गुंजायमान है। राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल नवनियुक्त प्रधानमंत्री और मंत्रियों को शपथ ग्रहण कराएंगे। काठमांडू में जगह जगह बालेन शाह, रवि लामी छाने और सुडान गुरूंग के पोस्टर लगाए गए हैं। अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की नई सरकार को सत्ता सौंपने की तैयारी में व्यस्त हैं। प्रधानमंत्री और मंत्रियों के शपथ से पहले 26 मार्च को सभी सांसदों का शपथ ग्रहण होगा। गौरतलब है कि नेपाल करीब चार सौ सालों तक राजशाही के अधीन था। पृथ्वी नारायण शाह को नेपाल का जनक माना जाता है। राजशाही से मुक्ति के लिए राजनीतिक दलों ने यदा कदा आंदोलन जरूर चलाया, लेकिन इसमें कामयाबी 2008 में जनयुद्ध नाम से चले हिंसक आंदोलन के बाद मिली। माओइस्ट नेता प्रचंड और उनके सहयोगियों के नेतृत्व में सालों साल चले इस आंदोलन में करीब पांच हजार लोग मारे गए। राजा समर्थक राजनेताओं और जमिन्दारों के घर जलाए गए उनकी हत्याएं की गई। इस भारी खून खराबा से घबड़ाए तत्कालीन नरेश ज्ञानेंद्र ने सत्ता त्यागने की घोषणा की। कहना न होगा नेपाल को लोकतंत्र के सूर्योदय के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ी।

2008 में हुए संविधान सभा के चुनाव में अपूर्ण बहुमत के बावजूद प्रचंड प्रधानमंत्री बने लेकिन नौ माह बाद ही उन्हें सत्ता छोड़ने को मजबूर होना पड़ा। उसके बाद 2026 में संपन्न हुए चुनाव तक नेपाल को अस्थिर और गठबंधन सरकार का बोझ ढोने को मजबूर होना पड़ा। इस दौरान करीब 13 प्रधानमंत्री आए गए लेकिन नेपाल जस का तस रहा। भ्रष्टाचार इस स्तर तक चरम पर पंहुच गया कि सत्ता और विपक्ष के शीर्ष नेताओं तक के हाथ इसमें सने हुए मिले। नेपाली जनता खुद को ठगा हुआ महसूस करने लगी। भ्रष्ट सरकारों की श्रृंखला में के पी शर्मा ओली अंतिम प्रधानमंत्री साबित हुए जिसे दुनिया ने देखा कि किस तरह जेन जी आंदोलनकारियों ने भारी अपमान के बीच सत्ता छोड़ने को मजबूर किया। इसके अलावा अन्य दूसरी पार्टियों के वरिष्ठ नेता भी किस कदर खेत खेत भागकर अपनी जान बचा पाए,यह भी दुनिया ने देखा। किसी सरकार के प्रति जनता जब गुस्सा करती है तो उसका क्या हश्र होता है, नेपाली जनता ने यह कर दिखाया। बहरहाल उसके बाद नेपाल में अंतरिम सरकार का गठन हुआ फिर छह महीने बाद चुनाव हुआ और इस चुनाव में सर्वथा पहली बार नेपाल को पूर्ण बहुमत की सरकार नसीब हुई। दरअसल नेपाली जनता को राजशाही से असल मुक्ति अब महसूस हुई, लेकिन अनुभूति होना अभी बाकी है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी यानी जिस पार्टी की सरकार सत्तारूढ़ होने जा रही है, उससे जनता को बहुत ज्यादा उम्मीद है। इस उम्मीद पर खरा उतरना यद्यपि कि आसान नहीं है, लेकिन नई सरकार यदि पचास प्रतिशत ही जनता की अपेक्षा पर खरा उतर पाई तो यह बड़ी कामयाबी होगी। नई सरकार का मुखिया बालेन शाह का ही बनना तय है। इस पद को लेकर चल रही कयासबाजी और शंका आशंका सब निर्मूल है। बालेन मंत्रिमंडल में फिलहाल उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामी छाने होंगे। जेन जी आंदोलन के नायक सुडान गुरूंग का भी मंत्री बनना तय माना जा रहा है। तराई जो सरकार में अहम भागीदारी से अछूता रह जाता रहा, यहां से भी कम से कम चार मंत्री होंगे। काफी संभावना है भारत सीमा से सटे नेपाल के कपिलवस्तु जिले से सांसद चुने गए पूर्व पुलिस अधिकारी विक्रम सिंह थापा को बालेन शाह सरकार में महत्वपूर्ण मंत्रालय मिल सकता है। विक्रम सिंह थापा राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से सांसद चुने गए हैं। बालेन मंत्रिमंडल में क्षेत्र और जाति संतुलन पर विशेष ध्यान होगा। बालेन मंत्रिमंडल में अपेक्षाकृत युवा चेहरे भी होंगे। इसे लेकर पार्टी के भीतर मंथन चल रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# गणेश शंकर विद्यार्थी : वह शहादत जिसने पत्रकारिता को अमर कर दिया



श्वेता गोयल

भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महासमर में जहां एक ओर तलवारों की खनक और बंदूकों की गूंज थी, वहीं दूसरी ओर एक ऐसी वैचारिक क्रांति की धारा भी प्रवाहित हो रही थी, जिसने जनमानस के अंतर्मन को झकझोर कर रख दिया था। इस वैचारिक क्रांति के पुरोधाओं में एक ऐसा नाम दैदीप्यमान नक्षत्र की भांति चमकता है, जिसने अपनी लेखनी को ही अपना अस्त्र बनाया और सत्य की बलिवेदी पर स्वयं को न्योछावर कर दिया। वह नाम है गणेश शंकर विद्यार्थी, जो एक संस्था, एक विचार और निर्भीक पत्रकारिता के जीवंत प्रतिमान थे। उनका व्यक्तित्व उस पारस पत्थर के समान था, जिसके स्पर्श से सामान्यजन भी राष्ट्रभक्ति के स्वर्ण में परिवर्तित हो जाते थे। उनकी जीवन यात्रा उस शाश्वत संघर्ष की गाथा है, जहां एक अकेला व्यक्ति अपनी नैतिक शक्ति के बल पर साम्राज्यवादी सत्ता की चूलें हिलाने का साहस रखता था। इलाहाबाद की पावन धरा पर 26 अक्तूबर 1890 को अतरसुइया के एक साधारण कायस्थ परिवार में जब इस बालक का जन्म हुआ तो किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि यह शिशु भविष्य में भारतीय पत्रकारिता का सूर्य बनेगा। पिता जयनारायण, जो स्वयं एक शिक्षक थे, ने गणेश को अनुशासन और ज्ञान की वह घुट्टी पिलाई, जिसने उनके भीतर सत्य के प्रति अटूट निष्ठा का बीजारोपण किया। यद्यपि उनकी प्रारंभिक शिक्षा उर्दू और अंग्रेजी के वातावरण में हुई किंतु उनके भीतर भारतीयता का जो ज्वार उमड़ रहा था, उसने उन्हें हिंदी साहित्य और राष्ट्रीय चिंतन की ओर मोड़ दिया। उनके भीतर की तड़प केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं थी बल्कि वे समाज की विसंगतियों और पराधीनता की बेड़ियों को देख रहे थे। यही कारण था कि उन्होंने अपने नाम के साथ 'विद्यार्थी' शब्द जोड़ा, जो इस बात का प्रतीक था कि वे जीवन के अंतिम क्षण तक एक जिज्ञासु और सीखने वाले साधक बने रहेंगे।

उनकी पत्रकारिता का अध्याय तब प्रारंभ हुआ, जब देश में स्वाधीनता की चेतना अंगड़ाइयां ले रही थी। 'कर्मयोगी' में पंडित सुंदरलाल के सान्निध्य में उन्होंने शब्दों की शक्ति को पहचाना। बाद में जब उन्हें पंडित महावीर प्रसाद द्विवेदी जैसी महान विभूति ने 'सरस्वती' के संपादन का प्रस्ताव दिया तो यह किसी भी युवा लेखक के लिए एक महान उपलब्धि हो सकती थी किंतु विद्यार्थी जी का लक्ष्य केवल साहित्यिक परिष्कार नहीं था, वे तो उन शोषितों की आवाज बनना चाहते थे, जिनकी पुकार सत्ता के गलियारों तक नहीं पहुंचती थी। उन्होंने 'सरस्वती' के वैभव के स्थान पर 'अभ्युदय' के संघर्षपूर्ण मार्ग को चुना। उनका मानना था कि पत्रका. रिता केवल अक्षरों का विन्यास नहीं है बल्कि यह वह मशाल है, जो अंधेरे को चीरने का सामर्थ्य रखती है।



9 नवम्बर 1913 का दिन भारतीय पत्रकारिता के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय की भांति अंकित है, जब कानपुर की तंग गलियों से 'प्रताप' का उदय हुआ। यह केवल एक साप्ताहिक पत्र नहीं था बल्कि फिरंगियों के विरुद्ध एक युद्धघोष था। 'प्रताप' के माध्यम से विद्यार्थी जी ने वह कर दिखाया, जो बड़ी-बड़ी सेनाएं नहीं कर पाती थी। उन्होंने किसानों की पीड़ा, मजदूरों का शोषण और रियासतों के अत्याचारों को अपनी स्याही से ऐसा उकेरा कि अंग्रेज सरकार के पसीने छूटने लगे। उनकी लेखनी में वह धार थी, जो सीधे जनमानस के हृदय को बेधती थी। उन्होंने पत्रकारिता को दरबारी संस्कृति से निकालकर गलियों और खेतों तक पहुंचाया। उनके लिए निष्पक्षता का अर्थ तटस्थता नहीं बल्कि सत्य के पक्ष में खड़े होकर अन्याय से लोहा लेना था। अंग्रेजी हुकूमत के लिए विद्यार्थी जी एक कांटा बन चुके थे। उन पर अनगिनत मुकदमे चले, भारी जुर्माना लगाया गया और बार-बार कारावास की कालकोठरी में धकेला गया। पांच बार जेल जाने के बाद भी उनकी चमक फीकी नहीं पड़ी बल्कि वे हर बार और अधिक तपकर कुंदन की तरह बाहर निकले। जेल की यातनाएं उनके संकल्प को नहीं तोड़ सकीं। उन्होंने जेल में रहकर 'जेल जीवन की झलक' जैसी कृतियां रची, जिन्होंने जेल की चारदीवारी के भीतर के सच को दुनिया के सामने रखा। उनकी लेखनी ने स्वाधीनता सेनानियों के भीतर वह ऊर्जा भरी कि 'प्रताप' का कार्यालय क्रांतिकारियों का तीर्थस्थल बन गया। विद्यार्थी जी का राजनीतिक जीवन भी उनके पत्रकारिता के समान ही ओजस्वी था। वे केवल लिखने वाले बौद्धिक नहीं थे बल्कि कर्म के पथ पर चलने वाले योद्धा थे। उनके लिए पद कभी साध्य नहीं रहे, केवल साधन रहे। उनके भीतर एक अद्भुत समन्वय था, वे एक ओर अहिंसा के पुजारी थे तो दूसरी ओर अन्याय के विरुद्ध किसी भी हद तक जाने वाले बागी। गणेश शंकर विद्यार्थी के जीवन का जो पक्ष उन्हें महानता के सर्वोच्च शिखर पर स्थापित करता है, वह है उनकी सांप्रदायिक सद्भाव के प्रति अटूट आस्था। वे भली-भांति समझते थे कि ब्रिटिश साम्राज्य की नींव 'फूट डालो और राज करो' की नीति पर टिकी है। उन्होंने अपने लेखों में बार-बार चेतावनी दी कि धर्म का राजनीतिक उपयोग समाज के लिए विष के समान है। वे अक्सर कहा करते थे कि धर्म का स्थान मनुष्य का हृदय है, सड़क या संसद नहीं। मार्च 1931 का वह काला समय आया, जिसने भारत माता के इस सपूत को हमसे छीन लिया। पूरा देश भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की फांसी के शोक में डूबा हुआ था। कानपुर में सांप्रदायिक दंगों की भयावह आग भड़क उठी थी। चारों ओर उन्माद का तांडव था, मानवता कराह रही थी और भाई-भाई का खून बहा रहा था। ऐसे समय में जब लोग अपनी जान बचाने के लिए घरों में दुबके थे, गणेश शंकर विद्यार्थी नंगे पैर, निहत्थे उस दहकती हुई आग के बीच कूद पड़े। उनके मित्रों और परिजनों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया किंतु उन्होंने उत्तर दिया कि यदि मेरा जीवन भाईयों को बचाने में काम आए तो इससे बड़ी सार्थकता और क्या होगी? वे गलियों में घूम-घूम कर दंगाइयों को समझाते रहे, असहाय महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाते रहे। 25 मार्च 1931 को उस उन्मत्त भीड़ ने, जिसके भीतर से विवेक लुप्त हो चुका था, इस शांतिदूत पर प्रहार किया। विडंबना देखिए, जिस व्यक्ति ने उम्रभर गरीबों और मजलूमों के हक की लड़ाई लड़ी, वही उसी भीड़ की नफरत का शिकार हो गया। उनकी शहादत ने देश को स्तब्ध कर दिया। विद्यार्थी जी का बलिदान केवल एक व्यक्ति का अंत नहीं था बल्कि वह घृणा के विरुद्ध प्रेम की पराकाष्ठा थी। आज के इस दौर में, जब सूचनाओं के महासागर में सत्य कहीं खो गया है और पत्रकारिता के आदर्शों पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



उत्तरी इजरायल। किरयात शमोना में लेबनान से इजरायल की ओर रॉकेट दागे जाने की चेतावनी के बाद हवाई हमले के सायरन बजने पर छिपते इजरायली सुरक्षा जवान।

## ईरान: मोहम्मद बागेर जोल्घाद्र राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के नए प्रमुख नियुक्त

**तेहरान।** ईरान सरकार ने मोहम्मद बागेर जोल्घाद्र को देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का नया सचिव नियुक्त किया है। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'इरना' ने राष्ट्रपति कार्यालय के हवाले से मंगलवार को यह जानकारी दी। जोल्घाद्र इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त रहे अली लारीजानी का स्थान लेंगे। उल्लेखनीय है कि अली लारीजानी इजरायल के एक हमले में मारे गए थे। उसके बाद से यह पद रिक्त था। जोल्घाद्र की नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियां बड़ी हुई हैं। सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ईरान की वह शीर्ष संस्था है जो देश की रक्षा और विदेश नीति से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लेने में राष्ट्रपति और सर्वोच्च नेता का मार्गदर्शन करती है।

## रूस ईरान को खुफिया जानकारी साझा कर रहा है: जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा है कि उनके पास 'पुख्ता सबूत' हैं कि रूस ईरान को खुफिया जानकारी उपलब्ध करा रहा है। यह दावा यूक्रेन की सैन्य खुफिया एजेंसी (एचयूआर) के प्रमुख ओलेह इवाशचेंको के साथ बैठक के बाद किया गया, जिसमें ज़ेलेंस्की ने प्रस्तुत मूल्यांकन की समीक्षा की। ज़ेलेंस्की ने टेलीग्राम पर पोस्ट में चर्चा का सार देते हुए कहा कि रूस अपनी रेडियो-तकनीकी और इलेक्ट्रॉनिक खुफिया क्षमताओं का उपयोग कर रहा है, साथ ही मध्य पूर्व के भागीदारों से प्राप्त कुछ खुफिया जानकारी भी साझा कर रहा है। इन आरोपों पर रूस या ईरान की ओर से अभी कोई तत्काल प्रतिक्रिया नहीं आई है। ज़ेलेंस्की का बयान ऐसे समय में आया है जब पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ रहा है।

# परमाणु हथियार रखने का फैसला सही था: किम जोंग

## ईरान पर हमले ने हमें सच साबित किया, जीत मजबूत ताकत से तय होती है

**प्योंगयांग।** नॉर्थ कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन ने देश के पास परमाणु हथियार होने को लेकर खुशी जताई है। सरकारी मीडिया के मुताबिक उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजराइल के ईरान पर किए गए हमले साबित करते हैं, कि उनके देश का परमाणु हथियार रखने का फैसला सही था।

किम ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध दिखाता है कि आज की दुनिया में सिर्फ मजबूत सैन्य ताकत ही किसी देश को सुरक्षित रख सकती है। उन्होंने यह बयान सोमवार को संसद में लंबे भाषण के दौरान दिया। अपने भाषण में किम ने दक्षिण कोरिया के प्रति सख्त रुख दोहराया और कहा कि वह अपने देश की परमाणु ताकत को और मजबूत करेंगे, ताकि अमेरिका को रोका जा सके। किम जोंग उन का यह भाषण मंगलवार को लिखित रूप



■ 2019 में ट्रम्प के साथ बातचीत टूटने के बाद परमाणु हथियार बढ़ाने का फैसला उनका सबसे सही कदम था

में जारी हुआ है। इसमें उन्होंने कहा कि 2019 में ट्रम्प के साथ बातचीत टूटने के बाद परमाणु हथियार बढ़ाने का फैसला उनका सबसे सही कदम था। किम ने कहा कि नॉर्थ कोरिया अब अमेरिका के खिलाफ एकजुट मोर्चे में और ज्यादा सक्रिय भूमिका निभाएगा। हालांकि उन्होंने ट्रम्प का नाम सीधे नहीं लिया, लेकिन यह जरूर कहा कि उनके विरोधी टकराव चाहते हैं या शांति, यह उन पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि नॉर्थ कोरिया हर स्थिति के लिए तैयार है। किम ने देश को आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था बनाने, ज्यादा परमाणु हथियार और उन्हें ले जाने वाली मिसाइलें बनाने पर जोर दिया। किम ने यह भी कहा कि परमाणु हथियारों की वजह से नॉर्थ कोरिया अब ज्यादा सुरक्षित है और इसी वजह से वह अपने संसाधनों का इस्तेमाल आर्थिक विकास के लिए भी कर पा रहा है। साउथ कोरिया को लेकर उन्होंने कहा कि हम उसे सबसे बड़ा दुश्मन मानेंगे और पूरी तरह नजरअंदाज करेंगे। अगर साउथ कोरिया कोई भी कदम उठाता है जो उनके देश को नुकसान पहुंचाता है, तो उसे कड़ी सजा दी जाएगी। कई दशकों से अमेरिका और उसके सहयोगी देश, प्रतिबंध और बातचीत के जरिए नॉर्थ कोरिया को परमाणु कार्यक्रम छोड़ने के लिए मनाने की कोशिश करते रहे हैं, लेकिन अब तक सभी प्रयास असफल रहे हैं। व्हाइट हाउस में दोबारा आने के बाद ट्रम्प ने किम से फिर बातचीत करने की इच्छा जताई है। हालांकि, किम का कहना है कि बातचीत तभी हो सकती है, जब अमेरिका आधिकारिक तौर पर नॉर्थ कोरिया को परमाणु शक्ति के रूप में मान्यता दे। नॉर्थ कोरिया लंबे समय से यह कहता रहा है कि अगर लीबिया के मुअम्मर गद्दाफी और इराक के सद्दाम हुसैन के पास परमाणु हथियार होते तो उनका अंत इस तरह नहीं होता।

## संक्षिप्त समाचार

### वियतनाम में एक भोजनालय में आग लगने से दो की मौत

**हनोई।** दक्षिणी वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर में सोमवार रात एक शाकाहारी भोजनालय में आग लगने से एक महिला और उसके बच्चे की मौत हो गई। वियतनाम न्यूज़ एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जब आग लगी तो पीड़ित सो रहे थे। स्थानीय दैनिक वीएन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक एक पड़ोसी ने बताया कि घटना के समय भोजनालय बंद था।

### कोलंबिया में सैन्य विमान दुर्घटना में 66 सैनिकों की मौत

**बोगोटा।** कोलंबिया के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत पुटुमायो में सोमवार को हुए एक सैन्य विमान दुर्घटना में 66 सैनिकों की मौत हो गई। कोलंबिया की सेना ने कहा नए आंकड़ों के मुताबिक विमान में 128 लोग सवार थे, जिनमें से 57 घायल हो गए, चार लापता हैं और एक व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ। सेना ने शुरू में कहा था कि दुर्घटनाग्रस्त हुए परिवहन विमान सी-130 हरक्यूलिस में 114 यात्री और 11 चालक दल के सदस्य सवार थे। इस विमान का इस्तेमाल सैनिकों को लाने-ले जाने के लिए किया जाता था।

### टोंगा तट के पास 7.6 तीव्रता का भूकंप: भूकंप विज्ञानी

**मॉस्को।** यूरोपीय भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र (ईएमएसएससी) ने मंगलवार को बताया कि दक्षिणी प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय देश टोंगा के तट के दक्षिण-पश्चिम में 7.6 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया है। भूकंप विज्ञानियों के अनुसार, यह भूकंप 04:37 जीएमटी पर आया, जो शहर नेइफू से लगभग 158 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम में था। इसका केंद्र 218 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। फिलहाल इस भूकंप से किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान या हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

# तेल अवीव पर ईरानी मिसाइलों की बारिश

## विरोधाभासी बयानों ने पश्चिम एशिया संकट को और जटिल बना दिया

**तेल अवीव/वाशिंगटन।** ईरान ने मंगलवार तड़के तेल अवीव सहित मध्य इजरायल पर मिसाइलों की कई लहरें दागीं, जिससे व्यापक नुकसान हुआ। इसी बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के बीच संभावित वार्ता को लेकर विरोधाभासी बयानों ने पश्चिम एशिया संकट को और जटिल बना दिया है। इजरायली अधिकारियों के अनुसार, आधी रात के बाद 10 घंटे से भी कम समय में ईरान ने सात चरणों में मिसाइल हमले किए। तेल अवीव सहित कई स्थानों पर हमलों के प्रभाव देखे गए, जहां इमारतों को नुकसान, जलते वाहन और घना धुआं देखा गया।

आपातकालीन टीमें तुरंत राहत एवं बचाव कार्य में जुट गईं। डिमोना क्षेत्र में भी एयर रेड सायरन बजाए गए, जो नेगेव परमाणु अनुसंधान केंद्र के निकट स्थित है, जिससे हमलों के दायरे के विस्तार का संकेत मिला है। इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने बताया कि कई स्थानों पर खोज एवं बचाव अभियान चलाया गया और रातभर मिसाइल हमले जारी रहे। इसके साथ ही इजरायल ने भी जवाबी कार्रवाई तेज करते हुए ईरान में 50 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया, जिनमें मिसाइल लॉन्च साइट और सैन्य अवसंरचना शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक ईरान में 3000 से अधिक ठिकानों पर हमले किए जा चुके हैं। कूटनीतिक मोर्चे पर ट्रंप ने दावा किया कि सप्ताहांत में हुई बातचीत के बाद अमेरिका और ईरान के बीच 'महत्वपूर्ण बिदुओं पर सहमति' बनी है और ईरानी ऊर्जा संयंत्रों पर प्रस्तावित हमलों को पांच दिन के लिए टाल दिया गया है। उन्होंने '15 बिंदुओं पर सहमति' की बात भी कही और तनाव कम होने के संकेत दिए। ईरान ने कुछ ही समय में इन दावों को तुरंत खारिज करते हुए कहा कि ट्रंप प्रशासन के साथ 'कोई वार्ता' नहीं हुई है, जिससे संभावित समझौते को लेकर संदेह और बढ़ गया है। इन विरोधाभासी बयानों के बीच वैश्विक अनिश्चितता बढ़ गई है, हालांकि ट्रंप के बयान के बाद तेल की कीमतों में कुछ नरमी आई और एशियाई बाजारों में शुरुआती बढ़त दर्ज की गई। इस बीच, मिसाइल हमलों के चलते इजरायल की संसद (नेस्सट) की कार्यवाही भी कुछ समय के लिए रोकनी पड़ी, जिसे बाद में फिर शुरू किया गया। मौजूदा घटनाक्रम को संघर्ष के सबसे तीव्र चरणों में से एक माना जा रहा है, जहां एक ओर सैन्य कार्रवाई जारी है, वहीं कूटनीतिक संकेत अभी भी अस्पष्ट बने हुए हैं।





## ईरान में गैस प्लांट और पाइपलाइन पर हमला

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 25वां दिन हैं। ईरान में मंगलावर को कई जगह एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमला हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान के इस्फहान शहर में गैस प्लांट और गैस कंट्रोल स्टेशन को निशाना बनाया गया। इसके अलावा खोर्रमशहर के पावर प्लांट और उसकी गैस पाइपलाइन पर भी हमला हुआ। वहीं लेबनान में ईरान समर्थक उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने आज इजराइल के 5 ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन अटैक किया। हिजबुल्लाह ने बताया कि उसने इजराइली सैनिकों की एक छावनी, रडार

■ हिजबुल्लाह का 5 इजराइली ठिकानों पर मिसाइल अटैक, जंग में अब तक 2663 मौतें

और तोपखाने को निशाना बनाया। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच हालिया बातचीत के बाद 15 मुद्दों पर सहमति बनी है। इन मुद्दों की पूरी लिस्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। उन्होंने ईरान के पावर प्लांट पर हमले 5 दिन के लिए टाल दिए, जबकि इससे पहले होर्मुज खोलने के लिए 48 घंटे की चेतावनी दी थी। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि तेहरान और वॉशिंगटन के बीच कोई बातचीत नहीं हो रही है।

## अमेरिका-इजरायल के अलावा अन्य देशों के जहाजों को निकलने का रास्ता दिया जाएगा: पेजेशकियान

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका और इज़रायल को छोड़कर अन्य देशों के जहाजों को होर्मुज़ जलडमरूमध्य से गुज़रने की अनुमति देने के लिए कई कदम उठाए हैं। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियान के कार्यालय ने यह जानकारी दी है। पेजशकियान ने सोमवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ के साथ हुई फोन वार्ता में कहा कि किसी भी सूरत में, ईरान ने इस जलमार्ग से जहाज़ों के पार होने के लिए सुरक्षा एवं रक्षा के इंतजाम किये गये हैं। शत्रु देशों को छोड़कर अन्य देशों के जहाजों को इस रास्ते से गुज़रने के लिए आवश्यक सहयोग दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इज़रायल ने 28 फरवरी को ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए। इन हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई सहित कई लोगों की मौत हुई।

# रूस ने यूक्रेन पर रातभर में 400 ड्रोन दागे, चार की मौत



**कीव।** रूस ने मंगलवार को यूक्रेन पर बड़ा ड्रोन और मिसाइल हमला किया, जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 27 लोग घायल हुए। यूक्रेन की वायुसेना के मुताबिक, रूस ने रातभर में करीब 400 ड्रोन दागे, जो हाल के हफ्तों के सबसे बड़े हमलों में से एक है।

इसके अलावा 23 क्रूज मिसाइल और 7 बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागी गईं, जिनसे देश के कई इलाकों को निशाना बनाया गया। राजधानी कीव पर दिन में भी ड्रोन हमले हुए। यूक्रेन के सेना प्रमुख ओलेक्सांद्र सिरस्की ने कहा कि रूस कई मोर्चों पर एक साथ हमला कर रहा है और नई सैन्य कार्रवाई की तैयारी में है। करीब 1250 किलोमीटर लंबी सीमा पर लड़ाई जारी है। रूस पहले ही यूक्रेन के लगभग 20 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर चुका है, जिसमें क्रीमिया भी शामिल है। वहीं, यूक्रेन भी ड्रोन हमलों से जवाब दे रहा है और अपने सहयोगी देशों से एयर डिफेंस सिस्टम की मांग कर रहा है। अमेरिका के टेक्सास राज्य के पोर्ट आर्थर शहर में स्थित वैलेरो ऑयल रिफाइनरी में सोमवार रात बड़ा धमाका हुआ, जिसके बाद वहां भीषण आग लग गई और आसमान में काला धुआं फैल गया। रिपोर्ट के मुताबिक, आसपास के लोगों ने तेज धमाके की आवाज सुनी, जिससे उनके घर हिल गए। इसके बाद इमरजेंसी टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। यह रिफाइनरी रोजाना करीब 4.35 लाख बैरल कच्चे तेल को प्रोसेस कर पेट्रोल, डीजल और जेट फ्यूल बनाती है। अधिकारियों के अनुसार, यह विस्फोट एक हीटर में खराबी के कारण हुआ। घटना के बाद शहर के पश्चिमी हिस्से में 'शेल्टर-इन-प्लेस' आदेश जारी किया गया है। लोगों को घरों के अंदर रहने, दरवाजे-खिड़कियां बंद रखने और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने को कहा गया है। हालांकि, अब तक किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

## ऑस्ट्रेलिया-ईयू के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता

**कैनबरा/ब्रसेल्स।** ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय संघ (ईयू) ने लगभग आठ वर्षों की बातचीत के बाद एक 'ऐतिहासिक' मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दे दिया है, जिससे दोनों पक्षों के बीच बाजार पहुंच को बढ़ावा मिलेगा, आयात शुल्क में कटौती होगी और आर्थिक संबंध गहरे होंगे।

इस समझौते की घोषणा ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने की। सुलेयेन ने इस समझौते को दोनों पक्षों के बीच 'बढ़ते रणनीतिक संबंधों' को मजबूत करने और 'खुले एवं नियम-आधारित व्यापार' को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। समझौते के तहत, ईयू को किया जाने वाला लगभग 98 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई निर्यात शुल्क मुक्त प्रवेश पा सकेगा। इससे ऑस्ट्रेलियाई कृषि, विनिर्माण और महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्रों को काफी बढ़ावा मिलेगा। ऑस्ट्रेलियाई किसानों को वाइन, डेयरी, सीफूड, अनाज, फल और नट्स जैसे उत्पादों पर आयात शुल्क हटने से लाभ होगा, जिसमें अकेले वाइन निर्यातकों को सालाना लगभग '3.7 करोड़ डॉलर' का लाभ होने की उम्मीद है। यह समझौता बीफ, भेड़ के मांस, चीनी और डेयरी जैसे प्रमुख उत्पादों के लिए विस्तारित कोटा के माध्यम से 'सार्थक पहुंच' सुनिश्चित करेगा।

## अमेरिका ने अपने नागरिकों से जल्द से जल्द इराक छोड़ने को कहा

**बगदाद।** इराक में अमेरिकी दूतावास ने एक नया परामर्श जारी कर अमेरिकी नागरिकों से तुरंत इराक छोड़ने का आग्रह किया है। इस परामर्श में ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों से बढ़ते खतरों और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए निरंतर जोखिमों का हवाला दिया गया है। एक अद्यतन नोटिस में, दूतावास ने कहा कि ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों ने इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र सहित पूरे इराक में अमेरिकी नागरिकों और 'हितों' को निशाना बनाते हुए व्यापक हमले किए हैं। अमेरिका ने 'यात्रा न करने' संबंधी अपनी लेवल चार की चेतावनी को दोहराते हुए सलाह दी है कि किसी भी कारण से इराक की यात्रा न करें। यदि आप वहां हैं तो अभी निकल जाएं।

# पाकिस्तान बना दुनिया का सबसे प्रदूषित देश

## भारत का लोनी सबसे प्रदूषित शहर रहा

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** लोनी को दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक होने का तमगा मिला है। एक ताजा रिपोर्ट में पाकिस्तान को 2025 में सबसे ज्यादा प्रदूषित देश बताया गया है।

मंगलवार को स्विस कंपनी **IQAir** की रिपोर्ट में बताया गया कि देश में पीएम2.5 नाम के पार्टिकुलेट मैटर का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सुझाए गए स्तर से 13 गुना ज्यादा दर्ज किया गया है। ये कण जलने की प्रक्रियाओं, औद्योगिक प्रक्रियाओं और धूल से आते हैं और इनसे सेहत से जुड़ी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जिन 143 देशों और क्षेत्रों की निगरानी की गई है उनमें से 130 देश डब्ल्यूएचओ के मानकों को पूरा करने में नाकाम



रहे। इस सूची में बांग्लादेश दूसरे और ताजिकिस्तान तीसरे स्थान पर रहे। शहरों की बात करें तो 2025 में भारत का लोनी शहर दुनिया का सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर रहा जहां पीएम2.5 का औसत स्तर 11.5 माइक्रोग्राम था। इसके बाद चीन के उत्तर-पश्चिमी शिनजियांग क्षेत्र का होटान शहर रहा जहां यह स्तर 109.6 माइक्रोग्राम था।

### भारत, पाकिस्तान और चीन में दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर

इस रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में से सभी शहर भारत, पाकिस्तान और चीन में ही थे। 2025 में दुनिया के सिर्फ 14 प्रतिशत शहर ही डब्ल्यूएचओ के मानकों को पूरा कर पाए जो पिछले साल के 17 प्रतिशत के मुकाबले कम है। इसकी एक वजह कनाडा के जंगलों में लगी आग थी जिससे पूरे अमेरिका और यहां तक कि यूरोप तक में पीएम2.5 का स्तर बढ़ गया था। 2025 में सिर्फ 13 देश ही पीएम2.5 के औसत स्तर को 5 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से कम रखने के स्टैंडर्ड को पूरा कर पाए जबकि 2024 में ऐसे देशों की संख्या सात थी। जिन देशों ने इस स्टैंडर्ड को पूरा किया उनमें ऑस्ट्रेलिया, आइसलैंड, एस्टोनिया और पनामा शामिल हैं। **IQAir** के मुताबिक 2025 में लगभग 75 देशों में पीएम2.5 का स्तर पिछले साल के मुकाबले कम रहा जबकि 54 देशों में यह स्तर ज्यादा दर्ज किया गया। इस साल का डेटा 2024 के मुकाबले काफी कम है क्योंकि अमेरिका ने बजट की कमी का हवाला देते हुए एक वैश्विक निगरानी कार्यक्रम को बंद कर दिया था।

# कोलंबिया में वायुसेना का विमान क्रैश, 66 की मौत

## 114 कोलंबियाई सैनिक और 11 क्रू मेंबर सवार थे, टेकऑफ के बाद 1.5 किमी दूर गिरा

**बोगोटा।** कोलंबिया में सोमवार को एयरफोर्स का हरक्यूलिस सी-130 विमान टेक-ऑफ के दौरान क्रैश हो गया। हादसे में अब तक 66 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। जबकि 4 सैनिक अभी भी लापता है।

एक सैन्य सूत्र ने एएफपी को बताया कि 58 सैनिक, छह वायुसेना कर्मी और दो पुलिस अधिकारी मारे गए हैं। यह हादसा पेरू सीमा के पास दक्षिणी अमेजन क्षेत्र के प्यूर्टो लेगुइजामो में हुआ। रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने बताया कि विमान रनवे से करीब 1.5 किलोमीटर दूर जाकर गिरा। विमान में 114 सैनिक और 11 क्रू मेंबर सवार थे। कोलंबिया की सेना ने बताया कि इस हादसे में करीब 80 सैनिकों के मारे जाने की आशंका है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने सैन्य विमान हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर हादसा है।



■ सरकार सेना को मजबूत बनाने और बेहतर सुविधाएं देने पर काम कर रही है, ताकि आगे ऐसे हादसे न हों: गुस्तावो

ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए थी और जवानों की सुरक्षा सबसे जरूरी है। सरकार सेना को मजबूत बनाने और बेहतर सुविधाएं देने पर काम कर रही है, ताकि आगे ऐसे हादसे न हों। पेट्रो ने कहा कि सेना के हथियार और संसाधनों को आधुनिक बनाने का फैसला पहले ही लिया जा चुका है, लेकिन प्रशासनिक देरी के कारण इसे लागू नहीं किया जा सका। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर नागरिक या सैन्य अधिकारी इस चुनौती के अनुरूप काम नहीं कर पाए, तो उन्हें हटाया जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि सेना के लिए नए हेलिकॉप्टर, ट्रांसपोर्ट विमान और एंटी-ड्रोन सिस्टम तुरंत खरीदे जाने चाहिए, ताकि जवानों की सुरक्षा तय की जा सके। हादसे के बाद आसपास के गांवों के लोग तुरंत मदद के लिए पहुंच गए। कई लोग मोटरसाइकिल से घायलों को अस्पताल ले गए और आग बुझाने की कोशिश की। घायलों को पहले छोटे क्लीनिक में भर्ती किया गया, फिर उन्हें बड़े शहरों जैसे बोगोटा के अस्पतालों में एयरलिफ्ट किया गया। रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने साफ किया है कि अभी तक किसी आतंकी या हमले के सबूत नहीं मिले हैं। यानी फिलहाल इसे एक हादसा ही माना जा रहा है। हादसे के बाद आग से विमान में मौजूद गोला-बारूद फटने लगा, जिससे हालात और खतरनाक हो गए। एक एविएशन एक्सपर्ट ने बताया कि यह विमान 2020 में अमेरिका ने कोलंबिया को दिया था और कुछ साल पहले इसका पूरा मेंटेनेंस (ओवरहाल) भी किया गया था। इसलिए पहली नजर में ऐसा नहीं लगता कि खराब पार्ट्स की वजह से हादसा हुआ। अब जांच में यह पता लगाया जाएगा कि टेकऑफ के तुरंत बाद विमान के इंजन क्यों फेल हो गए। सी-130 हरक्यूलिस दुनिया के सबसे भरोसेमंद सैन्य परिवहन विमानों में से एक है, जिसका इस्तेमाल सैनिकों, हथियारों और राहत सामग्री को पहुंचाने के लिए किया जाता है।

## ईरान के राष्ट्रपति व पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के बीच बातचीत

**नई दिल्ली।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को फोन पर बातचीत पश्चिमी एशिया के ताजा घटनाक्रम पर चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत 23 मार्च को पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री/विदेश मंत्री इशाक डार और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद हुई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उन्होंने नवीनतम क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा की। उप प्रधानमंत्री/विदेश मंत्री ने क्षेत्र और उससे बाहर शांति, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए संवाद और कूटनीति के महत्व पर जोर दिया। दोनों पक्ष बदलती स्थिति पर निकट संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए। मंगलवार को आई खबरों में कहा गया है कि पाकिस्तान खुद को दोनों युद्धरत पक्षों के बीच मध्यस्थ के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहा है और इस्लामाबाद में बातचीत की मेजबानी करने का प्रयास कर रहा है, हालांकि इन रिपोर्टों की कोई पुष्टि नहीं हुई है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी (एमएनए) ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रपति पेज़ेशकियन और शहबाज शरीफ ने द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय घटनाक्रमों और अमेरिका तथा इजरायल द्वारा किए गए अवैध हमले के क्षेत्रीय एवं वैश्विक सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा की।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108